

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
दैनिक
# विनय उजाला
RNI.Reg. MPHIN/2009/35176
इंदौर
बुधवार, 13 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 17 अंक : 231
कुल पृष्ठ : 12

धीमी ओवर गति के कारण अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख का जुर्माना ...10

...10

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

**भावी तकनीकी नीतियों से विकास को मिल रही नई गति**

## मध्यप्रदेश देश के 'नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब' के रूप में हो रहा स्थापित : डॉ. यादव

विनय उजाला

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश उभरते आईटी राज्य से आगे बढ़ते हुए 'नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी हब' के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। मध्यप्रदेश निश्चित ही आने वाले समय में देश की डिजिटल और तकनीकी अर्थव्यवस्था के प्रमुख ग्रोथ इंजन के रूप में कार्य करेगा।**



राज्य सरकार द्वारा जीसीसी, एआई, सेमीकंडक्टर, ड्रोन, स्पेसटेक तथा एवीजीसी-एक्सआर जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में लागू की गई नीतियां प्रदेश को देश की नई तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित कर रही हैं। इन नीतियों से प्रदेश में वैश्विक निवेश को प्रोत्साहन मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार, नवाचार एवं कौशल विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित विकास मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने 'ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पॉलिसी-2025' लागू की है। इस नीति से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को टेक्नोलॉजी, अनुसंधान, एनालिटिक्स और साझा सेवाओं के केंद्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा पूंजीगत सब्सिडी, भूमि रियायत, किराया सहायता और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए वेतन अनुदान जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहरों में विकसित हो रहा आधुनिक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदेश को निवेश के लिए आकर्षक बना रहा है।

**प्रदेश सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में निरंतर बढ़ रहा आगे :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। 'मध्यप्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2025' के माध्यम से चिप डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, अनुसंधान एवं विकास और डिजाइन आधारित स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। भोपाल और ग्वालियर में पीसीबी मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की स्थापना के लिए हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव इस क्षेत्र में बढ़ते विश्वास को दर्शाते हैं। सरकार उच्च शिक्षण संस्थानों में वेरी लार्ज स्केल इंटीग्रेश (वीएलएसआई) चिप डिजाइन और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण से जुड़े विशेष पाठ्यक्रम भी शुरू कर रही है जिससे भविष्य के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार हो सके।

### ड्रोन तकनीक से बढ़ रही प्रशासनिक दक्षता

'ड्रोन प्रमोशन एंड यूसेज पॉलिसी-2025' से प्रदेश में ड्रोन निर्माण और ड्रोन आधारित सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि, भू-अभिलेख, आपदा प्रबंधन, ट्रैफिक मॉनिटरिंग, खनन और वन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। साथ ही 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' से युवाओं को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

### एआई आधारित गवर्नेंस को मिल रहा बढ़ावा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार एआई आधारित गवर्नेंस मॉडल पर भी तेजी से कार्य कर रही है। 'रीजनल एआई इम्पैक्ट समिट-2026' के माध्यम से प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नागरिक सेवाओं और डेटा विश्लेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे प्रशासन में पारदर्शिता, गति और कार्यकुशलता को नई मजबूती मिलेगी।

### 18 हजार करोड़ के तकनीकी प्रस्ताव प्रक्रियाधीन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार वैश्विक निवेशकों और तकनीकी कंपनियों के साथ सक्रिय संवाद स्थापित कर रही है। मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) को इन तकनीकी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। वर्तमान में प्रदेश में 35 से अधिक बड़े तकनीकी निवेश प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं, जिनकी अनुमानित लागत 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश तकनीक, नवाचार और कौशल आधारित विकास मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जीसीसी, एआई, सेमीकंडक्टर, ड्रोन, स्पेसटेक और एवीजीसी-एक्सआर जैसे क्षेत्रों में लागू की गई नीतियां प्रदेश को देश की नई तकनीकी शक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

**उदयनिधि स्टालिन बोले :**

## सनातन धर्म को खत्म किया जाना चाहिए, यह लोगों को बांटता है...

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु के पूर्व डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि सनातन धर्म को खत्म किया जाना चाहिए। यह लोगों को बांटता है। उन्होंने पहले 2023 में भी सनातन को डेंगू, मलेरिया बताया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मार्च 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई थी। उदयनिधि ने विजय के शपथ ग्रहण समारोह का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि तमिलनाडु के पारंपरिक तमिल आह्वान गीत 'तमिल थाई वाझथु' को कार्यक्रम में तीसरे स्थान पर रखा गया, जबकि परंपरा के मुताबिक इसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। उदयनिधि ने कहा- हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। तमिलनाडु में किसी भी सरकारी कार्यक्रम में तमिल थाई वाझथु को पहला स्थान मिलना चाहिए।



इससे पहले उदयनिधि स्टालिन ने 2 सितंबर 2023 को एक कार्यक्रम में सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिया था। उदयनिधि ने कहा- सनातन धर्म मच्छर, डेंगू, फीवर, मलेरिया और कोरोना जैसा है, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता, बल्कि उन्हें खत्म करना जरूरी होता है। विवाद बढ़ने पर उदयनिधि ने कहा कि मैं हिंदू धर्म नहीं सनातन प्रथा के खिलाफ हूं। तमिलनाडु में पिछले 100 सालों से सनातन धर्म के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। हम अगले 200 सालों तक भी इसके खिलाफ बोलना जारी रखेंगे। अतीत में कई मौकों पर अंबेडकर, पेरियार भी इसके बारे में बोलते रहे हैं।

## सुवेंदु अधिकारी के पीए मर्डर केस की जांच सीबीआई करेगी



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। सीबीआई ने केस अपने हाथ में लेते ही 7 मेंबर्स की स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम बनाई है। टीम की अगुआई डीआईजी रैंक के अधिकारी करेंगे। इस केस में अब तक बिहार और यूपी से 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं।

## पश्चिम एशिया संकट पर पवार बोले- मोदी सर्वदलीय बैठक बुलाएं



**मुंबई, एजेंसी।** शरद पवार ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट पर पीएम नरेंद्र मोदी से सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित के मामलों में सभी दलों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना जरूरी है। पवार ने एक्स पर लिखा- पीएम मोदी ने जनता से सोना न खरीदने और पेट्रोल-डीजल कम खर्च करने की अपील की है। इससे अर्थव्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ सकता है। इन घोषणाओं से आम लोगों और कारोबारियों में बेचैनी बढ़ी है। ज्वेलरी काउंसिल का कहना है कि पीएम को उनसे बात करनी चाहिए थी। पीएम की अपील से उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। दरअसल, पीएम मोदी ने लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की।

## एक महीने पहले हुआ था जन्म...कूनो में चीता शावकों की मौत, शव खाए मिले

श्योपुर, एजेंसी

श्योपुर कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता केपीजी-12 के चार शावकों की मौत हो गई। मंगलवार सुबह मॉनिटरिंग टीम को डेन साइट (मांद) के पास चारों शावकों के शव मिले। वन विभाग के मुताबिक शव आंशिक रूप से खाए हुए थे, जिससे किसी जंगली जानवर के शिकार की आशंका जताई जा रही है। शावकों का जन्म 11 अप्रैल को हुआ था। टीम ने उन्हें 11 मई की शाम आखिरी बार जीवित देखा था। मौत के सही कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा। वन विभाग ने बताया कि मादा चीता केपीजी-12 पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है। इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। कूनो में अब



50 चीते बचे हैं, जिनमें 33 भारत में जन्मे चीते हैं। गांधी सागर अभयारण्य में 3 चीते मौजूद हैं। देश में चीतों की कुल संख्या अब 53 हो गई है।

फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत की असली वजह साफ हो सकेगी। वन विभाग की टीम लगातार उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल चीता सामान्य व्यवहार कर रही है, लेकिन सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।



## संक्षिप्त समाचार

### भस्म आरती में शामिल हुई अभिनेत्री तमन्ना भाटिया



**उज्जैन, निप्र।** दक्षिण भारतीय और बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार तड़के प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। उन्होंने भगवान महाकाल की प्रसिद्ध भस्म आरती में शामिल होकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। तमन्ना भाटिया मंगलवार सुबह करीब 3 बजे मंदिर पहुंचीं। वे नंदी हाल में विराजमान होकर पूर्ण भक्ति भाव से भस्म आरती में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने मस्तक पर चंदन लगाए हुए भगवान महाकाल की भक्ति में पूरी तरह लीन रहते हुए आरती का दिव्य नजारा देखा। अभिनेत्री करीब दो घंटे तक भस्म आरती में उपस्थित रहीं। आरती समाप्त होने के बाद तमन्ना ने नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना अर्पित की। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के माध्यम से जल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। आरती के बाद तमन्ना भाटिया ने कहा कि भगवान ने मुझे बुलाया था। बाबा महाकाल के बुलावे पर ही भक्त यहां आते हैं। यहां आकर बहुत अच्छा लगा। जो आरती देखने को मिली, उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकती। आरती में शामिल होकर बहुत ऊर्जा मिलती है। सब लोग एक साथ बैठकर जिस तरह आरती देखते हैं, ऐसा दृश्य कहीं और देखने को नहीं मिलता। मंदिर परिसर में अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखा गया। भस्म आरती के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी विशेष रूप से चाक-चौबंद रखी गई थी।

### सूने मकान से नकदी व जेवर चुराये

**उज्जैन, निप्र।** नागदा रोड स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में चोरी की वारदात सामने आई है। फरियादी रईस खां ने बताया कि 11 मई की रात उनका पूरा परिवार ग्राम दौलतगंज खेड़ा (ताल) में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। इसी सूनेपन का फायदा उठाकर चोरों ने उनके घर में धावा बोल दिया। इस घटना ने पुलिस की डायल 112 और थाना मोबाइल की गश्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में लगातार हो रही इन वारदातों ने यह साबित कर दिया है कि पुलिस की रात्रि गश्त केवल औपचारिकता बनकर रह गई है, जिसका फायदा उठाकर अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### वकील के घर ताले टूटे, घर से लाखों की चोरी

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में इन दिनों चोर गिरोह सक्रिय है, जिससे आम जनता में दहशत का माहौल है। पुलिस की रात्रि गश्त की दावों की पोल खोलते हुए चोरों ने शनिवार रात फिर दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया। पहली घटना में चोरों ने एक वकील के सूने मकान को निशाना बनाया और ताले तोड़ दिए। आहट होने के कारण वे अंदरूनी ताले नहीं तोड़ सके। दूसरी वारदात हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में विकास पांडे के घर हुई, जहाँ चोरों ने लंबा हाथ मारा। पांडे ने बताया कि वह रात को अपने पुराने मकान सोने गए थे, देर रात 3:16 से 3:40 के बीच चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अलमारी साफ कर दी। चोर 2 लाख रुपए नकद, 35 ग्राम सोना, 300 ग्राम चांदी और वाई-फाई राउटर लेकर फरार हो गए।

### एटीएम कार्ड बदलकर की धोखाधड़ी

**उज्जैन।** फ्रीगंज क्षेत्र की राजस्व कॉलोनी में रहने वाले अशोक शर्मा के साथ एटीएम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। घटना मालीपुरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम की है। अशोक शर्मा 17 अप्रैल को रुपए निकालने गए थे, जहाँ एक अज्ञात युवक ने मदद के बहाने उनका पिन नंबर देख लिया और चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। आरोपी ने उनके खाते से 56 हजार रुपए निकाल लिए। जांच के बाद देवासगेट पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### अधिवक्ता परिषद चुनाव के लिए हुआ मतदान

**उज्जैन, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्यों के चयन के लिए मंगलवार को कोर्ट परिसर में चुनावी सरगर्मी तेज रही। सुबह 10 बजे से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया में शहर के करीब 2300 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भीषण गर्मी को देखते हुए अधिवक्ता सुबह से ही मतदान केंद्रों पर पहुँचने लगे थे। कोर्ट परिसर में मतदान के लिए तीन विशेष हॉल बनाए गए हैं। विशेष बात यह रही कि महिला अधिवक्ताओं ने भी बड़ी संख्या में पहुँचकर लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। उज्जैन से इस चुनाव में चार प्रमुख प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं जिनमें संदीप मेहता, आशीष उपाध्याय, अतुल रैना और सुरेंद्र चतुर्वेदी शामिल है।

### महापौर भार्गव ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य तेज करने के दिए निर्देश

# बारिश से पहले पूरी होगी ट्रेजर टाउन सड़क

## वार्ड 78 के निरीक्षण में स्वच्छता, विकास कार्यों और सड़क परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा





विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। पुष्यमित्र भार्गव ने राऊ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 78 का विस्तृत निरीक्षण कर क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं और चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।**

इस दौरान उनके साथ मधु वर्मा, जलकार्य एवं ड्रेनेज प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा, स्थानीय पार्षद ओ.पी. आर्य, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, नगर निगम के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने ट्रेजर टाउन क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क परियोजना का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पहले सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर उसका लोकार्पण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अतिक्रमण और बाधक निर्माण हटाने के निर्देश

महापौर ने सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमणों और अन्य अवरोधक निर्माणों को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा और नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### विकास और जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता

महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सड़कें, स्वच्छ वातावरण, सुगम यातायात और पर्याप्त जल सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों की नियमित निगरानी करने और निर्धारित समय-सीमा में परियोजनाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### विवादित हिस्सों को छोड़कर शेष मार्ग पर तत्काल कार्य पूरा करने के निर्देश

स्थानीय पार्षद ओ.पी. आर्य ने महापौर को बताया कि सड़क निर्माण के दौरान कुछ स्थानों पर चार अलग-अलग पक्षों द्वारा आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। इस पर महापौर ने कहा कि संबंधित स्थलों का निरीक्षण किया जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन हिस्सों पर किसी प्रकार का विवाद नहीं है, वहां तत्काल सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर आवागमन प्रारंभ कराया जाए।

### बिजलपुर स्थित निर्माणाधीन संप का भी किया निरीक्षण

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, अभिषेक बबलू शर्मा तथा स्थानीय पार्षद ने बिजलपुर स्थित निर्माणाधीन संप (सम्पवेल) का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से चर्चा कर कार्य की गति तेज करने के निर्देश दिए। महापौर ने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद पश्चिमी क्षेत्र में लंबे समय से बनी पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा और बड़ी संख्या में नागरिकों को बेहतर जल आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

# निगम की जनसुनवाई में 65 आवेदन हुए प्राप्त



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा निगम मुख्यालय में आज जनसुनवाई की गई। उक्त क्रम में आज निगमायुक्त द्वारा स्वंय अपने कक्ष में निगम के समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभाग प्रमुख के साथ जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा जनसुनवाई मे प्राप्त आवेदनो को तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिये गये। आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा निगम मुख्यालय स्थित कक्ष में जनसुनवाई की गई, जन सुनवाई के दौरान नागरिको द्वारा राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य विभाग, रिमूव्हल विभाग, सीवरेज विभाग, जनकार्य विभाग सहित अन्य विभागो के 65 आवेदन आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत किये गये, आयुक्त द्वारा नागरिको को समक्ष में सुना गया तथा प्राप्त आवेदन को आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# आबकारी की टीम ने कार्रवाई कर लाखों की अवैध शराब पकड़ी



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार आज नियंत्रण कक्ष प्रभारी श्री देवेश चतुर्वेदी एवं उप प्रभारी श्री मनोज अग्रवाल के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अशोक खत्री, गोपाल यादव, जहांगीर खान, धर्मेंद्र जोशी, सी.के. साहू, श्री पवन टिकेकर एवं श्री कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में जिला इंदौर के आबकारी स्टाफ द्वारा वृत्त महू ब क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

### उद्योगपुरी और मंडी में चोरी करने वाला गिरफ्तार

विनय उजाला

**उज्जैन।** चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर बदमाश और उसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी का माल भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने गत 26 मार्च को अमित जैन के उद्योगपुरी स्थित प्रतिष्ठान में चोरी की थी, जबकि दूसरी वारदात 29 अप्रैल को कृषि उपज मंडी में दीपक सोनी के यहाँ चोरी की घटना को अंजाम देकर दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी साहिल उर्फ भेरिया की पहचान की। घेराबंदी कर उसे और उसके नाबालिग साथी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने दोनों चोरियां कबूल कीं। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 40 किलो तांबा स्क्रैप, 2 डीवीआर और नकदी बरामद की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 90 हजार रुपए बताई जा रही है। मुख्य आरोपी साहिल को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

# सच्चे कांग्रेसियों की पार्टी में अब जगह नहीं रही

### भाजपा नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा ने साधा निशाना

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस को तेल लेने भेजने वाले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी पार्टी के एक ब्लॉक अध्यक्ष को सोशल मीडिया पोस्ट करने पर पार्टी से निकालकर साबित कर दिया है कि, उनकी कांग्रेस में अब छोटे और सच्चे कार्यकर्ताओं के लिए जगह नहीं है।**



मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के एक ब्लॉक अध्यक्ष राहुल धाकरे ने वरिष्ठ पत्रकार अरविंद तिवारी जी की पोस्ट पर प्रदेश प्रभारी को लेकर कार्यकर्ताओं की और से प्रतिक्रिया दी थी,उनका बोलना जीतू पटवारी जी को इतना नागवार गुजरा कि उन्हें हाथों हाथ पार्टी से निकाल दिया गया। जबकि खुलेआम कांग्रेस को भाड़ में भेजने का दावा करने वाली नेत्रियां और दिग्विजय सिंह जी जैसे वरिष्ठ नेता को अशिष्ट, अभद्र और अपमानजनक गालियां देने वाले कांग्रेस के शहर अध्यक्ष पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं कीगई। मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने ऐसा करके कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ये संदेश दिया है कि यदि वे अपनी पार्टी कांग्रेस को या दिग्विजय सिंहजी, कमलनाथजी, अजय सिंहजी, अरुण यादव जी जैसे वरिष्ठ कांग्रेसियों को अपमानित कर उनको अपशब्द कह सकते हैं, कांग्रेस की महिला पार्षद राष्ट्रगीत वंदे मातरम का अपमान कर सकती हैं, किंतु यदि किसी ने पटवारी गुटके खास समर्थक पार्टी प्रभारी या प्रदेश अध्यक्ष से सवाल किया तो कांग्रेस के समर्पित आम कार्यकर्ता को पार्टी से निकाल दिया जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि मालवा की संस्कृति है कि सदैव वरिष्ठों का आदर सम्मान बना रहना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से अपील की है कि वह भी अपने आत्म सम्मान के लिए आगे आए आवाज़ उठाएं। हमारा आपको पूरा समर्थन है।

### जनगणना कार्य में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार

**इंदौर, नप्र।** अपर कलेक्टर एवं जनगणना के प्रभारी अधिकारी श्री नवजीवन विजय पवार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर नगर निगम क्षेत्र में संचालित जनगणना कार्य के प्रथम चरण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों एवं प्रगणकों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रगणकों को अपना कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। श्री पवार ने विशेष रूप से उन प्रगणकों को तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए, जिन्होंने अभी तक अपना कार्य शुरू नहीं किया है। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि संबंधित प्रगणक शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**वाणिज्य शाखा ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं. PARKING-RTM -5, अनुबंध का प्रकार - पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. **Type of agreement- Parking Stand, Lot No. PARKINGRTM-DADN-FW-59-24-1 (Dr.Ambedkarnagar),PARKING-RTM-MDS-FW-84-26-1(MandsaurFW), PARKING-RTM-BCH-TW-40-22-3(Bercha),PARKING-RTM-FTDTW-44-23-1(Fatehabad),PARKING-RTM-NAD-MX-9-25-1 (Nagda Main Side), PARKING-RTM-DADN-MX-60-24-1 (Dr.Ambedkar nagar) , PARKING-RTM-BMI-MX-80-26-1 (Bamania TW &FW), PARKING-RTM-SEH-MX-82-26-1 (Sehore TW & FW), PARKING-RTM-KUH-MX-79-25-1 (Khachroad TW,ThW & FW)**,अनुबंध की अवधि-3 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक 25.05.26 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। 0048

Like us on : facebook.com/WesternRly • Follow us on: twitter.com/WesternRly

**कार्यालय नगर पालिका परिषद धार जिला धार (म.प्र.)**

E-mail : cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक/2637/स्टोर शाखा/2026 | धार, दिनांक : 08.05.2026

**:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::**

नगर पालिका परिषद धार निम्न कार्य करवाये जाने हेतु ई-निविदा सूचना शासन के www.gem.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही उपलब्ध रहेगा।

| क्रं. | ऑनलाइन दिनांक क्रमांक | विवरण |
|---|---|---|
| 01 | GEM/2026/ B/7496630 | Power Control Center (PCC) Panel for Power Distribution |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद धार

**कार्यालय नगर पालिका परिषद खरगोन जिला खरगोन (म.प्र.)**

दूरभाष ( कोड-07282 ) 231333, फैक्स - 21333, E-mail : cmokhargone@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक/435/MCK/ई-टेंडर/2026 | खरगोन, दिनांक : 07-05-2026

**:: निविदा सूचना ::**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 506173_1 Dt. 09/05/2026 | स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत नगर सौन्दर्यीकरण हेतु वर्टिकल गार्डन बनाने एवं रिपेयर किये जाने हेतु। | 9.95 लाख | 1) 2,000/- 2) 9,950/- | 22/05/26 5.30 PM |

**नोट :-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

( छाया जोशी ) अध्यक्ष न.पा. परिषद, खरगोन
( भोलू कर्मा ) उपाध्यक्ष न.पा. परिषद, खरगोन
( श्रीमती कविता अरविंद पाटीदार ) सभापति स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन न.पा. परिषद, खरगोन
( सुश्री कमला कोल ) मुख्य नगर पालिका अधिकारी न.पा. परिषद, खरगोन

### संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में डायनासोर नेशनल पार्क को लेकर बैठक आयोजित

# 200 हेक्टेयर क्षेत्र में विस्तारित होगा धार का डायनासोर नेशनल पार्क

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज डायनासोर नेशनल पार्क धार को लेकर वीडियो कान्फ्रेसिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त कार्यालय इंदौर से उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी उपस्थित रही।**

धार से मुख्य वन संरक्षक श्री टी.एन. मिश्रा, जिला वन मण्डलाधिकारी श्री विजय मंथन एवं अभिनव प्रायवेट लिमिटेड के कंसल्टेंट श्री कौश्तुभ कुर्लेकर शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने डायनासोर नेशनल पार्क से संबंधित मास्टर प्लान, बेसलाईन स्टडी और कंसलटेंट द्वारा तैयार प्रस्ताव की समीक्षा की गई। बैठक में डॉ. खाड़े ने बताया कि धार क्षेत्र में पहले से ही 89 हेक्टेयर क्षेत्र में जीवाश्म पार्क है। इस पार्क में जीव-जन्तुओं के जीवाश्म, डायनासोर की हड्डिया, अंडे, मल और इकाइनोडर्मा, मोलस्का, मछली और पोरिफेरा प्रजातियां शामिल हैं, जिन्हें डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान में दर्ज किया गया है। इस डायनासोर पार्क को देखने के लिये पर्यटक आते हैं। अब इसका दायरा बढ़ाया जायेगा, जो 89 हेक्टेयर से बढ़कर 200 हेक्टेयर का हो जायेगा। इस डायनासोर नेशनल पार्क में धार जिले की चार गांवों की जमीनों को शामिल किया गया है।




### जड़ी बूटियों के 1644 पौधे मौजूद

बैठक में बताया गया कि इस क्षेत्र में बड़केश्वर महादेव मंदिर और हनुमान मंदिर जैसे धार्मिक स्थल है, तो वहीं बाघ गुफाएं और बाघ किला जैसे एतिहासिक स्थल है। इस क्षेत्र में अरण्डी, शीशम, सतावर, सागवान जैसे वृक्ष और जड़ी बूटियों के 1644 पौधे मौजूद हैं। इसके अलावा यहां सियार, लोमड़ी, लकड़बग्धा और सांप जैसे जीव-जन्तु भी है। इस क्षेत्र में होटल और रिसोर्ट्स होंगे। टावरों की स्थापना होगी। सड़कों का चौड़ीकरण के साथ नये सड़कों का निर्माण होगा। साथ ही रात के समय वाहनों की आवाजाही होगी। इस पार्क के विस्तारित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। इस पार्क में उत्खनन, ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग, जलाऊ लकड़ी का व्यवसायिक उपयोग, ईंट भट्टों की स्थापना, प्राकृतिक जल निकायों में अनुपचारित अपशिष्टों का निर्वहन जैसी गतिविधियां पर प्रतिबंध रहेगा।

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

बुधवार, 13 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष– 11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!



मुख्यमंत्री विजय ने सदन को बताया लोकतंत्र का दिल और दिमाग...05

## फर्स्ट कॉलम

### मौसम का मिजाज बदला, समय से पहले आएगा मॉनसून

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। एक तरफ राजस्थान और मध्य भारत भीषण गर्मी की चपेट में हैं, तो दूसरी ओर बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम ने मॉनसून को लेकर उम्मीदें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस बार दक्षिण–पश्चिम मॉनसून तय समय से 4–6 दिन पहले केरल तट पर पहुंच सकता है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार इस बार मॉनसून 25 से 27 मई के बीच केरल पहुंच सकता है। सामान्य तौर पर मॉनसून 1 जून के आसपास केरल तट पर दस्तक देता है, लेकिन बंगाल की खाड़ी के दक्षिण–पश्चिम हिस्से में बने सिस्टम के मजबूत होने से इसकी रफ्तार तेज होती दिखाई दे रही है।

### 15 लाख की इनामी महिला माओवादी बेला को किया गिरफ्तार

**कोलकाता, (हि.स.)।** झारखंड में सक्रिय 15 लाख रुपये की इनामी महिला माओवादी श्रद्धा विश्वास उर्फ बेला को कोलकाता पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स और उत्तर काशीपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर उसे उसके गुप्त ठिकाने से गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि बेला पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के चाकदह इलाके की निवासी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, श्रद्धा विश्वास लंबे समय से माओवादी संगठन के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही थी। उसके खिलाफ झारखंड के अलग–अलग थानों में लगभग 23 मामले दर्ज हैं।

### यमुना नदी में छह लोग डूबे, चार की मौत व दो को बचाया गया

**आगरा, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के आगरा में मंगलवार को यमुना नदी में नहाने के दौरान छह लोग डूब गए। रेस्क्यू के दौरान दो लोगों को बचा लिया गया, लेकिन चार लोगों की डूबने से मौत हो गई। इनमें एक बच्चा भी शामिल है। बताया गया कि सोमवार की शाम आगरा के विद्यापुरम फाउंड्री नगर निवासी सौरभ पुत्र भूरी सिंह नाई की पुत्री नित्या (एक वर्ष) के जन्मदिन का कार्यक्रम था। इस बर्थडे पार्टी में कुछ रिश्तेदार बाहर से आए थे। मंगलवार को सभी यमुना नदी नहाने गये। नहाने के दौरान दो बच्चे नदी की गहराई की ओर जाने लगे और डूबने लगे। बच्चों को बचाने गए अन्य लोग भी डूबने लगे। देखते ही देखते चार लोगों की डुबने से मौत हो गई।

### बड़े ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़, 13.65 करोड़ का माल जब्त

**मुंबई, (हि.स.।** मुंबई पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस के अनुसार लगभग 4 लाख रुपये के रसायनों से करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य का एमडी तैयार किया जा सकता था। इस कार्रवाई में कुल 13.65 करोड़ रुपये का मुद्देमाल जब्त किया गया, जिसमें 13.61 करोड़ रुपये मूल्य का 6.773 किलोग्राम तैयार एमडी शामिल है। इस मामले में अब तक दो महिलाओं समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के खिलाफ नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कलकत्ता हाईकोर्ट में 9 नए जजों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट में नौ नए जजों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। यह फैसला न्यायपालिका में लंबित मामलों के निपटारे और न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। कॉलेजियम ने बैठकों में यह प्रस्ताव पारित किया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) ने की। कॉलेजियम द्वारा जिन नौ वरिष्ठ अधिवक्ताओं के नामों को मंजूरी दी गई है, जिसमें इंद्रनील रॉय, आर्यक दत्त, अतारूप बनर्जी, संदीप कुमार दे, पार्थ प्रतिम रॉय, सुदीप देब, अनुज सिंह, अर्जुन राय मुखर्जी, रिशाद मेडोरा शामिल है।

## सीबीआई करेगी पेपर लीक मामले की जांच

# नीट परीक्षा रद्द... 22.79 लाख परीक्षार्थी दोबारा देंगे एग्जाम

कोटा, (हि.स.)

**नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने तीन मई को देशभर में ऑफलाइन मोड में हुई नीट–यूजी, 2026 परीक्षा को मंगलवार को रद्द कर दिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से अनुमति के बाद अब यह परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी, इसके लिये परीक्षार्थियों को दोबारा पंजीयन नहीं करवाना है।**

साथ ही, इसके लिये परीक्षार्थियों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जायेगा। उनके द्वारा जमा राशि भी लौटाई जायेगी। अभ्यर्थियों को नीट–यूजी, 2026 के लिये फिर से प्रवेश पत्र जारी किये जाएंगे।

एनटीए के अनुसार इस वर्ष कुल 22,79,746 परीक्षार्थियों ने नीट परीक्षा दी थी, जिसमें 13,32,928 (58.46 प्रतिशत) छात्रायें एवं 9,46,815 (41.54 प्रतिशत) छात्र शाामिल हुये थे। इस वर्ष 3,38,113 छात्राएं अधिक रहीं। देश के सभी परीक्षा केंद्रों पर 3 मई को हुई इस परीक्षा में राजस्थान के कुछ केंद्रों पर पेपर लीक होने की सूचना मिलने पर केंद्रीय जांच एजेंसियों एवं राजस्थान की स्पेशल आपरेशन ग्रुप ने इसकी गहराई से पड़ताल की। परीक्षा प्रणाली में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए छात्र हित में इसे दोबारा कराने का निर्णय लिया गया है।



### परीक्षा की अगली तिथि जल्द लागू होगी

परीक्षा होने के चार दिन बाद 7 मई देर शाम को एनटीए को राजस्थान के कुछ परीक्षा केंद्रों पर पेपर लीक या परीक्षा से पहले डमी पेपर बेचने जैसी संदिग्ध गतिविधियों के इनपुट प्राप्त हुए। एजेंसी ने मामले की गहराई से जांच और आवश्यक कदम उठाने के लिए सारे दस्तावेज व इनपुट केंद्रीय जांच एजेंसियों को सौंपे। मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से अनुमति मिलने पर यह परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया। परीक्षा की अगली तिथि के लिये वेबसाइट पर अधिकृत सूचना जारी कर दी जायेगी।

### जांच सीबीआई से करवाने के निर्देश

केंद्र सरकार ने परीक्षा के दौरान हुई संभावित गड़बडी की जांच सीबीआई से करवाने के निर्देश दिए हैं, जिसमें एनटीए सभी परीक्षा सामग्री, सारे रिकॉर्ड एवं पूछताछ आदि सीबीआई को सौंपकर पूरा सहयोग करेगी। इस परीक्षा के माध्यम से मेडिकल, डेंटल, आयुष, वेटरनरी और चयनित नर्सिंग कॉलेजों में करीब 2.65 लाख सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। भारत में अब 820 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की लगभग एक लाख 29 सीटें उपलब्ध हैं। इनमें सरकारी मेडिकल कॉलेजों में करीब 63,000 तथा निजी, डीम्ड, अन्य मेडिकल कॉलेजों में लगभग 65,000 सीटें शामिल हैं। इसके अलावा बीडीएस की लगभग 27,926 सीटें हैं। आयुष पाठ्यक्रम में बीएएमएस, बीएचएमएस, बीयूएमएस, बीएसएमएस, बीवीएससी एवं एएच व चयनित बीएससी नर्सिंग के लिए लगभग 67,303 सीटों पर भी नीट–यूजी के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा।

### नासिक से प्रिंटिंग प्रेस संचालक गिरफ्तार

मेडिकल प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा 2026 की प्रश्नपत्रिका लीक मामले में महाराष्ट्र के नासिक का कनेक्शन सामने आया है। इस मामले में नासिक स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस के संचालक की संलिप्तता उजागर हुई है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी नासिक पुलिस आयुक्तालय के क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त किरण चव्हाण, सहायक पुलिस आयुक्त संदीप मिटके और परिमंडल दो के पुलिस उपायुक्त किशोर काले ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी। जांच में सामने आया है कि प्रश्नपत्र नासिक की एक प्रिंटिंग प्रेस में छापा गया था। इसके बाद इस प्रश्नपत्र के हरियाणा, राजस्थान, जम्मू–कश्मीर, बिहार और केरल जैसे राज्यों तक पहुंचने के संदिग्ध रास्ते भी उजागर हुए हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है और और भी लोगों से पूछताछ की संभावना है।

## आरएसएस महासचिव होसबाले ने कहा-

# पाकिस्तान के साथ बातचीत बंद न हो, दोनों देशों में पुराने संबंध

नई दिल्ली, एजेंसी



आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने मंगलवार को दिए इंटरव्यू में पाकिस्तान, मुस्लिमों और पश्चिम एशिया युद्ध समेत अन्य मुद्दों पर बात की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत के दरवाजे पूरी तरह बंद नहीं करने चाहिए। दोनों देशों को एक–दूसरे को वीजा भी देना चाहिए। खेलकूद और व्यापार भी होना चाहिए। दोनों देशों के बीच जनता से जनता के रिश्ते तनाव कम करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

होसबाले ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सांस्कृतिक संबंध पुराने हैं और हम एक ही राष्ट्र रहे हैं। राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व पर भरोसा कम होने के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों, वैज्ञानिकों और सिविल सोसायटी को आगे आना चाहिए। होसबाले ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन ने सनातन खत्म करने की बात कही है। लेकिन सनातन शाश्वत है, सिर्फ इसलिए गायब नहीं हो जाएगा क्योंकि कोई कहता है कि इसे खत्म कर देना चाहिए। होसबाले ने पीएम मोदी का समर्थन करते हुए कहा कि युद्ध जैसी स्थिति हो या न हो, भारतीय जीवनशैली में सादगी और संयम हमेशा होना चाहिए। संकट के समय यह और ज्यादा जरूरी हो जाता है। भारत दुनिया के देशों और नेताओं को शांति और समझदारी का संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### ईरान युद्ध संसाधनों की लड़ाई

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष सभ्यताओं का संघर्ष नहीं बल्कि तेल और संसाधनों को लेकर पैदा हुआ विवाद है। दुनिया के ज्यादातर युद्ध लालच, अहंकार और दूसरों पर कब्जा करने की मानसिकता से जन्म लेते हैं। इतिहास में हर दौर में युद्ध होते रहे हैं और आगे पानी को लेकर भी संघर्ष की आशंका जताई जा रही है। युद्ध मानवता को खत्म नहीं करेंगे, लेकिन मानव जीवन और व्यवस्था को जरूर बदल देंगे।

## विदेश मंत्रालय ने कहा- हमारी जानकारी सच साबित हुई

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक को मिली थी चीन से मदद

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को मिले चीन के समर्थन पर एक बड़ी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि हाल ही में आई वे सभी रिपोर्ट बिल्कुल सही हैं, जिनमें 'ऑपरेशन सिंदूर' के समय चीन द्वारा पाकिस्तान की मदद करने का दावा किया गया था। भारत सरकार को यह बात पहले से ही पता थी और नई रिपोर्ट सिर्फ उस पुरानी जानकारी को सच साबित करती हैं।

हाल ही में चीन के सरकारी मीडिया ने खुद इस बात को कबूल किया है कि मई 2025 में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बीजिंग ने पाकिस्तान को तकनीकी मदद दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को इस मामले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलकर बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन की मदद वाली रिपोर्ट सिर्फ उसी बात को सच साबित करती हैं, जो बात भारत को पहले से ही बहुत अच्छी तरह से पता थी। भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई एक बेहद सटीक और सधी हुई कार्रवाई थी। इसका एकमात्र मकसद पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकवाद के ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करना था।

### भारत ने चीन को किस तरह से कड़ा जवाब दिया है?

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन का बिना नाम लिए उस पर सीधा और करारा प्रहार किया है। रणधीर जायसवाल ने सख्त लहजे में कहा कि जो देश खुद को बहुत जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्हें खुद इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को बचाने की कोशिश करने वालों का समर्थन करने से उनकी अपनी इज्जत और साख पर कोई असर नहीं पड़ता है? भारत ने दुनिया को यह साफ कर दिया है कि आतंकवाद को बचाने वालों का साथ देने वाले देशों की नीयत पर हमेशा बड़े सवाल उठते रहेंगे।

## जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम

# बंगाल में नई नियुक्ति पर राहुल गांधी का बीजेपी–ईसी पर हमला

नई दिल्ली,एजेंसी



पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार की ओर से राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल को मुख्य सचिव नियुक्त किए जाने के बाद सियासी विवाद तेज हो गया है। राहुल गांधी ने इस नियुक्ति को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

राहुल गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत का आरोप दोहराया। उन्होंने लिखा, भाजपा–ईसी के चोर बाजार में जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम। राहुल गांधी का यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों को लेकर विपक्ष पहले से ही चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहा है।

**टीएमसी बोली- अब भी कोई मानता है कि चुनाव निष्पक्ष हुए :** टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने एक्स पर अपनी पोस्ट में, गोखले ने कहा कि इस कदम से पता चलता है कि बीजेपी और ईसीआई 'चुनाव चुराने के मामले में खुलेआम सामने आ रहे हैं' और उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अदालतें अंधी हैं या इसमें मिलीभगत है।

### पुंछ सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम; एक घुसपैठिया ढेर

**पुंछ, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर के पुंछ जिला स्थित मेंढर के कृष्णा घाटी सेक्टर में भारत–पाक नियंत्रण रेखा पर सोमवार को गोलीबारी हुई। सेना ने यहां घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है। इस दौरान सेना ने एक घुसपैठिए को मार गिराया। सूत्रों के अनुसार, घुसपैठिए भारतीय सीमा में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। सेना के जवानों ने उन्हें चुनौती दी और जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी में एक घुसपैठिया मौके पर ही ढेर हो गया। अन्य घुसपैठिए वापस भागने में सफल रहे। घटना के बाद से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान तेज कर दिया है। सेना के जवान पूरी तरह से सतर्क पर हैं।

## चार मंत्रियों के साथ ली सीएम पद की शपथ

# हिमंता बिस्वा सरमा दूसरी बार बने असम के मुख्यमंत्री



गुवाहाटी, एजेंसी

**हिमंता बिस्वा सरमा लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री बने हैं। असम के गवर्नर लक्ष्मण आचार्य ने गुवाहाटी के खानापारा वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई।**

हिमंता के अलावा 4 विधायकों भाजपा के रामेश्वर तेली, अजंता नेओम, एसीपी के अतुल बोरा, बीपीएफ के चरण बोरो ने मंत्री पद की शपथ ली है। इनमें दो बीजेपी और 2 सहयोगी दलों से हैं। शपथ कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत बीजेपी–एनडीए शासित राज्यों के सीएम और कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। हिमंता का पूरा परिवार भी कार्यक्रम में मौजूद रहा।

उल्लेखनीय है कि असम विधानसभा चुनाव 2026 में राजग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 126 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटों पर जीत हासिल की। इसमें भाजपा को 82 सीटें मिलीं, जबकि सहयोगी दलों अगप को 10 तथा बीपीएफ को 10 सीटों पर जीत हासिल करने में सफलता हासिल की।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से सौजन्य भेंट कर मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### पीएम मोदी ने बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हिमंत बिस्व सरमा को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने इसे 'असम के लिए बड़ा दिन' बताते हुए कहा कि हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बेहतरीन प्रशासक के रूप में अपनी पहचान बनाई है और राज्य के लिए कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, 'असम के लिए बड़ा दिन है। लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली है। डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा जी को शपथ लेने पर बधाई। उन्होंने शानदार प्रशासक के रूप में अपनी छाप छोड़ी है और राज्य के लिए अग्रणी काम किए हैं। आने वाले कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

अमेरिका से बचाने के लिए एयरबेस पर रखा...

### पाकिस्तान ने ईरान के एयरक्राफ्ट छिपाने में मदद की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने अमेरिका–ईरान संघर्ष के दौरान ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी। यह दावा सीबीएस न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि अप्रैल में सीजफायर के ऐलान के कुछ दिन बाद ईरान ने कई विमान पाकिस्तान एयरफोर्स के नूर खान एयरबेस भेजे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भेजे गए विमानों में ईरानी एयरफोर्स का आरसी– 130 विमान भी शामिल था। यह लॉकहीड सी– 130 हरक्यूलिस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का खुफिया और निगरानी मिशन वाला वर्जन माना जाता है। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी माना है कि ये विमान उसके एयरबेस पर पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्धविराम के दौरान आए थे और उनका किसी सैन्य अभियान से कोई संबंध नहीं है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने कुछ नागरिक विमान अफगानिस्तान भी भेजे। एक अफगान सिविल एविएशन अधिकारी ने दावा किया कि माहान एयर का एक विमान युद्ध शुरू होने से पहले काबुल पहुंचा था। ईरानी एयरस्पेस बंद होने के बाद वह विमान काबुल एयरपोर्ट पर ही रुका रहा।

## मुस्लिम पक्ष ने सर्वे और मंदिर होने के दावों पर उठाए सवाल

# भोजशाला मामले में हाई कोर्ट में अंतिम सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

विनय उजाला

**इंदौर। मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में बहुचर्चित धार भोजशाला प्रकरण की अंतिम सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गई। करीब दो घंटे से अधिक चली बहस के बाद अदालत ने अपना फैसला 'रिजर्व फॉर ऑर्डर' (सुरक्षित) रख लिया है।**

अब सभी की निगाहें उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय पर टिकी हैं, जो यह तय करेगा कि इस ऐतिहासिक परिसर का धार्मिक स्वरूप और अधिकार किसके पास रहेंगे।







**मुस्लिम पक्ष की दलीलें- वैज्ञानिक रूप से सिद्ध नहीं हुआ है कि यह मंदिर है :** सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा मेनन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े सलमान खुर्शीद ने कड़े तर्क रखे। एडवोकेट शोभा मेनन ने कहा कि अभी तक यह वैज्ञानिक रूप से सिद्ध नहीं हुआ है कि यह मंदिर है, मस्जिद है या कोई जैन शाला। उन्होंने तर्क दिया कि यदि यह मंदिर होता, तो वहां मूर्ति की प्राण–प्रतिष्ठा के प्रमाण मिलते, जो कि अनुपलब्ध हैं। मुस्लिम पक्ष ने दलील दी कि किसी स्थल का धार्मिक स्वरूप तय करने का अधिकार सिविल कोर्ट के पास है, न कि रिट याचिका (अनुच्छेद 226) के तहत उच्च न्यायालय के पास।

**सर्वे रिपोर्ट पर उठाए गए गंभीर सवाल :** एडवोकेट सलमान खुर्शीद और तौसिफ वारसी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की 98 दिनों की सर्वे रिपोर्ट को कटघरे में खड़ा किया। खुर्शीद ने दावा किया कि सर्वे के दौरान गौतम बुद्ध की प्रतिमा मिली थी, लेकिन एएसआई की रिपोर्ट में इसका उल्लेख नहीं किया गया। साथ ही, कार्बन डेटिंग तकनीक का इस्तेमाल न करने पर भी आपत्ति जताई गई। मुस्लिम पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्हें सर्वे की औपचारिक सूचना नहीं दी गई। साथ ही, आधुनिक तकनीक के बजाय पुरानी 'टोटल स्टेशन' विधि के उपयोग और वीडियोग्राफी की स्पष्टता पर भी सवाल उठाए।

### हिंदू पक्ष ने साक्ष्यों के आधार पर भोजशाला को मंदिर बताया

याचिकाकर्ता रंजना अग्निहोत्री और हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता विष्णुशंकर जैन व विनय जोशी पहले ही अपने तर्क रख चुके हैं। उन्होंने 98 दिनों के वैज्ञानिक सर्वे और ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर भोजशाला को वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर बताते हुए पूर्ण अधिकार की मांग की है। एएसआई ने भी कोर्ट में अपनी सर्वे रिपोर्ट का बचाव करते हुए उसे मजबूती से प्रस्तुत किया है। गौरतलब है कि यह विवाद 2022 में दायर एक याचिका के बाद दोबारा चर्चा में आया था। वर्ष 2024 में एएसआई ने अदालत के आदेश पर परिसर का व्यापक वैज्ञानिक सर्वे किया था। इससे पहले, 23 जनवरी 2026 को वसंत पंचमी के अवसर पर उच्चतम न्यायालय ने परिसर में पूरे दिन पूजा–अर्चना की विशेष अनुमति दी थी। फिलहाल, दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अब उच्च न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# सम्पादकीय

## कितना सही है यूपी सरकार का बेहतर कानून व्यवस्था का दावा?

उत्तरप्रदेश सरकार यह दावा करती आई है कि राज्य में कानून व्यवस्था बेहतर है, लेकिन हत्या की वारदात का सिलसिला थम नहीं रहा है। खासकर महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। चंदौली जिले में सोमवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती महिला की गोली मार कर हत्या कर देने की घटना ने आम नागरिकों की सुरक्षा पर फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पता चलता है कि राज्य में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। अपराधी हथियार लेकर सड़कों पर बेखौफ घूम रहे हैं और कभी भी बड़ी वारदात को अंजाम दे देते हैं। सवाल है कि अगर राज्य में कानून व्यवस्था के अनुपालन में वास्तव में सख्ती बरती जाती, तो क्या कोई अस्पताल में घुस कर महिला की हत्या कर सकता था? अपना इलाज करवाने के बहाने अस्पताल में घुसे हमलावर ने महिला पर गोली चलाने के बाद परिसर में हवा में भी गोलियां चलाईं और भागने की कोशिश की। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। उत्तर प्रदेश में हत्या की घटनाएं जिस तरह से बढ़ी हैं, उससे लगता है कि सड़क से लेकर घर और अस्पताल में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। पिछले दिनों संभल जिले में कुछ लोग एक युवक को घर से खींच कर ले गए थे और बाद में सड़क पर उसकी हत्या कर दी गई थी। राज्य में इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। सवाल है कि सरकार के दावों के बरक्स आखिर अपराधियों के भीतर कानून का खौफ क्यों नही है? जाहिर है कि इसके पीछे पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही जिम्मेदार है। पुलिस तंत्र में तालमेल और त्वरित कार्रवाई का अभाव साफ नजर आता है। पुलिस के अपराध नियंत्रण के ढांचे में खामियों का फायदा अपराधी उठा रहे हैं। इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि सरकारी हो या निजी अस्पताल, वहां सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जाने चाहिए। अगर कोई अपराधी हथियार लेकर अस्पताल के अंदर दाखिल होता है, तो यह वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही को उजागर करता है। ऐसे में राज्य सरकार को अपराध पर नियंत्रण के लिए सही मायने में ठोस कदम उठाने होंगे।

## दैनिक विनय उजाला सुविचार

जो लोग आपकी निंदा करते हैं उन्हें करने दो,
क्योंकि धूल चाहे कितनी ऊंची उड़ जाए,
आसमान को मैला नहीं कर सकती।

**- दीपक शास्त्री, बेंगलुरू**

जो सच्चा है, वो अकेला है,
जो झूठा है, उसके पास दुनिया है।

**- राशि परिहार, इंदौर**

प्रतिभावान व्यक्ति चालबाज नहीं होता,
जितनी प्रतिभा होगी, व्यक्ति उतना साफ-सुथरा होगा।
प्रतिभा को चालबाजी की जरूरत ही नहीं होती,
चालबाजी की जरूरत प्रतिभाहीन को होती है,
क्योंकि वह चालबाजी से प्रतिभा की कमी पूरी करता है।

**- आदित्य पाण्डेय, भोपाल**

गलतियां भी इंसान की हस्ती से नापी जाती है,
हस्ती बड़ी हो तो गलती छोटी हो जाती है,
हस्ती छोटी हो तो गलती बड़ी।

**- विकास शर्मा, मंदसौर**

साधारण व्यक्ति हमेशा भगवान को कहता है
मुझे इस दुख से छुड़ाओ, ओर जो महान होगा वो हमेशा यही
कहेगा मुझे इस दुख से लड़ने में सफलता मिले।

**- लता मालवीय**

पत्ते का गिरना तो हवा तय करती हैं,
लेकिन इंसान का गिरना
उसके वक्त और अपने तय करते हैं।

**- अब्दुल सलाम कुरैशी, गुना**

मतलबी इंसान की हमदर्दी,
दुश्मन की तलवार से ज्यादा खतरनाक है।

**- देवकीनंदन शर्मा**



## तेरा इन्तजार

तू आए के...
या न आए...
दरवाजे पर हर वक्त
निगाह होती है।
तू और तेरी तस्वीर ,
निगाहों में न हो फिर भी,
तेरी झलक दिल के
करीब होती है।
ये मेरे अपने,
मेरे एहसासों की दुनियां में
हर वक्त,तेरी
सरसरी जरूर होती है।
आ... और आकर मिल
कभी हकीकत में ,
और देख, मेरी दीवानगी
कैसी होती है।
तुझसे मिले, न मिले
वक्त की बात है, पर
हर वक्त तेरे आने की
'आस' जरूर होती है।



दैनिक विनय उजाला

**- चंद्रकांति आर्य**

**विशेष सम-सामयिक**

भारत को इस सम्मेलन को अत्यंत सतर्क दृष्टि से देखना होगा। अमेरिका और चीन दोनों भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं- एक रणनीतिक साझेदार है, तो दूसरा सबसे बड़ा पड़ोसी और बड़ा व्यापारिक भागीदार। यदि अमेरिका और चीन के बीच किसी प्रकार की सामरिक समझ बनती है, तो इसका प्रभाव भारत की इंडो-पैसिफिक भूमिका, क्वाड की सक्रियता और सीमा संबंधी समीकरणों पर पड़ सकता है।

### ट्रंप-शी शिखर सम्मेलन

# दो महाबलियों के मिलन के निहितार्थ



दैनिक विनय उजाला

**- संजय श्रीवास्तव**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विज्ञान व तकनीकी विषयों के जानकार हैं )**
**इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**



डोनाल्ड ट्रंप और शी जिनपिंग अपने देशों की आपसी होड़ को भुलाकर एक बड़ा, ऐसा ऐतिहासिक, समझौता कर सकें जिसमें संतुलित व्यापार, चीनी बाज़ार में असली मौके और पूर्वी एशिया में अमेरिकी सेना की कटौती का कुछ मिला-जुला रूप शामिल हो, ऐसा 'ग्रैंड बार्गेन' मुमकिन नहीं लगता। ट्रंप तनावपूर्ण व्यापारिक शांति को ही आगे बढ़ा पाएं इतना ही बहुत होगा। फिर भी भारत को इस सम्मेलन को अत्यंत सतर्क दृष्टि से देखना होगा।,

अमेरिकी राष्ट्रपति और चीन के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग की 14 और 15 मई 2026 को बीजिंग की प्रस्तावित मुलाकात इस साल संभावित चार मुलाकातों में से पहली होगी। एक-दूसरे को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के डर से प्रेरित ये मुलाकातें, बदलती वैश्विक शक्ति-संरचना की दिशा तय करने वाली हो सकती हैं। ट्रंप कहते हैं कि अमेरिका और चीन ही वो दो महाशक्तियां हैं, जो दुनिया का नेतृत्व कर रही हैं। इसलिये भारत समेत तमाम देश इस पर निगाहें लगाए हुए हैं। यह वार्ता ऐसे समय हो रही है, जब अमेरिका-चीन संबंध, व्यापार युद्ध, तकनीकी प्रतिस्पर्धा, ताइवान, दक्षिण चीन सागर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर नियंत्रण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला जैसे मुद्दों पर तीव्र तनाव के दौर से गुजर रहे हैं। चीन की अर्थव्यवस्था धीमी पड़ रही है, रियल एस्टेट संकट बना हुआ है, विदेशी निवेश घटा है और पश्चिमी देशों में चीन के प्रति अविश्वास बढ़ा है। दूसरी ओर अमेरिका भी राजनीतिक ध्रुवीकरण, चुनावी तनाव और बढ़ते कर्ज से जूझ रहा है।

चीन संभवत: यह मानता है कि अमेरिका पहले जितना अजेय नहीं रहा, लेकिन वह अभी भी सैन्य, तकनीकी और वित्तीय दृष्टि से बेहद खतरनाक प्रतिद्वंद्वी है। इसलिए बीजिंग सीधी टक्कर के बजाय रणनीतिक दबाव की नीति अपना सकता है। चीन अमेरिका को आर्थिक निर्भरता, दुर्लभ खनिजों, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और क्षेत्रीय गठबंधनों के माध्यम से दबाने की कोशिश कर सकता है। वहीं अमेरिका की रणनीति पूर्ण अलगाव नहीं बल्कि नियंत्रित प्रतिस्पर्धा और तकनीकी बढ़त बनाए रखने की होगी। इसलिए यह बैठक सहयोग से अधिक नियंत्रित प्रतिस्पर्धा का प्रयास मानी जाएगी जिसका असर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर रक्षा सुरक्षा, व्यापार, व्यवसाय और आपूर्ति श्रृंखला के अलावा ताइवान से लेकर ईरान तक हर जगह पड़ सकता है।

भारत को इस सम्मेलन को अत्यंत सतर्क दृष्टि से देखना होगा। अमेरिका और चीन दोनों भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं- एक रणनीतिक साझेदार है, तो दूसरा सबसे बड़ा पड़ोसी और बड़ा व्यापारिक भागीदार। यदि अमेरिका और चीन के बीच किसी प्रकार की सामरिक समझ बनती है, तो इसका प्रभाव भारत की इंडो-पैसिफिक भूमिका, क्वाड की सक्रियता और सीमा संबंधी समीकरणों पर पड़ सकता है। दूसरी ओर यदि तनाव बढ़ता है, तो भारत पर अमेरिकी रणनीतिक अपेक्षाएं और बढ़ सकती हैं। एक साल पहले चीन और अमेरिका एक बहुत बड़े व्यापार युद्ध के कगार पर खड़े थे। अमेरिका ने चीनी सामानों पर 145 फीसद तक का टैरिफ लगा दिया था और चीन द्वारा दुर्लभ खनिज के निर्यात पर लगाए नियंत्रणों से वैश्विक उद्योग पर खतरा मंडरा रहा था। इसी खतरे ने शांति समझौते का रास्ता खोला, जिस पर अक्टूबर 2025 में सहमति बनी।

दोनों ने टैरिफ कम किए, चीन ने 'रेयर-अर्थ' की खेप फिर से भेजना शुरू किया और अमेरिका ने चीन पर और ज़्यादा निर्यात नियंत्रण लगाने से खुद को रोक लिया। दोनों देशों के बीच इन मुद्दों को लेकर इस शांति समझौते के बावजूद तनाव कायम है। व्हाइट हाउस ने एक मेमो जारी किया, जिसमें चीनी संस्थाओं पर अमेरिकी एआई तकनीक की 'बड़े पैमाने पर' चोरी करने का आरोप लगाया और उसने ईरानी तेल खरीदने के लिए पांच चीनी रिफाइनरियों पर प्रतिबंध लगाए। यह उन चीनी फर्मों के लिए एक चेतावनी थी, जो ईरान के साथ सहयोग कर रही हैं। चीन ने ऐसी योजनाओं पर काम जारी रखा है जिनसे अमेरिकी फर्मों के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उसने अमेरिकी प्रतिबंधों का पालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ वित्तीय दंड की धमकी दी। चीन दुर्लभ खनिजों की सप्लाई रोककर वैश्विक उद्योगों को ठप कर सकता है, वहीं अमेरिका हाई-टेक सामानों और वित्तीय लेन-देन पर कड़े प्रतिबंध लगा सकता है। जैसे-जैसे अमेरिका दुर्लभ धातुओं पर चीन की पकड़ तोड़ने की कोशिश कर रहा है, चीन सेमीकंडक्टर उत्पादन को बढ़ावा दे रहा है और डॉलर से खुद को मुक्त करने का प्रयास कर रहा है। वार्ता से उम्मीद जगी है कि दोनों शांति समझौते को आगे बढ़ा पाएंगे।

लगभग एक दशक से व्यापारिक जंग में उलझे हुए दोनों देशों के बीच होने वाली बातचीत का मुख्य मुद्दा व्यापार होगा। संभव है कि अमेरिका चीन में बड़े निवेश की पेशकश करे, दोनों नेता एक द्विपक्षीय निवेश संधि पर सहमत हो जाएं। एक ऐसा समझौता जो सीमा पार निजी निवेश के लिए नियम और शर्तें तय करता हो। इसके पीछे का विचार निवेश की रुकावटों को कम करके विकास को बढ़ावा देना है। इसके ज़रिए वे उन 'संवेदनशील' क्षेत्रों पर काम करने लायक समझौते कर सकते हैं, जिन्हें वे सीमा-पार निवेश के लिए खोलना नहीं चाहते। अमेरिका दोनों देशों के बीच व्यापार प्रबंधन के लिए एक व्यापार बोर्ड चाहता है। नियमित संवाद के लिए यह एक बेहतर तंत्र होगा। दोनों देश 'बोर्ड ऑफ़ ट्रेड' के गठन पर राजी होने की तरफ भी बढ़ सकते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार को संतुलित किया जा सके। अमेरिका के साथ चीन का व्यापार अधिशेष या सरप्लस 2018 के 400 अरब डॉलर से गिरकर पिछले साल लगभग आधा रह गया है। अमेरिका का मानना है कि यह बोर्ड इस अधिशेष को घटाकर शून्य तक ले जाएगा। फिर भी, 'बोर्ड ऑफ़ ट्रेड' का यह विचार काफी कमज़ोर है। अमेरिका के साथ चीन के व्यापार में असंतुलन इसलिए है, क्योंकि चीन ऐसी बहुत ज़्यादा चीज़ें बनाता है जिनकी ज़रूरत अमेरिका को है, जबकि अमेरिका ऐसी बहुत कम चीज़ें बनाता है जिनकी ज़रूरत चीन को है।

अमेरिकी सामान के लिए चीन की चाहत मुख्य रूप से तीन 'बी' पर आकर टिक जाती है- बीफ़, सोयाबीन वाली बीन्स और बोइंग। बीजिंग में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में इन सभी चीज़ों के लिए बड़े-बड़े ऑर्डर दिए जा सकते हैं लेकिन, दोनों देशों के बीच व्यापार में संतुलन लाने के लिए सिर्फ़ इतना ही काफ़ी नहीं होगा। अमेरिका एक 'अधिकार-संपन्न' बोर्ड बनाना चाहता है, वह नहीं चाहता कि चीन इस बोर्ड को सिर्फ़ 'बातचीत का अड्डा' या खरीदारी से जुड़े अपने वादों को टालने का एक ज़रिया बना चाहता है। जबकि चीन एक ऐसा बोर्ड जो व्यापार से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने के लिए मात्र एक 'कार्य-प्रणाली' के तौरपर काम करे। अमेरिका और चीन के बीच की समस्याएं बुनियादी और ढांचागत हैं, शी के विचार भी एक समस्या है। उन्हें पक्का यकीन है कि अमेरिका कमज़ोर पड़ रहा है और दुनिया को उभरते हुए चीन के सामने झुकना चाहिए। चीनी अधिकारी संकेत दे रहे हैं कि ताइवान के मामले में वे जितना अधिक झुकेंगे, चीन व्यापार के मामले में उन्हें उतना ही अधिक रियायत देगा। उन्हें उम्मीद है कि वे इस द्वीप को हथियारों की बिक्री कम कर सकते हैं या यह कह सकते हैं कि वे ताइवान की स्वतंत्रता के खिलाफ हैं। ऐसा होना मुश्किल है।

इस वार्ता से भारतीय हित कई स्तरों पर प्रभावित हो सकते हैं। यदि अमेरिका, चीन के साथ व्यापारिक समझौते करता है, तो चीन प्लस वन रणनीति के तहत भारत को मिलने वाले निवेश अवसर सीमित हो जाएंगे। वहीं यदि तकनीकी और आपूर्ति श्रृंखला प्रतिस्पर्धा तेज होती है, तो भारत को वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र के रूप में लाभ भी मिल सकता है। रक्षा और भू-राजनीति के स्तर पर भारत चाहेगा कि अमेरिका चीन के प्रति पर्याप्त कठोर बना रहे, ताकि एशिया में शक्ति संतुलन बना रहे। फिलहाल तो दोनों सरकारों के बीच तनाव इतना गहरा है कि इस शिखर सम्मेलन से किसी बड़ी सफलता की उम्मीद करना बेमानी है, शायद ज़बरदस्ती की मुस्कुराहटों के अलावा और कुछ हासिल नहीं होगा।

# 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी'

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी अर्थात् — जननी (माता) और जन्मभूमि (मातृभूमि) स्वर्ग से भी श्रेष्ठ हैं। यह भारतीय संस्कृति की अत्यंत प्रसिद्ध उक्ति है, जो मानव के जीवन में माता और मातृभूमि के महत्व को दर्शाती है। यह केवल देशभक्ति का संदेश नहीं देती, बल्कि मनुष्य, प्रकृति, संस्कृति और नैतिक उत्तरदायित्व के गहरे संबंध को भी प्रकट करती है।

यह उक्ति सामान्यत: वाल्मीकि रामायण से संबंधित मानी जाती है। इसमें मातृभूमि को स्वर्ग से भी अधिक महान बताया गया है।

**जननी** - जन्म देने वाली माता
**जन्मभूमि** - वह भूमि जहाँ मनुष्य जन्म लेता है
**स्वर्गादपि गरीयसी** - स्वर्ग से भी अधिक श्रेष्ठ

भारतीय चिंतन में माता और मातृभूमि दोनों को पूजनीय माना गया है, क्योंकि ये केवल शरीर का ही नहीं, बल्कि संस्कार, संस्कृति और अस्तित्व का निर्माण करती हैं।भारतीय परंपरा में पृथ्वी को माता कहा गया है—

**माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः**

अर्थात् — पृथ्वी मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ। यह भावना मनुष्य और प्रकृति के आत्मीय संबंध को प्रकट करती है। भारत में नदियों को माँ, वृक्षों को देवता और पर्वतों को पूजनीय माना गया है। इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय संस्कृति में राष्ट्रप्रेम केवल सीमाओं तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है।

मनुष्य का अपनी जन्मभूमि से भावनात्मक संबंध होता है। यही भूमि उसे भाषा देती है, संस्कृति देती है, पहचान देती है, जीवन-मूल्य प्रदान करती है। इसी कारण भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अनेक वीरों ने मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस आदि महापुरुषों ने राष्ट्र को माता के रूप में स्वीकार कर उसके सम्मान और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। आज जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी की भावना केवल देशप्रेम तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि इसका संबंध पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास से भी जुड़ गया है।

वर्तमान समय में— वनों की कटाई , जल प्रदूषण, मृदा क्षरण, वायु प्रदूषण, प्लास्टिक अपशिष्ट जैसी समस्याएँ पृथ्वी के अस्तित्व के लिए चुनौती बन गई हैं। यदि मनुष्य अपनी जन्मभूमि को माता मानता है, तो पर्यावरण संरक्षण (प्राकृतिक संसाधन) करना भी उसका नैतिक कर्तव्य बन जाता है। भारतीय परंपरा सदैव संतुलित उपभोग की शिक्षा देती है—

**तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा**

अर्थात् — त्याग और संयम की भावना से उपभोग करो। आज आवश्यकता है कि जल, भूमि, वनस्पति, खनिज और ऊर्जा जैसे संसाधनों का उपयोग आवश्यकता के अनुसार और संतुलित रूप से किया जाए।

भारत की पारंपरिक कृषि पद्धतियाँ प्रकृति के अनुकूल रही हैं। जैविक खेती, वर्षा जल संचयन, पशु आधारित खाद और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग आज भी प्रासंगिक हैं। आधुनिक तकनीक और पारंपरिक ज्ञान के समन्वय से मृदा संरक्षण, जल प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण संतुलन को बनाए रखा जा सकता है। यह उक्ति मनुष्य को केवल अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य भी सिखाती है—

- मातृभूमि का सम्मान करना
- प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना
- सामाजिक समरसता बनाए रखना
- आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण छोड़ना

आज इस उक्ति का अर्थ केवल देशप्रेम नहीं, बल्कि— प्रकृति, संस्कृति और राष्ट्र की सामूहिक रक्षा भी है। यदि हमारी नदियाँ प्रदूषित हों, भूमि बंजर हो जाए, वायु विषैली हो जाए और प्राकृतिक संसाधन समाप्त हो जाएँ, तो केवल आर्थिक विकास राष्ट्र को सुरक्षित नहीं रख सकता।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी भारतीय संस्कृति की वह अमूल्य भावना है, जो मनुष्य को अपनी मातृभूमि, प्रकृति और संस्कृति के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और उत्तरदायित्व का संदेश देती है। वर्तमान समय में इस उक्ति का वास्तविक अर्थ पर्यावरण संरक्षण, सतत् विकास और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग में निहित है। यदि हम अपनी जन्मभूमि को सचमुच स्वर्ग से श्रेष्ठ मानते हैं, तो उसकी मिट्टी, जल, वायु और संस्कृति की रक्षा करना हमारा सर्वोच्च कर्तव्य होना चाहिए। यही सच्ची राष्ट्रभक्ति है।

**धरती बचेगी, तभी संस्कृति सजेगी**

दैनिक विनय उजाला

**- डॉ. राखी परम सावलानी**
**शोधकर्ता, विचारक, रचनाकार**
**( इंदौर-मुंबई )**



# गर्मी में स्वाद और सेहत का संगम हैं ये पांच चटनियां

राजकुमार 'दिनकर'

चिलचिलाती धूप और बेदम करती गर्मी का मौसम आते ही खाना कम अच्छा लगने लगता है, एक तरह से गर्मी हमारी भूख मार देती है। लेकिन अगर गर्मी भूख मार देती है, तो कुछ चीजें ऐसी हैं जो न केवल हमारी भूख को बढ़ाती हैं बल्कि हमारी सेहत और स्वाद का भी ख्याल रखती हैं। ये हैं, ऐसी पांच चटनियां जो गर्मियों में खूब इस्तेमाल की जाती हैं और ये गर्मियों में बहुत फायदेमंद भी होती हैं। ...तो आइये एक-एक करके इनकी खासियतों को जानते हैं।



## धनिया-पुदीना की चटनी

यह चिलचिलाती धूप और पसीना निकालती गर्मी के मौसम में ठंडक का खजाना है। पुदीना और धनिया मिलकर ऐसी चटनी बनाते हैं, जो शरीर को तुरंत ठंडक पहुंचाती है। पुदीना पेट को ठंडा करता है, गैस और अपच दूर करता है, वहीं धनिया शरीर में पानी को संतुलित रखने में मदद करती है। इसमें नींबू का रस मिलाने से यह विटामिन सी से भी भरपूर हो जाती है, जिससे गर्मी के दिनों में यह चटनी इम्यूनिटी बूस्टर भी बन जाती है। सबसे बड़ी बात है कि यह चटनी हर चीज में खायी जा सकती है। चाहे पराठे खाएं, चाहे दाल-चावल खाएं, यहां तक कि स्नैक्स ही क्यों न खा रहे हो, इस चटनी को आसानी से खाया जाता है।

## कच्चे आम की चटनी

गांवों में लू से बचने का यह रामबाण नुस्खा है। वैसे भी कच्चे आम को गर्मियों का सुपर फूड कहते हैं। इसकी चटनी न सिर्फ स्वाद में खट्टी-मीठी होती है बल्कि शरीर को लू से बचाने का काम भी करती है। कच्चे आम में मौजूद पेक्टिन और विटामिन सी शरीर को ठंडक देते हैं। इलेक्ट्रोलाइट्स को संतुलित रखते हैं। ये चटनी खास तौरपर उन लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है, जो गर्मियों में अकसर घर से बाहर रहते हैं और कई बार उन्हें धूप लग जाती है। इस चटनी में थोड़ा सा गुड़ या चीनी मिला लें तो इसके स्वाद को दोगुना ज्यादा किया जा सकता है।

## इमली-गुड़ की चटनी

इमली और गुड़ ये दोनो ही चीजें भारतीय खाने का अहम हिस्सा हैं। ऐसे में जब गुड़ और इमली आपस में एक साथ मिलकर चटनी के रूप में सामने आते हैं, तो यह खट्टी-मीठी चटनी हमारे पाचन को दुरुस्त रखती हैं और त्वचा में भी चमक बनी रहती है। दरअसल इमली शरीर की गर्मी कम करती है और गुड़ खून को साफ करता है। इसलिए जहां इमली-गुड़ की चटनी गर्मियों में नियमित इस्तेमाल से हाजमा दुरुस्त रहता है, वहीं शरीर ठंडा रहता है और खून साफ होने की वजह से त्वचा में निखार दिखता है। इस चटनी को भी कई तरह से खाया जा सकता है। दही बड़ों के साथ, समोसे के साथ, चाट के साथ या भेल में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।

## प्याज-टमाटर की चटनी

यह हर मौसम में खाने योग्य चटनी एंटीऑक्सीडेंट का पावर हाउस होती है। जैसा कि हम जानते हैं टमाटर और प्याज दोनो ही गर्मियों के लिए फायदेमंद होते हैं। टमाटर में लाइकोपिन पाया जाता है, जो शरीर को ठंडा रखता है और त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाता है। जबकि प्याज तो गर्मी और लू का रामबाण है ही। टमाटर और प्याज की चटनी का नियमित इस्तेमाल किया जाए विशेषकर गर्मी में तो शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है। हल्के मसालों के साथ इसे रोजाना खाने में शामिल किया जा सकता है।

## नारियल की चटनी

अगर हाइड्रेशन का कोई सबसे बढ़िया प्राकृतिक स्रोत है, तो वह है नारियल की चटनी। दक्षिण भारत में तो यह विशेषकर लोकप्रिय है। वैसे तो हर मौसम में नारियल की चटनी खूब खायी जाती है, लेकिन गर्मियों यह सबसे ज्यादा लाभकारी होती है। क्योंकि इसमें प्राकृतिक पानी और मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट रखते हैं। जब इसमें दही या छाछ मिला दी जाती है तो यह और ज्यादा ठंडक देने वाली बन जाती है। इस चटनी को इडली, डोसा और कई तरह के चावलों के साथ खाया जा सकता है।

### गर्मी में चटनियों का सही उपयोग

- गर्मी में विशेष करके सभी तरह की चटनियां हमेशा ताजी बनाएं और उन्हें ज्यादा समय तक स्टोर न करें, तभी उनके सारे फायदे मिलेंगे।
- इस मौसम में चटनी में अधिक मिर्च और मसाले डालने से बचें ताकि शरीर पर गर्मी का असर न बढ़े।
- नींबू, जीरा, काला नमक ये इस मौसम की चटनियों में जरूर मिलाएं, जिससे स्वाद भी रहता है और पाचन में भी यह मदद करती हैं।
- गर्मियों में हर दिन कम से कम एक बार चटनी का इस्तेमाल जरूर करें।
- ज्यादा खट्टी चटनियों के सेवन से बचें। क्योंकि इनसे एसिडिटी बढ़ती है।

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

# ऊर्जा संकट में सरकार बनी ढाल

- होर्मुज मार्ग बंद होने से दुनिया झुलस रही है ऊर्जा संकट की आग से
- मोदी सरकार ने सूझबूझ से जनता पर नहीं आने दी इस संकट की आंच, खुद उठाया बोझ
- भारत में सामान्य रूप से होते रहे सभी कार्य
- जनता को भी देना होगा धैर्य के साथ देश का साथ

(डॉ. सुयश नारायण मिश्रा हिफी फीचर)

दैनिक विनय उजाला



वैश्विक युद्ध और होर्मुज संकट का असर आज पूरी दुनिया महसूस कर रही है। युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं हैं, उनका असर हर घर की रसोई, हर वाहन के पहिए और हर परिवार के बजट तक पहुंच चुका है। कई देशों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें इतिहास के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगीं, महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी और सरकारें अपने नागरिकों के गुस्से का सामना करने को मजबूर हो गईं।

लेकिन इसी उथल-पुथल के बीच आज युद्ध के लगभग 11 सप्ताह बीतने पर भी भारत में जीवन की सामान्य गति बनी रही, करोड़ों परिवारों के चूल्हे जलते रहे, गाड़ियां चलती रहीं। यह अपने आप नहीं हुआ। इसके पीछे एक ऐसी नीति, ऐसी तैयारी और ऐसी संवेदनशील सोच थी जिसने वैश्विक तूफान के सामने भारत के नागरिकों को ढाल बनकर संरक्षण दिया। जब दुनिया ऊर्जा संकट की आग में झुलस रही थी, तब मोदी सरकार एक संरक्षक की तरह अपने नागरिकों के साथ खड़ी रही। जैसे द्वापर में भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को बचाया था, वैसे ही इस कठिन समय में सरकार ने बढ़ती वैश्विक कीमतों और आर्थिक दबाव का बड़ा हिस्सा स्वयं अपने ऊपर उठाया, ताकि उसका बोझ सीधे जनता की थाली, रसोई और जेब तक न पहुंचे।

यही कारण है कि आज यह संकट केवल आर्थिक प्रबंधन की कहानी नहीं, बल्कि संवेदनशील शासन, दूरदर्शी नेतृत्व और नागरिकों के प्रति उत्तरदायित्व की मिसाल बन चुका है। दुनिया भर में बढ़ती कीमतों का बोझ सीधे जनता पर डाल देना सबसे आसान रास्ता था और कई देशों ने ऐसा ही किया, लेकिन भारत ने यह रास्ता नहीं चुना। मोदी सरकार ने स्वयं भारी आर्थिक दबाव सहा ताकि आम आदमी की रसोई और रोजमर्रा की जिंदगी पर कम से कम असर पड़े। सरकार ने लगभग पेट्रोल पर 24 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल पर 30 रुपये प्रति लीटर का भार वहन किया। 28 फरवरी के बाद से वैश्विक स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई। यूरोप और एशिया के कई देशों में पेट्रोल 30 से लेकर 35 प्रतिशत तक महंगा हुआ, जबकि भारत में कोई बदलाव नहीं किया गया। हांगकांग में आज पेट्रोल सबसे महंगा है। वहाँ एक लीटर की कीमत लगभग 295 रुपये पहुंच गई है, जो 28 फरवरी के बाद 25 प्रतिशत बढ़ी है। सिंगापुर में दाम 30 प्रतिशत बढ़कर करीब 240 रुपये प्रति लीटर हो गया है। नीदरलैंड में पेट्रोल 225 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है, जो 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। युद्धग्रस्त इजराइल में पेट्रोल 30 प्रतिशत महंगा होकर 185 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं भारत में अब भी पेट्रोल की कीमत 95 रुपये प्रति लीटर है।

प्रतिदिन लगभग 1,000 करोड़ का घाटा उठाना कोई साधारण बात नहीं है। अब तक लगभग 68,000 करोड़ का बोझ सरकार और तेल कंपनियों ने अपने ऊपर लिया है। यह आंकड़ा उस संवेदनशील सोच का प्रमाण है जिसमें मोदी सरकार ने पहले नागरिकों की चिंता की और बाद में अपने खजाने की। सोचिए, यदि यही संकट बिना तैयारी के आया होता तो क्या स्थिति होती? रसोई गैस महंगी होती, परिवहन लागत बढ़ती, महंगाई हर घर तक पहुंचती और मध्यम वर्ग से लेकर गरीब तक का बजट डगमगा जाता।

लेकिन साल 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आते ही स्थितियां बदलनी शुरू हुईं। पिछले वर्षों में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर जो दूरदर्शी तैयारी की गई, वही आज देश की ढाल बनकर खड़ी है। तेल भंडार तैयार किए गए, एथनॉल ब्लेंडिंग बढ़ाई गई, वैकल्पिक ईंधन नेटवर्क विकसित हुआ और रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार शुरू हुआ। वैकल्पिक ईंधन के माध्यम से एलपीजी की मांग को 70 से 75 हजार टन प्रति दिन कम किया गया। यह केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि पीएनजी, मिट्टी का तेल, ईंधन तेल और बायोमास की वैकल्पिक अवसंरचना संकट से पहले से तैयार थी। जापान और दक्षिण कोरिया के बाद भारत ही ऐसा देश है जो 30-दिवसीय एलपीजी भंडार की योजना बना रहा है।


इस युद्ध से उत्पन्न संकट से पता चलता है ये हमारी आज की आवश्यकता है। आज भारत के पास 5.33 मिलियन टन का रणनीतिक तेल भंडार है और दूसरे चरण के तहत चंडीखोल, पादुर और बीकानेर में अतिरिक्त भंडारण क्षमता तैयार की जा रही है। यह केवल परियोजनाएं नहीं हैं, बल्कि भविष्य के संकटों से देशवासियों को सुरक्षित रखने की तैयारी है। एथनॉल मिश्रण की नीति ने भी इस कठिन समय में देश को बड़ी राहत दी। 20 प्रतिशत ब्लेंडिंग के कारण भारत विदेशी मुद्रा की भारी बचत कर पा रहा है। संकट के दौरान वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था के जरिए एलपीजी की मांग में प्रतिदिन 70 से 75 हजार टन तक कमी लाई गई। ये कदम बताते हैं कि सरकार ने केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों के लिए भी सुरक्षा का रास्ता तैयार किया है।

युद्ध अब भी जारी है। आने वाले समय में कठिन फैसले लेने पड़ सकते हैं। लेकिन देश को यह नहीं भूलना चाहिए कि जब पूरी दुनिया दबाव में थी, तब भारत सरकार ने अपने नागरिकों को अकेला नहीं छोड़ा। उसने एक अभिभावक की तरह जिम्मेदारी निभाई। सरकारें केवल योजनाओं और घोषणाओं से बड़ी नहीं बनतीं, बल्कि कठिन समय में अपने लोगों के साथ खड़े होने से बड़ी बनती हैं। इस वैश्विक संकट के दौर में भारत ने यही करके दिखाया है। यही कारण है कि आज देश का आम नागरिक सिर्फ राहत महसूस नहीं कर रहा, बल्कि उसके मन में यह भरोसा भी मजबूत हुआ है कि संकट चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, देश उसके साथ खड़ा है। हालांकि यह संकट अभी पूरी तरह टला नहीं है। समय की मांग यह भी है कि देश के नागरिक भी आने वाली चुनौतियों के प्रति सजग, संयमित और तैयार रहें। नागरिकों का कर्त्तव्य है कि ऊर्जा का इस्तेमाल किफायत से करें। वैशिवक संकट के बीच ढाल बनी भारत सरकार का धैर्यपूर्वक साथ दें।

(हिफी)

## संक्षिप्त समाचार

### आआपा ने पंजाब को बनाया भ्रष्टाचार का अड्डा : भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने भगवंत मान सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पंजाब में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि अब जांच की आंच सीधे विजिलेंस मुख्यालय तक पहुंच गई है। चुघ ने कहा कि सीबीआई द्वारा पंजाब विजिलेंस ब्यूरो के मुख्यालय को सील करना इस बात का प्रमाण है कि मान सरकार भ्रष्टाचार में गले तक डूबी हुई है। चुघ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि पहले ईडी ने एक वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था, जिससे पंजाब का सिर शर्म से झुक गया था। चुग ने आरोप लगाया कि केजरीवाल और मान की जोड़ी ने पंजाब को भ्रष्टाचार की मंडी बना दिया है। राज्य में आम आदमी पार्टी (आआपा) संरक्षित माफिया और गैंगस्टर सरेआम लूट मचा रहे हैं। केजरीवाल ने पंजाब को अपना 'एटीएम' बना लिया है, जहां सरकारी खजाने को लूटकर निजी तिजोरियां भरी जा रही हैं। चुघ ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का मान सरकार का दावा महज एक छलावा है। आआपा विधायकों ने अपने घरों में टॉर्चर सेंटर बना रखे हैं, जहां अधिकारियों और आम जनता को प्रताड़ित किया जाता है। अमृतसर में एक वरिष्ठ अधिकारी द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना इसी मानसिक प्रताड़ना का नतीजा थी। चुघ ने हालिया घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि नगर निगमों में अनुबंध के आधार पर होने वाली भर्तियों में आआपा विधायकों के करीबियों द्वारा लाखों की वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि पटियाला में भगवंत मान के चहेते डीआईजी की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी ने खाकी और खादी के उस नापाक गठजोड़ को बेनकाब किया है, जो पंजाब को लूटने में लगा है। चुघ ने पंजाब की जनता से आह्वान किया कि वे केजरीवाल-मान जोड़ी के इन राष्ट्र-विरोधी और असामाजिक मंसूबों को समझें। अब समय आ गया है कि पंजाब के लोग इस भ्रष्ट तंत्र के खिलाफ आवाज बुलंद करें और प्रदेश को बचाने के लिए आगे आएं।

### चरण बोडो फिर बने मंत्री, बोडो भाषा में ली शपथ

**गुवाहाटी, (हि.स.)।** बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के वरिष्ठ नेता चरण बोडो ने मंगलवार को असम में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री के रूप में बोडो भाषा में शपथ ली। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने गुवाहाटी में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में राजग के कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने भी लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद राज्य में तीसरी बार उसकी सरकार बनी है। 01 जुलाई, 1979 को जन्मे चरण बोडो असम सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यरत थे। वह बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के नेता हैं और वर्ष 2016 से असम विधानसभा में माजबाट विधानसभा क्षेत्र का लगातार प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2003 में गौहाटी विश्वविद्यालय से एमए की शिक्षा प्राप्त की है। उदालगुड़ी जिले के रंगागढ़ क्षेत्र के निवासी चरण बोडो के पिता का नाम नवीन बोडो तथा माता का नाम अम्पुली बोडो है। वह लंबे समय से बोडो समुदाय के हितों के लिए कार्य करने वाली क्षेत्रीय पार्टी बीपीएफ से जुड़े हुए हैं। राज्य मंत्रिमंडल में चरण बोडो की भागीदारी को बोडोलैंड क्षेत्र के प्रतिनिधित्व के रूप में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### भाजपा के कद्दावर नेता रामेश्वर तेली केंद्र से फिर पहुंचे राज्य मंत्रिमंडल में

**गुवाहाटी, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामेश्वर तेली ने मंगलवार को असम की नई सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। गुवाहाटी में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा देशभर से आए भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। भाजपा के प्रभावशाली चाय जनजाति चेहरे के रूप में माने जाने वाले रामेश्वर तेली वर्तमान में दुलियाजान विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ऊपरी असम के प्रमुख भाजपा नेताओं में शामिल तेली को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना पार्टी के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेष रूप से चाय बागान क्षेत्रों तथा औद्योगिक इलाकों में भाजपा की पकड़ मजबूत करने के दृष्टिकोण से उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। रामेश्वर तेली पूर्व में राज्यसभा सांसद तथा डिब्रूगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद रह चुके हैं।



### डाक मतपत्रों में हुई गड़बड़ी, मद्रास हाईकोर्ट ने विधायक को वोट डालने से रोका

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सियासी हलचल के बीच डीएमके ने मंगलवार को बड़ा दावा किया। पार्टी ने कहा कि डाक वोटों में कथित गड़बड़ी के मामले को देखते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने टीवीके के एक विधायक को विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट में वोट डालने से रोक दिया है। पार्टी के प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने पीटीआई वीडियो को बताया कि अगर विवादित वोट डीएमके के पक्ष में गिना जाता है, तो मतगणना बराबर हो जाएगी, जिसके बाद चुनाव का फैसला करने के लिए सिक्का उछालना पड़ेगा। टीवीके के सीनिवासा सेतुपति आर को चुनाव में 83,373 वोट मिले, जबकि डीएमके के केआर पेरियाकरुप्पन को भी 83,374 वोट मिले। सेतुपति को सिर्फ एक वोट के अंतर से विजेता घोषित किया गया। अन्नादुराई ने आगे कहा कि अदालत ने विधायक को निर्देश दिया है कि जब तक याचिका पर फैसला नहीं आ जाता, तब तक वे मतदान से परहेज करें।



## उपद्रवी कार्यकर्ताओं पर टीवीके सख्त

# मुख्यमंत्री विजय ने सदन को बताया लोकतंत्र का दिल और दिमाग

चेन्नई, एजेंसी

**सत्तारूढ़ टीवीके ने मंगलवार को सार्वजनिक स्थानों पर पार्टी के बैनर और पोस्टर लगाने पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगा दिया, जिससे लोगों को असुविधा हो या यातायात बाधित हो।**



इसने अपने कार्यकर्ताओं को सख्त निर्देश जारी करते हुए चेतावनी दी है कि सार्वजनिक उपद्रव करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश पार्टी के सार्वजनिक कल्याण को प्राथमिकता देने के घोषित लक्ष्य को सुदृढ़ करने की दिशा में उठाए गए कदमों का हिस्सा है। पार्टी के महासचिव और मंत्री एन आनंद द्वारा जारी एक बयान में कहा है कि टीवीके नेतृत्व ने इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी सदस्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस आदेश को पार्टी अध्यक्ष की स्पष्ट स्वीकृति प्राप्त है। वहीं, तमिलनाडु विधानसभा में अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री विजय ने कहा, यहां सभी समान हैं। इस सदन में एक सदस्य द्वारा प्रतिनिधित्व की जाने वाली पार्टियों के विचारों को भी उतना ही महत्व दिया जाना चाहिए जितना कि अधिक बहुमत रखने वाले तमिलगा वेट्ट्री कजगम के सदस्यों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों को। अच्छे सुझावों को स्वीकार किया जाना चाहिए और अनुपयुक्त सुझावों को अस्वीकार किया जाना चाहिए।

### हृदय और मस्तिष्क दोनों के रूप में कार्य करे

यह विधानसभा लोकतंत्र के हृदय और मस्तिष्क दोनों के रूप में कार्य करे। इसी दृष्टि से तमिलगा वेट्ट्री कजगम ने इस प्रतिष्ठित विधानसभा की अध्यक्षता के लिए एक महान गरिमा और ऐतिहासिक कद वाले विशिष्ट व्यक्ति का नाम प्रस्तावित किया है, और आज आप उस कुर्सी पर आसीन हैं। इसके साथ ही एएमएमके के संस्थापक दिनाकरन का कहना है कि टीवीके को एकतरफा समर्थन देने के कारण एएमएमके विधायक को पार्टी से निकाल दिया गया है। एआईएडीएमके नेता एग्री एसएस कृष्णमूर्ति ने कहा, 'एआईएडीएमके ने अपने सभी विधायकों को कल तमिलनाडु विधानसभा के फ्लोर टेस्ट में टीवीके के खिलाफ वोट देने का निर्देश दिया है। पार्टी के निर्देश का उल्लंघन करने वाले विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'

### मुख्यमंत्री विजय ने अपने ज्योतिषी को बनाया अपना ओएसडी



तमिलनाडु में नई राजनीति का युग शुरू हो चुका है। विजय ने शपथ लेने के बाद अपना कार्यभार संभाल लिया। इसी बीच उन्होंने अपने ओएसडी की नियुक्ति भी की। दरअसल उन्होंने इसके लिए किसी सरकारी अफसर को नहीं, बल्कि अपने पारिवारिक ज्योतिषी को चुना है। सरकार की तरफ से एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। इस सरकारी आदेश के अनुसार, मशहूर ज्योतिषी रिकी राधन पंडित वेट्रिवेल को मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय का विशेष कार्याधिकारी यानी ओएसडी (राजनीतिक) नियुक्त कर दिया गया है। आदेश में साफ तौर पर लिखा गया है कि 'थिरु रिकी राधन पंडित वेट्रिवेल की नियुक्ति उनके काम पर शामिल होने की तारीख से ही लागू मानी जाएगी।' इसके अलावा, इस आदेश में यह भी बताया गया है कि उनकी नौकरी की बाकी नियम और शर्तें बाद में अलग से जारी की जाएंगी। मुख्यमंत्री जोसेफ विजय के इस फैसले के पीछे एक बहुत ही खास वजह है। दरअसल, रिकी राधन पंडित वही ज्योतिषी हैं जिन्होंने करीब एक साल पहले ही यह एकदम सटीक भविष्यवाणी कर दी थी कि जोसेफ विजय सत्ता में आएंगे और मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेंगे। उनकी यह बात बिल्कुल सच साबित हुई। माना जा रहा है कि इसी सटीक भविष्यवाणी और उन पर अटूट भरोसे के कारण ही मुख्यमंत्री ने उन्हें अपना ओएसडी (राजनीतिक) बनाकर यह बड़ा इनाम दिया है।

## केरल में जल्द खत्म होगा सियासी सस्पेंस

# नए मुख्यमंत्री के लिए काउंटडाउन शुरू, हाईकमान ने तेज की चर्चा



कोच्चि, एजेंसी

कांग्रेस हाईकमान आखिरकार आठ दिनों के सस्पेंस, अंतहीन अटकलों और बंद दरवाजों के पीछे हुई बातचीत के कई दौरों के बाद, केरल के अगले मुख्यमंत्री पर फैसला लेने की ओर बढ़ता दिख रहा है। वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने संकेत दिया है कि यह लंबा इंतजार बहुत जल्द खत्म हो सकता है। पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के आवास पर एक अहम बैठक हुई, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहे। दिल्ली में पार्टी नेतृत्व के साथ चर्चा से बाहर निकलते हुए, के. मुरलीधरन (जो पार्टी की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं) ने पत्रकारों से पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा, 'मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा एक दिन के भीतर हो जाएगी। यह अब तक का सबसे स्पष्ट संकेत है कि कांग्रेस नेतृत्व उस गतिरोध को तोड़ने की तैयारी में है, जिसने यूडीएफ की शानदार चुनावी जीत पर ग्रहण लगा दिया था। 140 सदस्यों वाली विधानसभा में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ के 102 सीटें जीतकर सत्ता में आने के बावजूद, मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा में हो रही इतनी ज्यादा देरी अब पार्टी के लिए शर्मिंदगी का सबब बनती जा रही है।

### वेणुगोपाल की स्थिति मजबूत

सत्ता के लिए चल रही खींचतान के केंद्र में तीन वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल, वीडी सतीशन और रमेश चेन्नीथला हैं। हालांकि, जैसे-जैसे विचार-विमर्श का अंतिम दौर आगे बढ़ रहा है, वेणुगोपाल की स्थिति लगातार मजबूत बनी हुई है। बताया जा रहा है कि उन्हें कांग्रेस के 50 से भी ज्यादा विधायकों का समर्थन हासिल है। लेकिन, हाई कमान की दुविधा सिर्फ आंकड़ों तक ही सीमित नहीं है। राहुल गांधी और केंद्रीय नेतृत्व का पूरा भरोसा हासिल है, वहीं दूसरी ओर सतीशन पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता के एक तबके के बीच भावनात्मक रूप से ज्यादा लोकप्रिय बनकर उभरे हैं। इसकी मुख्य वजह है, पी. विजयन सरकार के खिलाफ विपक्ष के नेता के तौर पर उनका आक्रामक रवैया।

## शिवसेना यूबीटी ने सीएम विजय को भविष्य के लिए चेताया

# दिल्ली की सत्ता की उठापटक के जाल से सावधान रहें

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) ने कहा है कि तमिलनाडु चुनाव के बाद वहां ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। अभिनेता विजय की पार्टी टीवीके ने शानदार जीत हासिल की है। इस जीत ने डीएमके और एआईएडीएमके के वर्षों पुराने वर्चस्व को खत्म कर दिया है। पार्टी के मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में कहा गया कि राज्य में जश्न का माहौल है, लेकिन आगे का रास्ता कठिन है। विजय की सरकार के पास बहुमत कम है। दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के प्रभाव के बीच स्थिरता बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होगी। विजय ईसाई धर्म से हैं, लेकिन उन्होंने सभी धर्मों का नेता बनने और नागरिकों की सुरक्षा का संकल्प लिया है।



पूरा देश यह देखना चाहता है कि क्या विजय शासन की जटिलताओं के बीच अपनी 'आम आदमी' वाली छवि बचा पाएंगे। उनके शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रवाद की झलक दिखी। कार्यक्रम की शुरुआत 'वंदे मातरम' से हुई और समापन राज्य गीत के साथ हुआ। विजय ने खुद को कोई राजकुमार नहीं बल्कि एक आम आदमी बताया है। उन्होंने तमिलनाडु के आठ करोड़ लोगों को अपना परिवार घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रियों और विधायकों को भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने नशे के नेटवर्क को खत्म करने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स बनाने का आदेश दिया है। साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग में एक अलग विंग बनाने को मंजूरी दी है। राज्य पर 10 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है, इसलिए उन्होंने वित्तीय अनुशासन पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पहली फाइल 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की थी।

## बहुमत परीक्षण में समर्थन देकर करेंगे 'खेला'

# सीएम विजय ने की एआईएडीएमके के बागी नेताओं से मुलाकात

चेन्नई, एजेंसी



तमिलनाडु में बहुमत के जादुई आंकड़े को लेकर मची सियासी खींचतान के खेल में अब एक और अध्याय जुड़ गया है। विधानसभा में होने वाले बहुमत परीक्षण से पहले मुख्यमंत्री विजय ने मंगलवार को बागी एआईएडीएमके नेताओं एसपी वेलुमणि और सीवी षणमुगम से मुलाकात की। यह मुलाकात इस वजह से भी खास मानी जा रही है, क्योंकि लगभग 30 विधायकों के समर्थन का दावा करने वाले ये नेता बुधवार को विधानसभा में टीवीके को समर्थन दे सकते हैं। टीवीके प्रमुख विजय ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के पहले से ही कई सियासी दलों से समर्थन पा लिया था। हालांकि, इसके बावजूद सरकार में अनिश्चितता का माहौल है। विधानसभा में बहुमत परीक्षण न होने तक ऐसा सियासी माहौल बने रहना कोई बड़ी बात नहीं है। इस बीच एआईएडीएमके नेता षणमुगम और वेलुमणि ने विजय का समर्थन करने की खुलकर वकालत की।

आशंका गहरा गई है कि लगभग 30 विधायकों का ये गुट एआईएडीएमके में टूट की वजह बन सकता है। विजय को समर्थन देने के खुले एलान को एसपी वेलुमणि और सीवी षणमुगम की ओर से पार्टी के महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी के खिलाफ विद्रोह के तौर पर देखा जा रहा है। सियासी जानकारों का मानना है कि एआईएडीएमके और डीएमके के मिलकर सरकार बनाने की अटकलों ने इस आंतरिक गुटबाजी को सबके सामने ला दिया है।

इस बीच अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) के महासचिव टीटीवी दिनाकरन ने पार्टी के इकलौते विधायक एस कामराज को पार्टी से निकाल दिया है। एएमएमके के विधायक कामराज ने टीवीके प्रमुख विजय की सरकार को समर्थन देने का एलान किया था। माना जा रहा है कि बुधवार को होने वाले बहुमत परीक्षण में एस कामराज भी विजय के समर्थन में वोट दे सकते हैं।

## एनसीपी में सब ठीक नहीं है?

# कार्यकारिणी सूची से दिग्गजों के नाम गायब होने से राजनीतिक उथल-पुथल

मुंबई, एजेंसी

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-अजित पवार गुट) में अपनी नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी है, लेकिन इसके जारी होने के बाद से राजनीतिक भ्रम फैल गया है। भारत निर्वाचन आयोग को सौंपे गए दस्तावेज ने पूरे महाराष्ट्र में चर्चाओं को तेज कर दिया है। दरअसल ऐसा लग रहा है कि इसमें पवार परिवार की अगली पीढ़ी के पक्ष में अनुभवी दिग्गजों को दरकिनार कर दिया गया है।**



जब 29 अप्रैल की तारीख वाली कार्यकारिणी सूची से प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, सुनील तटकरे और दिलीप पाटिल जैसे दिग्गजों के नाम गायब दिखे, तो लोगों में असमंजस और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। नई बनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी में, सुनेत्रा पवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष, उनके बड़े बेटे और राज्यसभा सांसद पार्थ पवार को राष्ट्रीय महासचिव और छोटे बेटे जय पवार को राष्ट्रीय सचिव के तौर पर शामिल किया गया है। सुनील तटकरे पहले राष्ट्रीय महासचिव के पद पर थे, और प्रफुल्ल पटेल एक भरोसेमंद दिग्गज हैं। इनकी गैरमौजूदगी से तुरंत ही पार्टी के अंदर किसी संभावित 'सफाई अभियान' या किसी बड़ी रणनीतिक फेरबदल की अटकलें लगने लगीं।

जैसे ही यह सूची सोशल मीडिया पर वायरल हुई, सुनेत्रा पवार ने विवाद को शांत करने के लिए तुरंत कदम उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए स्पष्ट किया कि ये गलतियां जानबूझकर नहीं की गई थीं। उन्होंने कहा कि मीडिया में अभी जो एनसीपी पदाधिकारियों की सूची चल रही है, उसमें एक तकनीकी गड़बड़ी है। इसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, इन 'तकनीकी और लिपिकीय गलतियों' को सुधारने के लिए उसी दिन निर्वाचन आयोग को एक और पत्र भेजा गया था।

**कार्यकारिणी सूची में किन्हें दी गई जगह :** राज्य परिषद के सदस्य शिवाजीराव गर्जे को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्थ पवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध मोहिते को महासचिव की भूमिका सौंपी गई है, जबकि जय पवार को राष्ट्रीय सचिव, अनुशासन समिति का अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### पार्टी युवा चेहरों को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाना चाहती है

इस सफाई के बावजूद, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम संकेत हैं, पार्टी युवा चेहरों को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाना चाहती है। प्रफुल्ल पटेल को राष्ट्रीय कार्यसमिति में शामिल किया गया है और उन्हें राज्यसभा में एनसीपी नेता का पद दिया गया है, लेकिन राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर उनका कोई जिक्र नहीं है। सुनील तटकरे को लोकसभा में एनसीपी नेता का पद दिया गया है, लेकिन महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष के तौर पर उनका कोई जिक्र नहीं है। अब वह राष्ट्रीय महासचिव नहीं रहे। इस लिस्ट में अनुभवी मंत्री छगन भुजबल और वरिष्ठ विधायक दिलीप वलसे पाटिल भी शामिल हैं, लेकिन उन्हें कोई आधिकारिक पद नहीं दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना 2027 का प्रथम चरण, मकान सूचीकरण में पलसूद प्रथम, हुआ सम्मान



**पलसूद (बड़वानी),निप्र।** भारत जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण में मकान गणना का कार्य बड़वानी जिले में सर्वप्रथम नगर परिषद पलसूद ने कार्य पूर्ण किया। इस अवसर कलेक्टर रेस्पेक्टेड जयति सिंह ने सीएमओ यशवंत सोलंकी को टीम के साथ सम्मानित किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर रवि वर्मा उपस्थित रहे। जनगणनाज़ चार्ज अधिकारी सीएमओ यशवंत सोलंकी, सुपर वाइजर संजय राठौड़, श्रवण चौहान, राजेंद्र बघेल, सुरेशचंद्र राठौड़, मास्टर ट्रैनर विनोद अमझरे शाखा प्रभारी दयाशंकर अमझरे, ऑपरेटर अफजल हुसैन के मार्गदर्शन में 20 एचलबी के प्रगणक अशोक गोयल, देवेन्द्र बडोले, राकेश गुप्ता, चेतन गुप्ता, कमल गोले, अरूण राठौड़, सुरेश पंवार, पवन राठौड़, मुकेश चौहान, महेश अमझरे, अनिल गुप्ता, रामलाल डावर, दिनेश खरते, मखमुद्दीन शेख़, काशीराम जमरे, भिवलाल चौहान, अमित कौचक, वेरसिंह डुडवे, जामसिंह पिदीया, बारकु किराड़े ने सतत प्रतिदिन 10 घंटे कार्य करके प्रगणक एवं सुपरवाइजर ने जिले में सर्वप्रथम 20 एचएलबी का कार्य पूर्ण किया।

### चितावल में टीबी स्क्रीनिंग कैंप का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**बड़वानी,निप्र।** कलेक्टर जयति सिंह ने राजपुर जनपद की ग्राम पंचायत चितावल में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित टीबी स्क्रीनिंग कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैंप में मौजूद पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा और ग्रामीणों की त्वरित जांच की प्रक्रिया का अवलोकन किया। कलेक्टर ने उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि तकनीक का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचे, ताकि टीबी के मरीजों की पहचान कर उनका समय पर उपचार शुरू किया जा सके। उन्होंने कैंप की अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से भी संवाद किया। इस दौरान एसडीएम राजपुर, तहसीलदार राजपुर, स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहे।

### जल प्रकृति का अमूल्य उपहार : डॉ. पंडित



**बड़वानी,निप्र।** मुख्यमंत्री की मंशानुसार, उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन के आदेशानुसार के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु शपथ ग्रहण और हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों ने हस्ताक्षर कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा जल प्रबंधन, 100 प्रतिशत वेस्ट वाटर रिसाइकिलिंग, स्मार्ट वाटर सिस्टम, रोबोट ओर ड्रोन का सही उपयोग करते हुए जल संरक्षण अधिक प्रभावी, स्वचालित और वैज्ञानिक बनाया जा सकता है। केवल तकनीक ही नहीं, लोगों की जागरूकता और जिम्मेदारी भी उतनी ही आवश्यक है। जल संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता एवं जल के सदुपयोग के प्रति ओर जल है तो कल संदेश देकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पंडित ने कहा कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है। यदि आज हम जल संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ेगा। प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में जल बचाने का संकल्प लेना चाहिए तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ओर स्वयं सेवक ओर विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने वन एवं राजस्व विभाग की ली संयुक्त बैठक, एमपीएफआरए पोर्टल पर लंबित दावों की समीक्षा की गई

**बड़वानी,निप्र।** कलेक्टर जयति सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागृह में वन विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस बैठक में एमपीएफआरए पोर्टल पर दर्ज लंबित, मान्य एवं अमान्य किए गए दावों की सघन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला स्तरीय समिति, उप खंड स्तरीय समिति और ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा पुन: परीक्षण के उपरांत निराकृत किए गए प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देशित किया कि अनुविभागीय स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि यदि कोई दावा अमान्य किया जाता है, तो उसका स्पष्ट कारण आवेदक को अनिवार्य रूप से सूचित किया जाए, ताकि प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर ने डिजिटल डेटा के साथ-साथ भौतिक रिकॉर्ड संधारित करने के निर्देश दिए। दस्तावेजों की पूर्णता पर बात करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि फाइल में विज्ञप्ति, दावा-आपत्ति, ग्राम पंचायत का प्रस्ताव और स्थल के फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से संलग्न हों। विशेष रूप से हस्तलिखित प्रारूप 11 संलग्न होना चाहिए। बैठक में डीएफओ सेंधवा, डीएफओ बड़वानी, डीएफओ खरगोन, एसडीएम बड़वानी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य उपस्थित रहे। अन्य अनुविभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।

### खरगोन के समग्र विकास को लेकर मंत्री सख्त, विकास कार्यों की गुणवत्ता से समझौता नहीं

# कोई पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे : सारंग

विनय उजाला



#### गुणवत्ता से समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

विश्वास सारंग ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि किसी निर्माण कार्य या योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर योजनाओं के डिस्प्ले लगाने के निर्देश दिए ताकि पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें।

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को जिला विकास सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की। विश्वास सारंग ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि केन्द्र और राज्य सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक शत-प्रतिशत पहुंचे और जिले में योजनाओं का 'सैचुरेशन मॉडल' लागू करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा केवल योजनाएं चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, यही प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग की योजनाओं की नियमित समीक्षा करें और जिले में योजनाओं के पूर्ण सैचुरेशन का लक्ष्य लेकर कार्य करें।

**जल गंगा संवर्धन : खरगोन को नंबर-1 पर बने रहने का लक्ष्य :** विश्वास सारंग ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत खरगोन जिले को प्रदेश में नंबर-1 बना रहे। उन्होंने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत शेष बचे 5 सरोवरों के निर्माण और मरम्मत के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करने को कहा जहां जल स्रोत अस्थायी हैं और वहां स्थायी जल संरचनाओं को विकसित किया जाए। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नल-जल योजना के प्रभावी संचालन पर जोर देते हुए कहा कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होना चाहिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए हैंडपंपों एवं बोरिंग के मरम्मत कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए ताकि आमजन को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विश्वास सारंग ने बचे हुए विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल भवनों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि बच्चों को बेहतर वातावरण और मूलभूत सुविधाएं मिलना भी आवश्यक है। निजी भवनों में संचालित आंगनवाड़ियों में भी पानी, बिजली और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने संदीपनी एवं पीएम श्री स्कूल बनने के बाद बच्चों के ड्रॉप आउट रेट, परीक्षा परिणाम एवं गुणवत्ता पर पड़े प्रभाव का मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर विद्यालयों में उपस्थिति सुधारने पर भी जोर दिया।

महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्री सारंग ने जिले में कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पहुंच मार्गों पर बिजली, स्ट्रीट लाइट, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेटियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। संवेदनशील क्षेत्रों में कानून व्यवस्था और पुलिस की गस्त बढ़ाई जाए एवं आवश्यकता अनुसार पुलिस चौकी का निर्माण किया जाए, महिला सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाए।

ग्रामीण विकास एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने 'क्षीर सागर योजना' के अंतर्गत चिन्हित गांवों में प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पशुओं के नियमित टीकाकरण, गौशालाओं के बेहतर संचालन एवं पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पंचायत भवनों के नए निर्माण एवं पुराने भवनों की मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की निर्वाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी जनजातीय छात्रावासों में पानी, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों के स्कूलों, कॉलेजों में मूलभूत सुविधायओं की व्यवस्थाओं में सुधार करने को कहा ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

#### गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता

गेहूं उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए छांव, पीने का पानी एवं बैठने जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण किया जाए ताकि भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं पर रोक लगाई जा सके। साथ ही खरीदे गए गेहूं के समय पर उठाव एवं परिवहन व्यवस्था को भी प्राथमिकता देने को कहा।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में खरगोन बड़वानी लोकसभा क्षेत्र सांसद गजेंद्रसिंह पटेल, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, बड़वाह विधायक सचिन बिरला, कलेक्टर भव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर रवींद्र वर्मा, अपर कलेक्टर रेखा राठौड़, जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला अधिकारी मौजूद थे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान : कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** कलेक्टर जयति सिंह ने मंगलवार कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिले में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जल संरचनाओं के पुनरुद्धार और संरक्षण का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अभियान की प्रगति निरंतर होनी चाहिए और किसी भी परिस्थिति में तय लक्ष्यों में देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उन्होंने समस्त एसडीएम को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर जमीनी स्तर पर कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए। इस प्रक्रिया में राजस्व विभाग की टीम को भी सक्रिय रूप से शामिल करने के निर्देश दिए ताकि प्रशासनिक बाधाओं को दूर किया जा सके। कलेक्टर ने यह भी रेखांकित किया कि जिला रैंकिंग में सुधार के लिए सभी पार्टनर डिपार्टमेंट्स को अपनी कार्यक्षमता बढ़ानी होगी, जिससे अभियान के अंतर्गत एक सतत और सकारात्मक प्रगति बनी रहे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 69 आवेदकों की समस्याएं

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** प्रति मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय बडवानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 69 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में और प्रभावी ढंग करने के निर्देश दिए ताकि आम जनता को असुविधा ना हो।

**सूखे पेड़ को हटाने बाबद :** जनसुनवाई में ग्राम कुआ निवासियो ने सामुहिक रूप से आवेदन देकर बताया कि उनके मकान के पास में खाली प्लाट में बबुल का पेड़ सुख चुका है। पेड़ के नीचे से स्कूल के बच्चे और राहगीर गुजरते हैं। यह पेड़ कभी भी हवा-आंधी में गिर सकता है और कोई भी दुर्घटना हो सकती है। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने उक्त आवेदन तहसीलदार ठीकरी को प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

**आने जाने हेतु नहर के दूसरी तरफ पुल बनवाया जाये :** जनसुनवाई में ग्राम बालकुआ निवासियो ने सामुहिक रूप से आवेदने देकर बताया कि उनके ग्राम में लोवर गोई परियोजना की नहर का निर्माण किया गया है। तथा नगर के एक तरफ पुल का निर्माण किया गया, जबकि दूसरी तरफ पुल नहीं बनाने से खेतो में आने जाने का रास्ता ही बंद हो गया है। अत: खेतो में आने-जाने हेतु पुल का निर्माण करवाया जाये ताकि किसान अपने खेतो में जा सके। इस पर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने उक्त आवेदन को ईई लोवर गोई परियोजना को प्रेषित कर समस्या के निराकरण करने के निर्देश दिये।

**ग्राम पेण्ड्रा के किसानों ने मार्ग विस्तार हेतु सौंपा आवेदन :** ग्राम पेण्ड्रा के किसानों ने एन.वी.डी.ए. विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क की लंबाई 2-3 किमी बढ़ाने हेतु आवेदन दिया। किसानों का कहना है कि मार्ग के विस्तार से कृषि उपज और उपकरणों को खेतों से गांव तक लाना आसान होगा। कलेक्टर ने आवेदन को संबंधित विभाग (एनवीडीए) की ओर प्रेषित किया है। विभाग के अधिकारियों को वस्तुस्थिति की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ग्राहक पंचायत एवं सहकार भारती ने आम जनता से की अपील

## देशहित में स्वदेशी अपनाएं, संसाधनों का संरक्षण करें

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** वर्तमान में ईरान-अमेरिका युद्ध जारी रहने के करण वैश्विक अव्यवस्था उत्पन्न होने से सम्पूर्ण विश्व का जन जीवन प्रभावित हो रहा है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला बड़वानी एवं सहकार भारती जिला बड़वानी के पदाधिकारियों राजेश राठौड़, बालकृष्ण सोनगरा, यशवंत सुल्ताने, आशा कुमरावत, दीपक जेमन एवं कमल यादव ने संयुक्त रूप से देशहित में स्वदेशी भावना को प्रोत्साहित करने, विदेशी मुद्रा संरक्षण तथा पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के नेताओं से अपील की है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी केद्र द्वारा समय-समय पर नागरिकों से गैर-जरूरी विदेश यात्राओं, विदेशी पर्यटन एवं विदेशों में आयोजित शादियों से बचने का आग्रह किया गया है।

प्रधानमंत्री ने देश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने एवं घरेलू स्तर पर विवाह समारोह आयोजित करने की अपील करते हुए कहा है कि इससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा विदेशी मुद्रा भंडार के संरक्षण में सहायता मिलेगी।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी सोच को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। यदि देश का धन देश के भीतर ही व्यय होगा तो स्थानीय व्यापार, पर्यटन, परिवहन एवं रोजगार के अवसरों को मजबूती मिलेगी। इससे छोटे व्यापारियों, होटल व्यवसाय, हस्तशिल्प, परिवहन एवं सेवा क्षेत्र को भी लाभ प्राप्त होगा प्रधानमंत्री के द्वारा सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने, मेट्रो, बस, कार/वाहन पूल, साझा परिवहन व्यवस्था एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग की अपील का आमजन सहित अधिकारी, नेता भी अनुशरण कर समर्थन करे, कार्यालय, विद्यालय, महाविद्यालय एवं सामाजिक आयोजनों में कार/वाहन पूल व्यवस्था अपनाने से ईंधन की बचत होगी, यातायात का दबाव कम होगा तथा प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। साथ ही आयातित ईंधन पर निर्भरता कम होने से देश की अर्थव्यवस्था को भी लाभ पहुंचेगा। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं सहकार भारती ने जिला प्रशासन बड़वानी, जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों के नेताओं से आग्रह किया है कि वे स्वयं इन विषयों पर पहल करते हुए आमजन को भी स्वदेशी अपनाने, स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने, अनावश्यक विदेशी खर्च से बचने तथा सार्वजनिक परिवहन, कार/वाहन पूल एवं पर्यावरण हितैषी साधनों के उपयोग के लिए प्रेरित करें। 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसी से देश आर्थिक रूप से अधिक सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा।

### कुसुम 'बी' योजना के हितग्राहियों को मिलेगी राहत

## सोलर पम्प स्थापना की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष शिविर

विनय उजाला

**खरगोन,निप्र।** प्रधानमंत्री किसान मित्र सूर्य योजना कुसुम 'बी' के अंतर्गत किसानों को सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापना में आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 15 मई 2026 को प्रात: 11:00 बजे पुराना कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागृह में आयोजित होगा। शिविर के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा योजना के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों की विभिन्न समस्याओं—जैसे आवेदन,

#### 15 मई को स्वामी विवेकानंद सभागृह में होगा आयोजन

दस्तावेज, तकनीकी प्रक्रिया एवं अन्य व्यवहारिक कठिनाइयों—का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। इससे किसानों को सोलर पम्प स्थापना की प्रक्रिया में शीघ्रता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। जिला प्रशासन द्वारा चयनित सभी हितग्राहियों से अनुरोध किया गया है कि वे आवश्यक दस्तावेज एवं अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर शिविर का लाभ लें, ताकि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

### आमजन की समस्याओं पर संवेदनशील पहल

## पुलिस-जन विश्वास हमारी सबसे बड़ी शक्ति : शुक्ल

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र।** आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायोचित निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बड़वानी पद्मविलोचन शुक्ल (भा.पु.से.) के नेतृत्व में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित जिले के समस्त थाना परिसरों में भी एक साथ जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं।

जनसुनवाई के दौरान पारिवारिक विवाद, लेन-देन संबंधी प्रकरण, भूमि विवाद, आपसी रंजिश, मारपीट तथा लंबित मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ



सुनते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**प्रमुख निर्देश एवं पहल: समयबद्ध निराकरण:** सभी शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी ढंग से निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

**संवेदनशील वर्गों को प्राथमिकता:** महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं वंचित वर्गों की शिकायतों पर प्राथमिकता के निर्देश।

**तत्काल हस्तक्षेप:** गंभीर मामलों में संबंधित थाना प्रभारियों से दूरभाष पर जानकारी लेकर मौके पर ही वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कराई गई।

#### जवाबदेही तय

लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष एवं जवाबदेह जांच के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक शुक्ल ने कहा कि 'हमारा उद्देश्य 'देशभक्ति-जनसेवा' के मूल मंत्र को व्यवहार में उतारना है। प्रत्येक पीड़ित को यह विश्वास होना चाहिए कि उसकी बात सुनी जाएगी और उसे समय पर न्याय मिलेगा। पुलिस-जन विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर, एसडीओपी बड़वानी महेश सुनैया, डीएसपी (अजाक) निलेश्वरी डावर सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों से कहा सड़क पर अतिक्रमण करने से बचें

विनय उजाला

**खरगोन,** निप्र। शहर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, पुलिस को सहयोग करने तथा पुलिस और व्यापारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक खरगोन डॉक्टर रविन्द्र वर्मा द्वारा खरगोन शहर के व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों की बैठक रखी गई, जिसमें व्यापारियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाकर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग हेतु कहा गया।

उन्होंने दुकानों एवं घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने, दुकानों में वार्निंग अलार्म सिस्टम स्थापित करने, वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगवाने तथा राधावल्लभ मार्केट में व्यवसायियों को सामूहिक रूप से सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने एवं चौकीदारों की तैनाती की सलाह दी। साथ ही मार्केट में ऊपर जाने वाले रास्तों में शटर की व्यवस्था तथा प्रतिदिन मार्केट बंद होने के पश्चात उनको लगाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। व्यापारियों से अपील की गई कि वे अपनी दुकानों के बाहर सड़क तक अत्यधिक सामान न रखें एवं अतिक्रमण से बचें, जिससे यातायात बाधित न हो तथा दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। शातिर बदमाशों एवं कड़िया सांसी, पारदी एवं कंजर जैसे गिरोहों द्वारा किसानों एवं ग्रामीणों को धोखाधड़ी से ठगने की घटनाओं के सम्बन्ध में भी सतर्क रहने एवं आमजन को जागरूक करने की बात कही गई। व्यापारियों को सलाह दी कि वे अधिक मात्रा में नगदी का परिवहन करने से बचें, क्योंकि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग पीछा कर या रेकी कर वारदात को अंजाम दे सकते हैं। बैंक से नगदी निकालते या जमा करते समय विशेष सावधानी बरतने, नगदी को मोटरसाइकिल की डिक्की अथवा कार में असुरक्षित तरीके से न रखने की हिदायत दी गई। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों एवं नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई, ताकि समय रहते प्रभावद्यी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### मंदसौर–राजगढ़ में अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, अंधविश्वास के नाम पर ठगी, एटीएम से करते थे धोखाधड़ी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस को मंदसौर एवं राजगढ़ जिलों में धोखाधड़ी से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। मंदसौर एवं राजगढ़ जिलों की पुलिस टीमों ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए आमजन को ठगी का शिकार बनाने वाले गिरोहों का पर्दाफाश कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों से नगदी, वाहन एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है। जिले में पुलिस को ऐसी संगठित धोखाधड़ी का खुलासा करने में सफलता मिली, जिसमें आरोपी आमजन को 'नोटों की बारिश' एवं 'धन दुगना' करने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करते थे। आरोपी स्वयं को तथाकथित गुरु एवं तांत्रिक बताकर पूजा-पाठ, चमत्कार एवं भय का वातावरण निर्मित करते थे। गिरोह द्वारा सुनियोजित तरीके से एक व्यक्ति की मृत्यु का नाटक कर पीड़ित को डराया गया तथा अलग-अलग बहानों से 5 लाख रुपए से अधिक वसूले गए। पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं पूछताछ के आधार पर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 40 हजार रूपये नगद, एक कार एवं एक मोटरसाइकिल जप्त की है। राजगढ़ जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों में एटीएम कार्ड बदलकर खातों से रकम निकालने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। आरोपी बैंक एटीएम में भोले-भाले लोगों को सहायता का झांसा देकर बातचीत में उलझाते थे।

### डॉ. यादव बहनों के खातों में 1835 करोड़ रुपए से अधिक राशि का आज करेंगे अंतरण

**भोपाल ( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 13 मई को नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 36वीं किश्त जारी करेंगे। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुरक्षा, आत्मविश्वास और सम्मान का आधार बन चुकी है। नियमित आर्थिक सहायता से महिलाओं की परिवार के निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है, पोषण एवं स्वास्थ्य स्तर में सुधार हुआ है और ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

**1.25 करोड़ बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की मिलेगी 36वीं किश्त**

**करोड़ों महिलाओं के जीवन में आया सकारात्मक परिवर्तन :** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने मध्यप्रदेश में महिला कल्याण के क्षेत्र में एक नई मिसाल स्थापित की है। यह केवल आर्थिक सहायता योजना नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन गई है। योजना से प्रदेश की महिलाओं के जीवन में व्यापक और सकरात्मक परिवर्तन आए है। नियमित आर्थिक सहायता ने महिलाओं को घरेलू खर्चों के प्रबंधन ने अधिक आत्मनिर्भर बनाया है, जिससे वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ बच्चों के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर अधिक प्रभावी ढंग से खर्च कर पा रही है। योजना से प्राप्त राशि ने अनेक महिलाओं को स्व-सहायता समूहों, लघु उद्योगों और स्व-रोजगार गतिविधियों से जुड़ने के लिये प्रेरित किया है। इससे उनकी आय के अतिरिक्त स्त्रोत विकसित हुए है। आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ महिलाओं के परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में भागीदारी बढ़ी है।

### देश के गेहूं निर्यात में म.प्र. का योगदान 40 प्रतिशत

# ओमान, यमन, यूएई, कतर, सऊदी अरब में बढ़ी मप्र के गेहूं की साख

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की किसान हितैषी नीतियों और योजनाओं के परिणामस्वरूप इस साल गेहूँ उत्पादन 365.11 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। उत्पादकता बढ़कर 3780 किलो प्रति हैक्टेयर हो गई है। मध्यप्रदेश 'गेंहू प्रदेश' बन गया है। देश के कुल गेहूँ उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान 18 प्रतिशत है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मध्यप्रदेश के गेंहू की मांग लगातार बनी हुई है। प्राकृतिक मिठास के कारण शरबती और डयूरम गेहूँ की मांग जर्मनी, अमेरिका, इटली, यूके, दुबई, साउथ अफ्रीका जैसे देशों में बनी हुई है।

भारत से विदेशों को निर्यात किये जाने वाले गेहूँ में मध्यप्रदेश का योगदान 35 से 40 प्रतिशत होता है। प्रदेश के गेहूँ को ओमान, यमन, यूएई, साउथ कोरिया, कतर, बांग्लादेश, सउदी अरब, मलेशिया, साउथ अफ्रीका और इंडोनेशिया में पसंद किया जा रहा है। मध्यप्रदेश का गेहूँ ब्रेड, बिस्किट और पास्ता के लिये सर्वाधिक उपयुक्त है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा गेहूँ उत्पादक किसानों के हित में नई योजनाएं बनाने और समय पर मदद करने की रणनीति के फलस्वरूप मध्यप्रदेश ने परंपरागत गेहूँ उत्पादक राज्यों की बराबरी कर ली है। वर्ष 2004-05 में सिर्फ 42 लाख हैक्टेयर में गेहूँ होता था, जो आज बढकर 96.58 लाख हैक्टेयर हो गया है।

**क्या है मध्यप्रदेश के गेहूं में :** भारत सरकार के गेहूँ अनुसंधान निदेशालय ने अपने अनुसंधान में दो हजार सेम्पल का परीक्षण करने के बाद उच्च स्तर की गुणवत्ता का दाना पाया। प्रदेश के सामान्य से सामान्य किस्म के गेहूँ में भी औसत रूप से 12.6 प्रतिशत प्रोटीन, 43.6 पीपीएम (पार्टस पर मिलियन) आयरन तथा 38.2 पीपीएम जिंक पाया गया है। कठिया प्रजाति के गेहूँ में भरपूर प्रोटीन, आयरन, मैग्नीज और जिंक है। इन्हीं विशेषताओं से मध्यप्रदेश के गेहूँ को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अच्छी कीमत मिलती है। प्रदेश में गेंहू की उगाई जाने वाली किस्मों की अपनी विशेषताएं हैं, जैसे जे.डब्ल्यू.एस.17, जे.डब्ल्यू. 3020 और जे.डब्ल्यू. 321 नामक गेहूँ की किस्में - एक सिंचाई में 35 क्विंटल तक उत्पादन देती हैं। जे.डब्ल्यू. 1142, जे.डब्ल्यू. 3288 तथा जे.डब्ल्यू. 1203 किस्मों से अधिक तापमान में भी बेहतर उत्पादन मिलता है। जे.डब्ल्यू. 1202 और जे.डब्ल्यू. 3288 तथा जे.डब्ल्यू. 1106 किस्में प्रोटीन से भरपूर हैं। एमपीआर 1215 और जे.डब्ल्यू. 3211 किस्में निर्यात के लिये बेहतर है।

**100 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का लक्ष्य...**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से गेहूँ खरीदी का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 100 लाख मीट्रिक टन हो गया है। प्रदेश में गेहूँ का उपार्जन जारी है। किसानों के लिए उपार्जन केन्द्रों में पूरे इंतजाम किए गये हैं। गेहूँ उपार्जन 23 मई तक चलेगा। किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश देश का सबसे बडा प्रामाणिक बीज उत्पादक राज्य भी है। सहकारी क्षेत्र में बीज उत्पादन में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो गया है। बीज उत्पादन कंपनियों से तीन लाख से ज्यादा किसान जुडे हैं। ये कंपनियां अब भंडारण विपणन और खादय प्रसंस्?करण से भी जुड़ रही हैं। फार्मर प्रोडयूसर कंपनियों को और ज्यादा मजबूत बनाया जा रहा है। इन सभी गतिविधियों से मध्यप्रदेश न केवल गेहूँ बल्कि अन्य फसलों के उत्पादन में राष्ट्र में अग्रणी बना हुआ है।

**गेहूँ की 51 किस्मों का विकास**

पौष्टिक आहार बनाने के लिये गेहूँ वर्ष 2026 में की जो 5 किस्में उपयोग में आ रही हैं उनमें से 4 मध्यप्रदेश में विकसित की गई हैं। इनमें एम.पी.ओ. 1215, एम.पी. 3211, एम.पी. 1202 एवं एम.पी. 4010 शामिल हैं। मध्यप्रदेश में अब तक गेहूँ की 51 किस्मों का विकास हुआ है। इनमें से 12 किस्मों का विकास सिर्फ एक दशक की अल्प अवधि में हुआ है।

# फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री प्रदेश का प्रमुख स्तंभ : मंत्री पटेल

### फेडरेशन ने उद्योगपतियों के हित में किया निरंतर सहयोग : मंत्री काश्यप

विनय उजाला



**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मध्यप्रदेश के विकास को नई गति देने वाला प्रमुख स्तंभ है। प्रदेश के स्थानीय और युवा उद्योगपतियों को नई दिशा दी है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल निजी होटल में फेडेरेशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के आयोजन और उद्योगों को दिए जा रहे नीतिगत प्रोत्साहन से प्रदेश के छोटे उद्यमियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में एक नया आत्मविश्वास जागा है, जिससे अब गांव का व्यक्ति भी उद्योग लगाने का साहस जुटा रहा है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप भी समारोह में शामिल हुए और उन्होंने भी संबोधित किया।

मंत्री पटेल ने कहा कि मजदूर और उद्योगपति के बीच का संबंध हितों के टकराव की जगह आपसी समन्वय का होना चाहिए और इसे वास्तविकता में बदलना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में मंत्री पटेल ने फेडरेशन के प्रतिनिधियों को श्रम संबंधी विभागीय समितियों में सक्रिय भागीदारी के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने 'श्री' जैसी पहलों का उल्लेख किया, जो श्रम और उद्योगों के बीच बेहतर तालमेल बिठाकर अनावश्यक प्रशासनिक हस्तक्षेप को कम करने का कार्य कर रही हैं। मंत्री पटेल ने उद्योगों की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्किल मैपिंग पर विशेष बल दिया और उद्योगपतियों से आग्रह किया कि वे अपने आवश्यक 'स्किल लेवल' की पहचान कर विभाग को सूचित करें। सरकार इन जरूरतों के आधार पर स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर कुशल कार्यबल उपलब्ध कराएगी, जिससे उद्योगों को श्रमिकों की कमी का सामना न करना पड़े और स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हो।

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश कृषि उत्पादन के उच्चतम स्तर को प्राप्त कर रहा है इसलिए अब हम सभी को 'प्रोसेसिंग' क्षेत्र पर केंद्रित करना होगा। राज्य की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन के लिए उपयुक्त है। इसके साथ ही, उन्होंने श्रम विभाग में जारी सुधारों की चर्चा करते हुए बताया कि अनावश्यक कानूनों को समाप्त किया जा रहा है और शेष प्रमुख कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया जा रहा है।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में वर्ष 2025 को 'उद्योग वर्ष' के रूप में मनाया गया है जिसका मुख्य केंद्र स्थानीय उद्यमियों और युवाओं को नए अवसर प्रदान करना था। मंत्री काश्यप ने कहा कि फेडरेशन ने उद्योगपतियों के हित में शासन के कार्यों में निरंतर सहयोग किया है।

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर

# लग्जरी कार छोड़ इलेक्ट्रिक स्कूटी से मंत्रालय पहुंचे ऊर्जा मंत्री तोमर

विनय उजाला



**भोपाल,निप्र।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा डीजल, पेट्रोल की बचत करने के लिए वाहनों के कम से कम उपयोग के देशव्यापी आव्हान का असर अब मध्यप्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार को इस पर अमल शुरू कर दिया है।

ऊर्जा मंत्री तोमर भोपाल में इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन से न केवल सड़कों पर घूमते नजर आए, बल्कि भोपाल स्थित अपने शासकीय बंगले सी-18 शिवाजी नगर से मंत्रालय भी इसी वाहन से पहुंचे। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि वह प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हैं और उनकी अपील का अनुसरण करते हुए इसका पालन कर रहे हैं। उनका कहना है कि वह सभी से अपील करेंगे कि वह भी पेट्रोल डीजल का कम से कम इस्तेमाल करें और अत्याधिक आवश्यकता होने पर ही डीजल-पेट्रोल वाहनों का उपयोग करें। मंत्री तोमर ने कहा कि इससे विदेशों पर हमारी निर्भरता कम होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि अपनी विधानसभा में भ्रमण के दौरान भी वह इलैक्ट्रिक दोपहिया वाहन का ही इस्तेमाल करेंगे।

### 14 उत्पादन, 18 विक्रय केन्द्रों का सशक्त नेटवर्क

# मप्र में ग्राम स्वराज का स्वप्न हो रहा साकार : जायसवाल

### ग्वालियर में कंबल-खादी-तेलघानी, महेश्वर में रेशम केन्द्र बने पहचान

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने प्रदेशभर में खादी एवं ग्रामोद्योग का मजबूत नेटवर्क खड़ा किया है। महात्मा गाँधी के ग्राम स्वराज के विचार से प्रेरित होकर, मंडल खादी को सतत आजीविका और ग्रामीण सशक्तिकरण का माध्यम बना रहा है।

राज्यमंत्री जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में 14 उत्पादन केन्द्र और 18 विक्रय केन्द्र संचालित हैं। पिछले कई दशकों में बोर्ड ने अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से रोज़गार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती देने तथा भारतीय परंपरागत शिल्प और कारीगरी को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बोर्ड ने हर जिले को उसकी विशेषता के अनुसार उत्पादन केन्द्र दिए हैं। ग्वालियर में कंबल, खादी और तेलघानी के तीन अलग केन्द्र हैं। मंदसौर, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़ में कंबल उत्पादन केन्द्र हैं। बैतूल, खरगौन, इंदौर में खादी उत्पादन केन्द्र कार्यरत हैं। महेश्वर अपने रेशम केन्द्र के लिए जाना जा रहा है। टीकमगढ़, उज्जैन, देवास में पॉलिवस्त्र उत्पादन केन्द्र तथा इंदौर में चर्म शिवण केन्द्र संचालित है।

#### 18 एम्पोरियम से आमजन तक पहुंच रहे उत्पाद

राज्यमंत्री जायसवाल ने बताया कि उत्पादों के विक्रय के लिए इंदौर, खरगौन, उज्जैन, देवास, नीमच, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर, मुरैना, शहडोल और पचमढ़ी में खादी ग्रामोद्योग एम्पोरियम हैं। राज्यमंत्री जायसवाल ने कहा कि राजधानी भोपाल में खादी प्रेमियों के लिए 6 स्थानों पर खादी उत्पाद उपलब्ध हैं। एम.पी. नगर, मालवीय नगर और जवाहर चौक में खादी ग्रामोद्योग एम्पोरियम, गोविंदपुरा में केन्द्रीय खादी वस्त्रागार तथा सतपुड़ा भवन और विंध्याचल भवन में खादी/विन्ध्यावैली काउंटर संचालित हैं।

राज्यमंत्री जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण कारीगरों को आधुनिक बाज़ार और अन्तर्राज्यीय मंच से जोड़कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि खादी और ग्रामोद्योग परंपरा के साथ-साथ प्रगतिशील भी बने रहें। 'अपना हाथ - अपना साथ' और 'स्थानीय से वैश्विक' मंत्र के साथ 'विन्ध्या वैली' और 'कबीरा' नाम से खादी, मसाले, साबुन, जड़ी-बूटी उत्पाद एवं हस्त निर्मित वस्तुएं वैश्विक बाजार तक पहुंच रही हैं। म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग मंडल आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में परंपरा और आधुनिकता के बीच सेतु का कार्य कर रहा है।

### साइबर ठगी के आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

**भोपाल,निप्र।** प्रदेश में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में नर्मदापुरम जिले की थाना बनखेड़ी पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने साइबर ठगी की वारदात में शामिल दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को झारखंड राज्य के देवघर जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा फरियादी के बैंक खाते से 03 लाख 09 हजार 917 रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई थी। फरियादी छोटेलाल कुशवाह पिता हरिसिंह कुशवाह, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम डूमर थाना बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम ने 17 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बैंक खाते से अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से कुल 03 लाख 09 हजार 917 रुपये की धोखाधड़ी की गई है।

# मकानों का सूचीकरण, गणना तेज़ी से जारी

### 1 करोड़ 84 लाख से अधिक मकानों की गणना पूर्ण

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** प्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार निरंतर प्रगति पर है। प्रदेश में 01 मई 2026 से प्रारंभ हुआ यह फील्ड कार्य 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान, परिवार एवं अन्य संरचनाओं से संबंधित जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है।

सचिव, गृह विभाग एवं नोडल अधिकारी जनगणना श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि राज्य में जनगणना कार्य के लिए 1 लाख 37 हजार से अधिक मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाए गए हैं। इनमें प्रगणकों द्वारा व्यवस्थित रूप से जानकारी एकत्रित की जा रही है। 12 मई 2026 तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 1 करोड़ 84 लाख 92 हजार 860 मकानों की गणना पूर्ण की जा चुकी है। रायसेन जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

प्रदेश में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया संचालित की गई थी। इसमें प्रदेशवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवधि में कुल 7 लाख 46 हजार 158 परिवारों द्वारा स्व-गणना की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण की गई, जिससे जनगणना कार्य को गति एवं व्यापक सहयोग प्राप्त हुआ। इस बार जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम से संचालित किया जा रहा है। प्रगणकों द्वारा मोबाइल एप्लिकेशन से जानकारी दर्ज की जा रही है तथा कार्य की निगरानी भी डिजिटल प्रणाली से की जा रही है। इससे कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित हो रही है। प्रदेश में जनगणना 2027 को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन, जनगणना अधिकारियों, प्रगणकों एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता निरंतर सुनिश्चित की जा रही है। राज्य शासन ने प्रदेशवासियों से अपील की गई है कि वे जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों को सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहयोग प्रदान करें। जनगणना से प्राप्त आँकड़े शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं।

### उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# वितरण ट्रांसफार्मरों की रिकंडीशनिंग, लोड बैलेंसिंग करें : गर्ग

विनय उजाला



**भोपाल/गुना,निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कि प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बताया कि उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान और बिजली संबंधी सेवाएं उनके परिसर के नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में 14 मई से शुरू किये जा रहे 'सम्पर्क अभियान 2026' में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ प्रदान किया जाए। इस 12 माह तक चलने वाले विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले शिविरों में उपभोक्ताओं की त्रुटिपूर्ण बिल, मीटर रीडिंग और अन्य बिलिंग संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए। यह बात प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने मंगलवार को गुना जिले में विद्युत आपूर्ति एवं विद्युतीय कार्यों की प्रगति को लेकर गुना वृत्त कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कही। समीक्षा बैठक में मुख्य महाप्रबंधक (ग्वालियर क्षेत्र) विनोद कटारे, महाप्रबंधक गुना वृत्त अशोक कुमार शर्मा सहित सभी उपमहाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने कहा कि संपर्क अभियान 2026 में बिजली उपभोक्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर उनको त्वरित सेवाएं और समाधान उपलब्ध कराते हुए उपभोक्ता संतुष्टि में वृद्धि कर कंपनी के कामकाज को उपभोक्ता उन्मुखी बनाने के प्रयास किये जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संपर्क अभियान के प्रारंभ होने से पूर्व ही घर-घर जाकर शत-प्रतिशत सर्वे किया जाए तथा उनकी शिकायतों का कैंप लगने से पूर्व ही निराकरण करना सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की मांग पर मात्र 5 रुपये में नवीन ग्रामीण घरेलू एवं कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान किये जाएं साथ ही भार वृद्धि, नाम परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन, स्थाई कनेक्शन विच्छेदन, अस्थायी कनेक्शन, ई-केवायसी और अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC), बंद/खराब मीटर बदलना, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतें, सर्विस केबल सुधार, वोल्टेज की समस्या और ट्रांसफार्मर से जुड़ी शिकायतों, बिजली बिलों का आंशिक एवं पूर्ण भुगतान, अग्रिम भुगतान पर छूट, बकाया राशि भुगतान, समाधान योजना तथा अन्य जनहितैषी योजनाओं की जानकारी और लाभ प्रदान किया जाए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनको त्वरित सेवाएं और समाधान उपलब्ध कराते हुए उपभोक्ता संतुष्टि में वृद्धि कर कंपनी के कामकाज को उपभोक्ता उन्मुखी बनाना है। गर्ग ने संपर्क अभियान के दौरान आयोजित किये जाने वाले शिविरों में उपभोक्ताओं की बिलिंग और अन्य सभी शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के साथ ही मात्र 5 रुपये में कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान करने के निर्देश दिए। ई-केवायसी और अनापत्ति प्रमाण-पत्र, बंद/खराब मीटर बदलना, स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतें, सर्विस केबल सुधार, वोल्टेज की समस्या और ट्रांसफार्मर से जुड़ी शिकायतों समाधान योजना तथा अन्य जनहितैषी योजनाओं की जानकारी और लाभ शिविर के दौरान प्रदान करने के लिए कहा।



# खेल मैदान से व्यक्तित्व निर्माण तक समग्र विकास हमारा लक्ष्य : सारंग

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मंगलवार को टीटी नगर स्टेडियम, भोपाल में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह-2026 का शुभारंभ किया। मंत्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल मैदान से व्यक्तित्व निर्माण तक समग्र विकास हमारा लक्ष्य है। इस वर्ष शिविर को पारंपरिक प्रशिक्षण से आगे बढ़ाते हुए समग्र व्यक्तित्व विकास के दृष्टिकोण से नया स्वरूप और नया नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि आरोह का अर्थ है निरंतर आगे बढ़ना यानि शिखर की ओर निरंतर प्रगति करना। इसी भावना के साथ यह शिविर युवाओं को खेल कौशल के साथ जीवन कौशल भी सिखाएगा। मंत्री सारंग ने कहा कि आरोह में खेल प्रशिक्षण के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास केंद्रित गतिविधियां शामिल की गई हैं।

# जनसुनवाई में अतिक्रमण, नाली सफाई की समस्याएं लेकर पहुंचे नागरिक

विनय उजाला

**देवास,निप्र।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जनसुनवाई में आये आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाये :** जनसुनवाई में आवेदक कैलाश पिता रामचन्द्र ने निवासी बारोली ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

**वृद्धा पेंशन दिलाई जाए :** जनसुनवाई में आवेदक नगजीराम निवासी नान्देल ने वृद्धा पेंशन दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।



### कृषि भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में सुधार कराया जाए

जनसुनवाई में आवेदक राकेश पिता रामचन्द्र निवासी बारोड पिपल्या ने कृषि भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में सुधार कराने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

**मुख्यमंत्री भू-स्वामित्व योजना अंतर्गत मकान का पट्टा दिलाया जाये :** जनसुनवाई में आवेदक गोवर्धनसिंह निवासी खरपड़ी ने मुख्यमंत्री भू-स्वामित्व योजना अंतर्गत मकान का पट्टा दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये।

**ये आवेदन भी हुए प्राप्तः** जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन के सीमाकंन, बिजली बिल कम कराने, बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, नामांकन, बंटवारा, रास्ते पर से अतिक्रमण हटवाने, नालियों की साफ-सफाई करने सहित अन्य आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

## फायर सेफ्टी सप्ताह सफलतापूर्वक मनाया

**शाजापुर,निप्र।** स्वास्थ्य संस्थाओं में अग्नि दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अग्नि सुरक्षा मानको के अनुपालन, जागरूकता एवं आपातकालीन तैयारी को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिला चिकित्सालय शाजापुर में 04 मई से 10 मई तक फायर सेफ्टी सप्ताह सफलतापूर्वक मनाया गया, जिसके अन्तर्गत शपथ ग्रहण, विभाग वॉर ट्रेनिंग पोस्टर प्रतियोगिता, विभागवार Evacauation route map, Quiz Competition, मॉक ड्रिल आछि गतिविधियों संपन्न की गई, समस्त उत्कृष्ट गतिविधियाँ संपादित करने वाले विभाग को पुरस्कृत किया गया, विभाग व्हाट्सएप पर सभी को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया एवं फायर सेफ्टी सप्ताह का समापन किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. बी.एस. मैना, आर.एम.ओ डॉ. गोविंद पाटीदार, क्वालिटी नोडल अधिकारी डॉ. तेजपालसिंह जादौन, मेट्रन श्रीमती कृष्णकांता चौहान, इंटरनल असेसर श्रीमती किरण पडोले, स्टीवर्ड संतोष चौहान एवं समस्त नर्सिंग ऑफिसर एवं आदि स्टॉफ उपस्थित था।

सफलता की कहानी : जल गंगा संवर्धन अभियान




## स्थायी राहत मिलेगी : देवास की ग्राम पंचायत मोरूखेड़ी ने पेश की जल संरक्षण की मिसाल

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** देवास जिले में संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विभिन्न जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत मोरूखेड़ी ने जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्राम पंचायत मोरूखेड़ी में जनभागीदारी से पंचायत क्षेत्र की पहाड़ी पर कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य किया गया है। लगभग एक हेक्टेयर क्षेत्र में किए जा रहे इस कार्य के तहत कुल 350 कंटूर ट्रेंच बनाई गई हैं। इन ट्रेंचों के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख लीटर वर्षा जल का संचयन किया जा सकेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत में 03 पेरकोलेशन टैंक, 02 डगवेल, 05 रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं, 01 बोरिंग रिचार्ज एवं 02 चेक डेम का निर्माण भी किया गया है। इन संरचनाओं से लगभग 07 लाख लीटर जल का अतिरिक्त संचयन होगा। "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत निर्मित की जा रही इन संरचनाओं से वर्षा जल रुकने के साथ ही भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। इससे क्षेत्र के आसपास के कुएं एवं बोरिंग पुनर्जीवित होंगे तथा ग्रामीणों को भविष्य में पेयजल और सिंचाई की समस्या से स्थायी राहत मिलने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षिप्रा नदी की सफाई और गहरीकरण के लिए जनसुनवाई में कलेक्टर को दिए पीले चावल



**देवास,निप्र।** देवास में क्षिप्रा नदी की दयनीय स्थिति और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण नदी की सफाई और गहरीकरण अधर में अटका हुआ है। वर्तमान में चल रहे जल गंगा स्वर्ण अभियान में क्षिप्रा नदी की उपेक्षा की जा रही है। मां क्षिप्रा नदी बचाओ फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बराना प्रजापति ने भारतीय परंपरा के अनुसार पीले चावल देकर देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह को स्नेहपूर्वक निमंत्रण देकर क्षिप्रा नदी की ओर ध्यान देने का अनुरोध किया। बराना ने बताया आवेदन में क्षिप्रा नदी की स्वच्छता और गहरीकण कार्य को सामूहिक रूप से शुरू करवा कर मां क्षिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाने और जल सहेजने के जल गंगा संवर्धन अभियान में मां क्षिप्रा नदी को सम्मिलित कर सफाई और गहरीकरण करवाने का उल्लेख किया गया है।
क्षिप्रा नदी देवास की पेयजल आपूर्ति का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। अमावस, पूर्णिमा और अन्य प्रमुख अवसरों पर यहां श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं लेकिन यहां पर घाट हमेशा सूखे रहते हैं जिस कारण श्रद्धालु प्रशासन को कोसते हुए बिना स्नान किए वापस लौट जाते हैं। इसके अलावा अलग अलग गांवों में से निकलने वाले गंदे नाले भी क्षिप्रा नदी में ही मिला कर क्षिप्रा नदी को प्रदूषित किया जा रहा है लेकिन अभी तक क्षिप्रा के लिए अभी तक कोई कार्य योजना नहीं बनाई गई है। इसलिए शासन के समाजसेवा से जुड़े विभाग मेरा युवा भारत ( नेहरू युवा केंद्र), मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद , आनंद विभाग और अन्य सामाजिक संस्थाओं को सम्मिलित कर क्षिप्रा नदी की स्वच्छता और गहरीकरण का कार्य करवाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बना कर मां क्षिप्रा नदी का शुद्धिकरण और गहरीकरण शुरू करवाएं। कलेक्टर महोदय ने शुक्रवार से कार्य शुरू करवाने का आश्वासन भी दिया।

### बाकानेर में शार्ट-सर्किट से लगी आग, चपेट में आई केले की फसल



**बाकानेर ( सैयद रिजवान अली )।** मध्य प्रदेश धार जिले की मनावर तहसील के ग्राम अजंदीमान स्थित एक खेत में भीषण गर्मी के बीच बिजली तारों के आपस में टकराने से उठी चिंगारी ने आग का रुप ले लिया और देखते ही देखते समूचे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। इस आगजनी में किसान विवेक बडज़ात्या के खेत में लगी केले की फसल सहित कृषि उपकरण जलकर नष्ट हो गए। बडज़ात्या के मुताबिक आगजनी से लाखों रुपए मूल्य की फसल सहित कृषि उपकरणों का नुकसान हुआ है। श्री बडज़ात्या ने बताया कृषि भूमि मां इंदुमती के नाम पर दर्ज है। खेत में सोमवार दोपहर यहां से गुजर रही विद्युत लाईन के तार आपस में टकराने के बाद चिंगारी उठी, जिसने आग का रुप ले लिया। खेत में लगे सिंचाई उपकरणों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन आग फैलने लगी। सूचना पर फायर फायटर भी पहुंचे लेकिन आग पर काबू पाने तक करीब 2 एकड़ रकबे में लगी फसल जलकर नष्ट हो गई, वहीं धूएं के चलते खेत के अन्य हिस्से में लगी फसल भी खराब हो गई है। आग से सिंचाई के लिए लगाई ड्रीप, पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए बांस आदि भी जलकर खाक हो गए। पीड़ित कृषक ने बताया उन्होंने 4 एकड़ रकबे में केले की फसल लगाई है। यह फसल पूर्ण रूप से तैयार हो गई थी। आग को काबू में करने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन तब तक 2 एकड़ केले के पेड़ जलकर राख हो गए थे। पीड़ित किसान ने स्थानीय पटवारी को सूचना देकर सरकारी सहायता की मांग की है।

**मुआवजे के डर से राजस्व अमला नही करता सर्वे :** बडज़ात्या ने आरोप लगाया कि मार्च माह में आंधी तूफान के चलते भी केले की फसल को भारी नुकसान पहुंचा था। क्षेत्र में पर्याप्त सिंचाई साधन होने से अधिकतर किसान केले का उत्पादन करते है। यहां सैंकड़ों हेक्टेयर रकबे में फसल को पहुंचे नुकसान की सूचना राजस्व विभाग को भी दी थी। करीब एक माह तक पटवारी सर्वे का आश्वासन देते रहे। इसके बाद कहा कि फिलहाल तहसीलदार ने सर्वे करने से रोका हुआ है। सर्वे किया तो मुआवजा वितरण करना होगा। पटवारी के इस जवाब से किसानों ने आक्रोश भी जताया था, लेकिन राजस्व अमले पर कोई असर नही पड़ा।

**दोहरी मार झेल रहे किसान :** श्री बडज़ात्या ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक ओर जहां सरकारें खेती को लाभ का धंधा बनाने की बात कहती है, वहीं किसान को दोहरी मार झेलना पड़ती है। एक ओर जहां प्राकृतिक आपदा में खराब होने वाली फसल का समय पर मुआवजा नही मिलता, वहीं उत्पादन के समय दाम कम जाते है। किसान लंबे समय से मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू करने के साथ ही केले का न्यूनतम एवं अधिकतम समर्थन मूल्य तय करने की मांग कर रहे है, लेकिन इस जायज मांग पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। निमाड़ में केले का उत्पादन बेहतर स्थिति में है, इसे देखते हुए जिला प्रशासन सहित शासन को एक जिला, एक उत्पाद के रुप में केले को प्राथमिकता देना चाहिए। निमाड़ के निर्यात को बढ़ावा देना होगा, तभी किसान और प्रदेश खुशहाल होगा।

# एक ही समाज के दो परिवारों में पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष

### एक-दूसरे पर हथियारों से किया हमला, 12 से अधिक घायल, गंभीर घायलों को इंदौर और जिला अस्पताल रेफर किया

विनय उजाला

**सोनकच्छ,निप्र।** थाना क्षेत्र के ग्राम ओढ में गारी चौधरी समाज के दो परिवार में मंगलवार सुबह पुरानी रंजिश को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष की ओर से एक-दूसरे पर हथियारों से हमला कर एक दर्जन से अधिक लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्ष के घायलों को सोनकच्छ के सिविल अस्पताल लेकर आए जहां पर दोनों पक्ष के 12 से अधिक लोग घायल हुवे जिसमें से गंभीर रूप से घायल 6 व्यक्तियों को इंदौर,देवास रेफर किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस गांव में तैनात की गई है बताया जाता है कि सोमवार रात को सोनकच्छ के एक निजी गार्डन में शादी समारोह में भी दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिसकी भी रिपोर्ट दोनों पक्ष के द्वारा थाने पर भी की गई थी। मंगलवार सुबह भी देर रात की बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।



प्राप्त जानकारी अनुसार, फरियादी सोनू पिता सजन चौधरी ने धर्मेन्द्र चौधरी, उसके पिता, जीजा नरबत सिंह, भाई कोकसिंह चौधरी के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह, धर्मेन्द्र चौधरी के साथ गोकुलसिंह चौधरी निवासी गढी सोनकच्छ के लड़के की शादी में संगम गार्डन में आए थे। राजेन्द्र चौधरी, भीमसिंह, ईश्वर, गोपाल, बंटी, प्रभु, विजय निवासी ओड़ यह लोग भी शादी में आए हुए थे। वह लोग शादी में थे कि राजेन्द्र चौधरी आया और उसने बोला कि तूने मेरी कार का कांच फोड़ा है। तब फरियादी ने मना किया कि उसने कांच नही फोड़ा है तो राजेंद्र ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी।

तभी राजेन्द्र के साथ आए भीमसिंह, ईश्वर, गोपाल, बंटी राजेन्द्र चौधरी एकमत होकर आए और फरियादी से गाली गलौज और मारपीट करने लगे। भीमसिंह ने डंडे और ईश्वर ने बेल्ट से मारपीट की जो फरियादी को पीठ पर चोट लगी। फरियादी के बड़े पापा का लड़का धर्मेन्द्र बीच बचाव करने लगा तो इन लोगों ने उसके साथ भी मारपीट की। भीम सिंह ने उसको भी डंडा, उसे सिर में चोट लगी और खून निकला। मारपीट मे धर्मेन्द्र को होंठ, पीठ, कंधे पर चोट लगी। पुलिस ने सोनू चौधरी की रिपोर्ट पर से 7 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

पुलिस दूसरे पक्ष के फरियादी राजेंद्र पिता सावंत चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दिनेश चौधरी निवासी गढी सोनकच्छ के यहां शादी समारोह में संगम गार्डन सोनकच्छ आया था। उसके साथ भतीजे विजेन्द्र, गोपाल और भीम सिंह भी शादी में आये थे। फरियादी मेहमानों से बातचीत कर रहा था। शादी मे सोनु चौधरी और धर्मेन्द्र चौधरी निवासी गंजपुरा सांवेर के भी आए थे। बारात मे नाच गाने का कार्यक्रम ट्राले पर चल रहा था। सोनु ट्राले पर चढ़ गया। जिसको लोगों ने नीचे उतारा तो सोनु ने गुस्से में आकर पार्किंग मे खड़ी उसकी मारुति ब्रेजा कार क्र. एमपी 09 सीजेड 8169 के सामने के कांच पर मुक्की बनाकर कड़े की मारी। जिससे कार का कांच डेमेज होकर नुकसान हो गया। फरियादी ने सोनु से बोला कि तूने कांच क्यो फोड़ा तो सोनु का साथी धर्मेन्द्र भी वहां आ गया और उन्होंने गाली गलौज करते हुए बोला कि तू कौन होता है अभी तो कांच ही फोड़ा है। हमसे उलझा तो तुझे भी फोड़ देंगे विवाद होता देख विजेन्द्र, गोपाल और भीम सिंह भी वहां आ गये और मेरा बीचबचाव करने लगे तो सोनु और धर्मेन्द्र ने उनके साथ भी अभी कड़े की, भीम सिंह को सिर में, विजेन्द्र को कपाल पर, और धर्मेन्द्र ने मुक्के से गोपाल को मारा जिससे उसके ऊपर वाले होंठ पर चोंट लगी। तभी सोनु का भाई हेमराज चौधरी और जीजा नेपाल सिंह भी आ गये। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## शुजालपुर उप जेल का निरीक्षण

**शाजापुर,निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर की सचिव श्रीमती नमिता बौरासी एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा द्वारा शुजालपुर उप जेल का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में जेल में कुल 60 बंदी निरूद्ध पाए गए। जेल निरीक्षण के दौरान में बंदियों के रहने की जगह स्वच्छता एवं पेयजल की व्यवस्था देखी गई। वहीं पाकशाला का निरीक्षण कर बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्था देखी गई। सचिव द्वारा बंदियों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद कर उनकी समस्यों को सुना। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई।



## जनसहयोग से चमका सतवास, स्वच्छता सर्वेक्षण में नगरवासियों का मिला भरपूर साथ

विनय उजाला

**सतवास,निप्र।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर सतवास को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने में नगर की जागरूक जनता ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। नगरवासियों के सहयोग, जागरूकता एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच ने पूरे अभियान को नई ऊर्जा प्रदान की। नगर परिषद अध्यक्ष बलजीत कौर बग्गा, समस्त पार्षदगण, नगर परिषद सतवास परिवार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश घावरी ने नगर की समस्त जनता, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, युवाओं एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि नगर के प्रति हमारी जिम्मेदारी और संस्कार है। सतवास की जनता ने जिस उत्साह और सहभागिता से सहयोग दिया है, वह पूरे नगर के लिए गर्व की बात है।

# पांच दिन बाद आरोपी गिरफ्तार, पेप्सी उधार नहीं देने की बात पर दुकानदार को पेट्रोल छिड़क कर लगाई थी आग

विनय उजाला






**सोनकच्छ,निप्र।** 7 मई की शाम को पेप्सी उधार नहीं देने की बात को लेकर फरियादी फूलचंद सिसोदिया पर गांव के ही 3 लोगों ने पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक जांच दल गठित कर 5 दिन बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम तालोद में मात्र 5 रुपए की पेप्सी उधार नहीं देने की बात पर ऐसा विवाद हुआ जिसने पूरे क्षेत्र को सनसनी फैला दी थी। किराना व्यवसायी फूलचंद सिसोदिया पर तीन युवकों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। आग की लपटों में घिरे दुकानदार ने किसी तरह बाथरूम में घुसकर अपनी जान बचाई, जबकि दुकान का सामान भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद घायल दुकानदार फूलचंद सिसोदिया ने थाना सोनकच्छ में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार आरोपी गोविंद टकवाना उर्फ गोविंदा पिता फूल सिंह, उम्र 29 वर्ष कृष्णपाल उर्फ कान्हा पिता स्व. इंदर सिंह गोयल, उम्र 26 वर्ष, आदर्श उर्फ आदि पिता सोभाल सिंह सैंधव, उम्र 21 वर्ष तालोद ने उधार पेप्सी नहीं देने की बात पर विवाद करते हुए पेट्रोल डालकर जानलेवा हमला किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीआई अजय गुर्जर के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों ने एक टीम गठित की। पुलिस ने लगातार ग्राम तालोद, गढ़खजुरिया व खोयरा के जंगल क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चलाकर तीनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में एसआई हिमांशु पाण्डे, एएसआई विजय जाट, प्रआ कुलदीप सिकरवार, आरक्षक सत्येन्द्र सिंह सोलंकी, श्याम बिहारी, सुनील, महिला आरक्षक नेहा सिंह, महिला आरक्षक मोना व चालक कुलदीप की सराहनीय भूमिका रही।

### आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की मासिक बैठक संपन्न

# संगठन की योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाएं : शर्मा

विनय उजाला

**देवास,निप्र। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय देवास में मंगलवार शाम 4 बजे नियमित मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सैंधव ने शीर्ष नेतृत्व की अपेक्षानुसार सहभागिता करते हुए आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, पूर्व निर्धारित बैठक एजेंडा एवं जिला प्रशिक्षण वर्ग को लेकर विस्तार से चर्चा की।**




बैठक को जिला संगठन प्रभारी धनंजय शर्मा ने संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की योजनाओं को बूथ स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है।

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सैंधव ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के परिश्रम एवं समर्पण से संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर सभी पदाधिकारियों से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया तथा प्रशिक्षण वर्ग को संगठन सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

बैठक में जिला संगठन प्रभारी धनंजय शर्मा, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, बागली विधायक मुरली भंवरा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव, मनीष सोलंकी, विजय सिंह पवार, पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमोद डोगलिया, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष टिंकी बारेला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राखी झालानी, सहित अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री बाफना ने अवंतिपुर बड़ोदिया के चार्ज अधिकारी को सम्मानित किया

**शाजापुर,निप्र।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत जिले में किये जा रहे मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को समय-सीमा में और शत-प्रतिशत पूर्ण करने पर तहसील अवंतिपुर बड़ोदिया के चार्ज अधिकारी श्री मुकेश सांवले, प्रगणक श्री राजेन्द्र कलमोदिया एवं तकनीकी सहायक श्री मनोज चौधरी को सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, डिप्टी कलेक्टर आलोक वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बुरहानपुर,निप्र।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल द्वारा ग्राम मोहनगढ़ तह. खकनार जिला बुरहानपुर में 11 मई को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. किमाया साली स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. अकरम खान (जनरल फिजिशियन) द्वारा संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों की नि:शुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे पार्षद




**हरसूद,निप्र।** नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार सुबह 11 बजे के लगभग एसडीएम कार्यालय हरसूद के सामने वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अर्जुन राजपूत आमरण अनशन पर बैठ गए। अर्जुन राजपूत ने नगर परिषद द्वारा किए गए निर्माण कार्यों, खरीदी, भुगतान सहित अन्य अनियमितताओं को लेकर सीएमओ से लेकर मुख्यमंत्री तक 24 से ज्यादा शिकायतें की जा चुकी है। शिकायतों की जांच नहीं होने पर मंगलवार को पार्षद अर्जुन राजपूत आमरण अनशन पर बैठ गए। मंगलवार शाम पौने 5 बजे के लगभग बीएमओ डॉ आशीषराज मिश्रा का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

जल संरक्षण एवं नदी पूजन के माध्यम से दिया जागरूकता का संदेश

# जनसहयोग से ताप्ती घाट पर किया स्वच्छता श्रमदान

विनय उजाला

**बुरहानपुर,निप्र। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनअभियान परिषद द्वारा सोमवार को राजघाट स्थित ताप्ती माता के घाट पर 'मां ताप्ती सेवा समागम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड़ द्वारा उपस्थित सदस्यों को जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने एवं प्राकृतिक जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं नदी पूजन जैसी गतिविधियां आयोजित कर जनजागरूकता का संदेश दिया गया।

विदित है कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला समन्वयक जनअभियान परिषद मनीष कुवादे के मार्गदर्शन में जनअभियान परिषद द्वारा निरंतर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मां ताप्ती के घाट पर स्वच्छता श्रमदान किया गया। श्रमदान के माध्यम से घाट एवं नदी के जल में पड़े प्लास्टिक, कपड़े एवं फूल-मालाओं जैसी अपशिष्ट सामग्री को बाहर निकालकर निर्धारित कुंड में एकत्रित किया गया।



### मां ताप्ती का किया पूजन एवं आरती

स्वच्छता अभियान के साथ ही मां ताप्ती का विधिवत पूजन एवं आरती की गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण और ताप्ती की साफ सफाई की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम मे ताप्ती सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरिता राजेश भगत, डॉ. यूसुफ खान, राजेश भगत, अन्य सदस्य, गायत्री परिवार के साधकगण, जिले की समस्त नवांकुर समितियां, प्रस्फुटन समितियों के सदस्यगण, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित अन्य द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# महापौर भार्गव ने जिला कोर्ट में किया मतदान





विनय उजाला

**इंदौर, निप्र।** मेरे लिए यह अत्यंत गौरव और संतोष का विषय है कि मैं भी इस प्रतिष्ठित विधिक बिरादरी का हिस्सा हूं। लोकतंत्र की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मैं अपनी पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचा हूं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने यह बात जिला कोर्ट में मतदान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की विधिक व्यवस्था में मध्य प्रदेश की स्टेट बार काउंसिल सर्वोच्च निर्वाचित संस्था है। इस परिषद में पूरे प्रदेश से 25 सदस्य चुने जाते हैं, जो राज्य के लाखों अधिवक्ताओं काप्रतिनिधित्व करते हैं और वकालत पेशे की गरिमा, अनुशासन तथा अधिकारों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज मध्य प्रदेश के एक लाख से अधिक अधिवक्ता इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि यह केवल मतदान नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था, अधिवक्ताओं की स्वायत्तता और पेशे की गरिमा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब प्रत्येक जागरूक नागरिक और पेशेवर अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों का भी निर्वहन करे। आज का यह मतदान उसी जिम्मेदारी का प्रतीक है।

## सिंहस्थ की तैयारी : शिकारपुरा थाना प्रभारी ने ली बैठक



विनय उजाला

**बुरहानपुर,निप्र।** अति. पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटील के मार्गदर्शन में मंगलवार को थाना प्रभारी शिकारपुरा संदीप चौरसिया एवं स्टाफ द्वारा गुर्जर भवन में उपस्थित वॉलेंटियर्स को आगामी सिंहस्थ पर्व के दौरान पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था श्रद्धालुओं की सहायता एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में क्षेत्र में हो रही गतिविधियों, सुरक्षा व्यवस्था एवं सामाजिक समन्वय को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित वॉलेंटियर्स को सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए आमजन को जागरूक करने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में थाना प्रभारी शिकारपुरा संदीप चौरसिया थाना स्टाफ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, वॉलेंटियर्स, नगर सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# पालदा में नए बिजली सब स्टेशन की जमीन का निरीक्षण



विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। शहर में औद्योगिक क्षेत्र के लिए बिजली वितरण क्षमता का विस्तार किया गया रहा है, ट्रांसफार्मर, केबल, कंडक्टर भी अत्याधुनिक स्तर के लगाए जा रहे है। शहर के पालदा औद्योगिक क्षेत्र में नया 33/11 केवी सब स्टेशन तैयार किया जाना है।**

इसकी जमीन का निरीक्षण करने के लिए मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युय वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने मंगलवार दोपहर दौरा किया।

उन्होंने करीब ढ़ाई करोड़ की लागत से बनने वाले 5 एमवीए क्षमता के 33/11 केवी नए ग्रिड के निर्माण स्थल पर सिविल का कार्य जल्दी करने के निर्देश दिए।

सिंह ने पालदा का पुराना ग्रिड भी देखा, पालदा औद्योगिक क्षेत्र की मौजूदा बिजली वितरण व्यवस्था एवं शिकायत निवारण इत्यादि की जानकारी ली। सिंह ने स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्र की बिजली को सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय हैं क्यों कि इससे विकास, रोजगार का सीधा संबंध होता है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता कार्य एसएल करवाड़िया, शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे, कार्यपालन यंत्री राजेश जौहर, अजीज बूटवाला, अलिंद देशपांडे आदि उपस्थित थे।

खकनार थाना प्रभारी की अनूठी पहल

# नवदंपति को उपहार स्वरूप भेंट किए हेलमेट

विनय उजाला

**बुरहानपुर,निप्र। अति. पुलिस अंतर सिंह कनेश निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन सभी थाना एवं चौकी स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बुरहानपुर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।**



जिला बुरहानपुर में चल रहे यातायात विशेष अभियान के तहत सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव द्वारा ग्राम रक्षा समिति अध्यक्ष राज कुमार पटेल की बहन के विवाह समारोह में सहभागिता कर नवदंपति को उपहार स्वरूप हेलमेट भेंट किए गए। जाधव ने नवविवाहित दंपत्ति को शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने की अनिवार्यता एवं यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक भी किया गया। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि हेलमेट केवल चालानी कार्रवाई से बचने का साधन नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा का महत्वपूर्ण उपकरण है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से स्वयं हेलमेट पहनने एवं अपने परिवारजनों को भी यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करने की अपील की गई।

विशेष रूप से युवाओं को तेज गति से वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने का संदेश दिया गया। विवाह समारोह में मौजूद लोगों ने पुलिस की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक जागरूकता की दिशा में सराहनीय कदम बताया। बुरहानपुर पुलिस द्वारा यातायात विशेष अभियान के अंतर्गत जिलेभर में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं।

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युतीकरण और वायरिंग का काम**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण), पश्चिम रेलवे, DRM कार्यालय एनेक्स बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, दो बत्ती, रतलाम (म.प्र.) **टेंडर संख्या : EL-C-RTM-2025-07-RT आमंत्रित करते हैं। काम का नाम :** दाहोद-इंदौर नई लाइन परियोजना के संबंध में, तिही-धार खंड में स्थित तिरला, अमझेरा और सरदारपुर स्टेशनों के स्टेशन और सेवा भवनों, प्लेटफॉर्मों, कवरिंग शेड आदि का विद्युतीकरण और वायरिंग का काम; तथा तिही, पीथमपुर, सागोर और धार स्टेशनों पर स्टाफ क्वार्टरों का विद्युतीकरण और वायरिंग का काम। **काम की अनुमानित लागत :** 5,18,35,422.00/- **EMD:** 10,36,700.00/-. **ऑनलाइन बोली शुरू होने की तारीख :** 18/05/2026, **टेंडर बंद होने की तारीख :** 01/06/2026, 15.00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0094

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**यात्री लिफ़्टों की व्यवस्था**

**विद्युत (पावर) विभाग, निविदा आमंत्रित नोटिस सं. EL/50/1/07 (25-26) दिनांक: 11/05/2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए और की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/पावर) पश्चिम रेलवे वडोदरा मंडल भारतीय रेल की वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर निम्नलिखित कार्य के लिये अनुभवी तथा विश्वसनीय संविदाकारों से ई निविदा आमंत्रित करती है। **क्र. सं. (1) निविदा संख्या: BRC-EL-P-23-2498-25-26-R कार्य का नाम:** वडोदरा डिवीजन: सात स्टेशनों (गेरतपुर, कनीज, नेनपुर, नंदेसरी, मकरपुरा, पालेज और समलाया) पर सिविल इंजीनियरिंग कार्य सहित दिव्यांगों के लिए पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान करने का कार्य। - कुल 18 लिफ्ट। **अनुमानित लागत:** ₹12,94,21,222.59 **ईएमडी:** ₹ 25,88,400.00 **निविदा शुल्क:** NIL **ई-निविदा बंद करने की तिथि: 08/06/2026 वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in** BRC-043

हमे लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. DRM-BRC 034 से 036 वर्ष 2026-27**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (का/ले) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिलबंध ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) | जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DRM BRC 034 of 2026-27 | SSE/P.Way/GDA के अधिकार क्षेत्र में दो वर्षों के लिए ट्रैक रखरखाव गतिविधियों का आउटसोर्सिंग। | 2,95,92,347.05 | 5,91,900.00 |
| 2 | DRM BRC 035 of 2026-27 | वडोदरा मंडल:- BRC मंडल में मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग का उपयोग करते हुए साइट पर 60 किग्रा/52 किग्रा (90 UTS/72 UTS, R-260) (नए / SH) रेलों की फ्लैश बट वेल्डिंग तथा अन्य सहायक ट्रैक कार्य। | 7,26,44,852.21 | 14,52,900.00 |
| 3 | DRM BRC 036 of 2026-27 | वडोदरा (पी) एवं विश्वामित्री – SSE/W/BRCP के अधिकार क्षेत्र में मानसून अवधि हेतु COP की वैली गटर की प्री-मानसून सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का कार्य तथा भवनों की टैरेस स्लैब एवं VS स्टेशन पर वर्षा जल निकासी व्यवस्था की गाद सफाई (डिसिल्टिंग) का कार्य। | 4,55,052.86 | 9,100.00 |

**निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा 01.06.2026 को 15:00 बजे से पहले जमा करनी होगी तथा उसी दिन 15:30 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट का विवरण और वह स्थान जहां पूरी जानकारी देखी जा सकती है, तथा उस कार्यालय का पता जहां से टेंडर फॉर्म खरीदा जा सकता है: वेबसाइट @ www.ireps.gov.in** मंडल रेल प्रबंधक (WA/C) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-4

BRC 041

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

इंदौर में नर्चरिंग नेबरहुड्स की अनूठी पहल

# छोटे बच्चों, अभिभावकों के कल्याण के लिए हुई कार्यशाला

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार नगर निगम और इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड ने 2020-2026 तक नर्चरिंग नेबरहुड्स पहल के तहत इंदौर की यात्रा प्रदर्शित करने के लिए विगत दिवस इंदौर के प्रतिष्ठित होटल में अपर आयुक्त अर्थ जैन, नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के विभागीय अधिकारियों के साथ ही अन्य की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया।**




कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को एक साथ लाया गया ताकि इंदौर के शहरी विकास में छोटे बच्चों और देखभाल करने वालों को मुख्यधारा में लाने और उसे बनाए रखने के लिए एक रोडमैप तैयार किया जा सके। नर्चरिंग नेबरहुड्स 2.0% (एनएन 2.0) आवास और शहरी कार्य मंत्रालय और वैन लीर फाउंडेशन द्वारा समर्थित एक पहल है, जिसे डब्ल्यूआरआई इंडिया से तकनीकी सहायता प्राप्त है।

नर्चरिंग नेबरहुड्स 2.0 के तहत, इंदौर शहरी नियोजन में प्रारंभिक बचपन को एकीकृत बनाए रखने के लिए प्रक्रियाओं और प्रणालियों को संस्थागत रूप देने और समावेशी सार्वजनिक स्थानों को व्यापक बनाने के लिए शहर व्यापी कार्यक्रम शुरू करने की दिशा में काम कर रहा है। भौतिक और सौम्य हस्तक्षेपों को एकीकृत करने वाली प्रमुख परियोजनाओं को लागू करके, इंदौर शहर उच्च गुणवत्ता वाले सार्वजनिक स्थान,शहर में छोटे बच्चों और अभिभावकों के कल्याण को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं। खेल के मैदानों की सुरक्षा और पार्क डिजाइन जैसे विषयों पर आयोजित तकनीकी प्रशिक्षण, अधिकारियों की क्षमता को मजबूत कर रहे हैं, जिससे वे परिवार-अनुकूल (family-friendly) सार्वजनिक स्थानों को बेहतर ढंग से लागू करने में सक्षम हो रहे हैं। इसी प्रकार, महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के आंगनबाडी कार्यकर्ताओं की संवेदनशील देखभाल और अभिभावकों के कल्याण जैसे चर्चित विषयों पर अभिभावकों के साथ अपने नियमित संवाद में इन सीखों को शामिल करने में मदद मिल रही है। कार्यशाला ने प्रतिभागियों को इन हितधारकों की कुछ सफलता की कहानियाँ सुनने का अवसर दिया और उन्हें इस बात पर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया कि इन प्रयासों को दीर्घकालिक रूप से कैसे आगे बढ़ाया जा सके और बनाए रखा जा सकता है। इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अर्थ जैन ने कहा, 500 से अधिक पार्क बनाने के साहसिक दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप की आवश्यकता है। नर्चरिंग नेबरहुड्स% जैसी पहल शहर को एक समावेशी और स्वस्थ शहरी वातावरण को सक्षम बनाने के लिए स्थायी तंत्र और प्रणालियां बनाने में मदद कर रही हैं, जहां प्रत्येक बच्चे और माता-पिता को पैदल दूरी पर गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक स्थानों तक पहुंच प्राप्त हो। इस अवसर का लाभ उठाने और इस दृष्टिकोण को हर मोहल्ले में व्यापक रूप से लागू करने के लिए साझेदारी और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाया गया

डब्ल्यूआरआई इंडिया के सतत शहर एवं परिवहन के वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक सिद्धार्थ त्यागराजन ने कहा, शहरी विकास में छोटे बच्चों और अभिभावकों के कल्याण को बनाए रखने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाने के लिए हम इंदौर को बधाई देना चाहते हैं। उमंग वाटिका और जिज्ञासा रथ जैसी अपनी प्रमुख पहलों के माध्यम से, शहर ने गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक स्थानों का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जिसे व्यापक स्तर पर लागू किया जा सकता है। एक एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता को पहचानते हुए, एनएन 2.0 कार्यक्रम के इस चरण ने प्रारंभिक बाल्यावस्था विकास क्षेत्र में इन प्रयासों का और विस्तार किया है और प्रशिक्षण कर्मियों और सक्रियता कार्यक्रमों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता जैसे सौम्य हस्तक्षेपों को भी शामिल किया है। इस कार्यशाला के माध्यम से, इन विभिन्न हितधारकों को एक साथ लाया गया ताकि वे भविष्य के उन रास्तों पर विचार-विमर्श कर सकें जो इन प्रयासों को व्यापक रूप से लागू करने और बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं।

**ई-निविदा सुचना क्र. ०७ / २०२६-२०२७**

**संक्षिप्त निविदा सुचना**

कार्यकारी अभियंता, कोल्हापूर विद्युत विभाग, कोल्हापूर हे महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम (विद्युत विभाग) खात्याकडून शासन निर्णयानुसार आवश्यक तत्सम कामाचा अनुभव असलेले कंत्राटदार यांचेकडून ब-१ नमुन्यातील निविदा ई-निविदा प्रणालीव्दारे (ऑनलाईन) मागवित आहेत. निविदा कागदपत्रे शासनाचे https://mahatenders.gov.in संकेतस्थळ येथून डाऊनलोड करण्यात यावी तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, कोल्हापूर विद्युत विभाग, सा. बां. खाते, कोल्हापूर यांनी राखुन ठेवलेला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| अ. क्र. | कामाचे नांव | कामाची एकूण अंदाजित किंमत |
|---|---|---|
| 1) | Name Of Work- Est No.141016 of 2025.2026 Providing Electrical Installation, Water Pump, UPS, Invertor & Battery, Fire Alarm System, Lift, CCTV Survillance System & Wi-Fi, Solar PV System for Proposed Construction of Suit Rooms at Government Yoga & Naturopathy College & Hospital at Uttur Tal.Ajara Dist.Kolhapur. | ₹.11329669/- |
| 2) | Name Of Work- Est No.141012 of 2025.2026 Providing Electrical Installation, Water Pump, UPS, Invertor & Battery, Fire Alarm System, Lift, CCTV Survillance System & Wi-Fi for Proposed Construction of 100 Capacity of Girls Hostel at Government Yoga & Naturopathy College & Hospital at Uttur Tal.Ajara Dist.Kolhapur. | ₹.10227759/- |

१) ई-निविदा उपलब्ध कालावधी :- दि. १३.०५.२०२६ ते दि. २०.०५.२०२६

२) ई-निविदा उघडणे :- दि.२२.०५.२०२६ रोजी १२:३० वा. अधिक्षक अभियंता (विद्युत), पुणे प्रादेशक विद्युत मंडळ, यांचे कार्यालय, शिवकिर्ती, शासकिय वसाहत निवासस्थान, जी-२/३ व जी-१०, घोरपडी रोड, पुणे- ४११००३ https://mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर ई-निविदाची सर्व माहिती उपलब्ध आहे.

(ई-निविदा सुचनेमध्ये काही बदल होत असल्यास वरील संकेतस्थळावर कळविण्यात येईल)

SANJIVANI DHANANJAY KATTI
Digitally signed by SANJIVANI DHANANJAY KATTI
Date: 2026-05-08 12:08+05:30

कार्यकारी अभियंता
कोल्हापूर विद्युत विभाग (सा.बां), कोल्हापूर.

आरओसी/2026-27/क्र-5/सी729

अब तक किसी टीम को प्लेऑफ का टिकट नहीं मिला...

# पंजाब की राह मुश्किल... दिल्ली की उम्मीदें अभी भी जिंदा है

मुंबई, एजेंसी

**आईपीएल 2026 का लीग चरण खत्म होने में दो सप्ताह से भी कम समय बचा है, लेकिन अब तक किसी टीम ने प्लेऑफ का टिकट पक्का नहीं किया है।**

यही वजह है कि इस सीजन का रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया है। फिलहाल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस 11 मैचों में 14-14 अंकों के साथ शीर्ष दावेदार बने हुए हैं। पंजाब किंग्स 11 मैचों में 13 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स 12 अंक के साथ पांचवें और राजस्थान रॉयल्स 12 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की राह मुश्किल जरूर है, लेकिन उम्मीदें अभी खत्म नहीं हुई हैं।

## कौन है सबसे मजबूत दावेदार?

ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स के आंकड़ों के मुताबिक गुजरात टाइटंस, आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना 80 प्रतिशत से ज्यादा है। यह दर्शाता है कि इन तीनों टीमों ने अब तक सबसे स्थिर प्रदर्शन किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस, तीनों प्लेऑफ के बेहद करीब हैं।



## दिल्ली और केकेआर की उम्मीदें बहुत कमजोर

दिल्ली कैपिटल्स के लिए रास्ता बेहद मुश्किल है। टीम के पास 12 मैचों में 10 अंक हैं। अगर दिल्ली अपने बाकी दोनों मैच जीत भी लेती है, तब भी क्वालिफिकेशन तय नहीं होगा। सबसे बड़ी समस्या उनका खराब नेट रनरेट -0.993 है, जबकि बाकी दावेदार टीमों का नेट रनरेट पॉजिटिव है। दिल्ली को अपने बाकी दोनों मैच जीतने होंगे। साथ ही दूसरी टीमों के नतीजों का इंतजार करना होगा। इतना ही नहीं, नेट रनरेट भी बड़ा फैक्टर रहेगा।

## पंजाब को लगातार चौथी हार

इसके बाद पंजाब किंग्स की संभावना 62.5 प्रतिशत बताई गई है। सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब किंग्स की हार ने पॉइंट्स टेबल की तस्वीर बदल दी। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210 रन बनाए, लेकिन दिल्ली ने यह लक्ष्य 19 ओवर में हासिल कर लिया। यह मुकाबला धर्मशाला में खेला गया, जहां यह सबसे बड़ा सफल रन चेज बन गया। लगातार चौथी हार के बाद पंजाब किंग्स कप्तान श्रेयस अय्यर बेहद निराश नजर आए। पंजाब किंग्स के लिए मामला अभी भी उनके हाथ में है। अगर टीम अपने आखिरी तीन मैचों में से दो जीत लेती है, तो 17 अंकों के साथ प्लेऑफ लगभग तय हो जाएगा।

## सीएसके और आरआर को संभलकर चलना होगा

चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स दोनों के लिए समीकरण साफ है। अगर ये टीमें अपने बचे हुए तीन मैचों में से दो जीत लेती हैं, तो प्लेऑफ में पहुंचने की मजबूत संभावना है। अगर तीनों मैच जीत गए, तो टॉप-2 में भी जगह बना सकते हैं। सिर्फ एक जीत मिली तो दूसरी टीमों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर्स के मुताबिक, चेन्नई सुपर किंग्स 42.7 प्रतिशत और राजस्थान रॉयल्स 41.8 प्रतिशत संभावना के साथ अब भी मजबूत चुनौती पेश कर रही हैं। राजस्थान के लिए खास बात यह है कि युवा स्टार वैभव सूर्यवंशी ने टीम को नई ऊर्जा दी है और उनके प्रदर्शन ने टीम की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

## नाहिद राणा के पंजे में फंसा पाकिस्तान

# बांग्लादेश ने मीरपुर टेस्ट 104 रन से जीतकर बनाई 1-0 की बढ़त

मीरपुर, (हि.स.)

**बांग्लादेश ने मंगलवार को मीरपुर टेस्ट में पाकिस्तान को 104 रन से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। यह पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की लगातार तीसरी टेस्ट जीत है।**

खास बात यह रही कि 2024 से पहले बांग्लादेश ने कभी पाकिस्तान को टेस्ट में नहीं हराया था, लेकिन अब उसने लगातार तीन मुकाबले अपने नाम कर लिए हैं। मीरपुर में मिली यह पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की पहली घरेलू टेस्ट जीत भी है। मैच के आखिरी दिन अंतिम सत्र तक मुकाबला रोमांचक बना रहा। पाकिस्तान को जीत के लिए 268 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन पूरी टीम 163 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 40 रन देकर 5 विकेट झटके और बांग्लादेश की जीत के सबसे बड़े नायक बने। पाकिस्तान की उम्मीदें डेब्यू कर रहे अब्दुल्लाह फजल पर टिकी थीं, जिन्होंने शानदार संयम के साथ 66 रन की पारी खेली। उन्होंने सलमान अली आगा के साथ चौथे विकेट के लिए 48 रन जोड़े और टीम को मैच में बनाए रखा। अंतिम सत्र में पाकिस्तान को 152 रन की जरूरत थी और उसके सात विकेट बाकी थे।



### सत्र शुरू होते ही मैच पलट गया

हालांकि, सत्र शुरू होते ही मैच पलट गया। तैजुल इस्लाम की घूमती गेंद अब्दुल्लाह फजल के पैड पर लगी। अंपायर ने पहले आउट नहीं दिया, लेकिन डीआरएस में फैसला बांग्लादेश के पक्ष में गया। इसके अगले ही ओवर में तस्कीन अहमद ने सलमान अली आगा को आउट कर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। इसके बाद नाहिद राणा ने अपनी रफ्तार से पाकिस्तान की पारी को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने पहले सऊद शकील को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया, फिर 147 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली अंदर आती गेंद पर मोहम्मद रिजवान को बोल्ड कर दिया। रिजवान गेंद को पढ़ ही नहीं सके और गेंद सीधे स्टंप्स में जा लगी।

### राणा ने लिए पांच विकेट

तैजुल इस्लाम ने हसन अली को एलबीडब्ल्यू किया, जबकि नाहिद राणा ने नोमान अली को भी एलबीडब्ल्यू आउट कर अपना पांच विकेट पूरा किया। अंत में शाहीन अफरीदी का कैच लपकते ही बांग्लादेश ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ली।

## IPL आईपीएल-2026 : आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर बेंगलुरू VS कोलकाता नाइट राइडर्स

स्थान : रायपुर समय : शाम 07.30 बजे से

## धीमी ओवर गति के कारण अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का यह मुकाबला 11 मई 2026 को धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला गया था, जिसमें दिल्ली ने रोमांचक अंदाज में 3 विकेट से जीत दर्ज की थी। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर यह कार्रवाई की गई। चूंकि यह दिल्ली कैपिटल्स का इस सीजन पहला ओवर-रेट अपराध था, इसलिए कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# थाईलैंड ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी



नई दिल्ली, (हि.स.)

**भारतीय बैडमिंटन स्टार सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने थाईलैंड ओपन 2026 के पुरुष युगल वर्ग में शानदार शुरुआत करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।**

भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को खेले गए पहले दौर के मुकाबले में इंडोनेशिया के मुह पुत्रा एरवियांस्याह और बागस मौलाना की जोड़ी को कड़े संघर्ष में 21-19, 21-23, 21-10 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे और चार मिनट तक चला। पहला गेम बेहद रोमांचक रहा, जिसमें सात्विक और चिराग ने 21-19 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए 23-21 से मुकाबला अपने नाम किया। हालांकि निर्णायक गेम में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और 21-10 से एकतरफा जीत हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में सात्विक-चिराग की भिड़ंत मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मुहम्मद हैकाल की जोड़ी से होगी।



## संक्षिप्त समाचार

### लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 1456 अंक लुढ़का



**नई दिल्ली, (हि.स)।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और प्रधानमंत्री की देशवासियों से मितव्ययिता की अपील के बाद हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ है। सेंसेक्स 1,456.04 अंक फिसल गया, जबकि निफ्टी 436.30 अंक टूटकर 23,379.55 पर आ गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 1,456.04 अंक यानी 1.92 फीसदी लुढ़ककर 74,559.24 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 436.30 अंक यानी 1.83 फीसदी की गिरावट के साथ 23,379.55 के स्तर पर बंद हुआ है। शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी दिन ये गिरावट आई है। पिछले चार दिन में सेंसेक्स करीब 3,500 अंक और निफ्टी लगभग 1,000 अंक टूटा है। बाजार में आज के कारोबार में रियल्टी और आईटी के शेयर सबसे ज्यादा टूटे हैं। टीसीएस, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में 4.5 फीसदी तक की गिरावट देखने को मिली है। वहीं ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मीडिया, फार्मा, पीएसयू बैंक और प्राइवेट बैंक के शेयरों में 2.5 फीसदी तक की गिरावट आई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया और टूटकर 95.63 (अस्थायी) प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया है।

### मेटा में 8000 कर्मचारियों की छंटनी, एआई पर फोकस




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव चरम पर है। वहीं, दूसरी ओर दुनिया के टेक जगत में एआई के कारण लोगों की नौकरियां जाने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है। फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा 20 मई को अपने 8,000 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग अब मेटा को छोटी और एआई-संचालित टीमों के इर्द-गिर्द फिर से तैयार कर रहे हैं। हाल ही में पहली तिमाही के नतीजों के दौरान जुकरबर्ग ने स्पष्ट कर दिया है कि कंपनी केवल उन कर्मचारियों को साथ रखना चाहती है, जो अकेले ही बड़े प्रोजेक्ट्स को संभालने की क्षमता रखते हैं।

जुकरबर्ग का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरणों की मदद से अब एक या दो लोग एक हफ्ते में वह काम कर रहे हैं, जिसे पूरा करने में पहले दर्जनों इंजीनियरों को महीनों लग जाते थे। इसी बदलाव को देखते हुए कंपनी अपनी टीमों को छोटा और अधिक उत्पादक बना रही है। जुकरबर्ग के अनुसार, यह फैसला केवल लागत कम करने के लिए नहीं, बल्कि मेटा को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का एक संरचनात्मक विकल्प है। कंपनी में अब अल्ट्राफ्लैट ढांचा लागू किया जा रहा है, जहां 50 इंजीनियरों पर केवल एक मैनेजर काम कर रहा है।


## एसबीआई की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता

# रुपया गिरा तो टूटेगा 5 ट्रिलियन इकॉनोमी का सपना

नई दिल्ली, एजेंसी

**ईरान संकट से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण रुपया डॉलर के मुकाबले गिरकर 95 के स्तर से नीचे आ गया है।**

एसबीआई रिसर्च की सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अगर रुपया 95 के स्तर पर रहता है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार



घटकर 4.04 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा। ऐसे में भारत के 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना 2029-30 से पहले पूरा नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के समय में बाहरी कारकों और अनियंत्रित सट्टेबाजी के कारण रुपये में काफी गिरावट आई है। इससे बचने के लिए भुगतान संतुलन के मोर्चे पर संरचनात्मक बदलाव करने होंगे। आयात प्रतिस्थापन और निर्यात प्रतिस्पर्धी क्षमता के साथ वैश्विक मूल्य शृंखला में एकीकरण के सुरक्षा उपायों को व्यवस्थित करना होगा।

### भुगतान संतुलन की समस्या से निपटने के लिए व्यापक उपाय जरूरी

रिपोर्ट में कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से ऊपर रहने और परिवहन एवं बीमा लागत में भारी वृद्धि के कारण देश के भुगतान संतुलन पर असर पड़ रहा है। इससे निपटने के लिए नीतिगत स्तर पर एक व्यापक पैकेज लागू करने की जरूरत है। विदेश में रह रहे भारतीयों के लिए बॉन्ड जारी करना भी बेहतर विकल्प हो सकता है। एसबीआई की यह रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रविवार को ईरान संकट के कारण विदेशी मुद्रा बचाने, ईंधन का सूझबूझ से उपयोग करने, सोने की खरीद रोकने और विदेश यात्रा टालने की अपील के बाद आई है।

### चौथी तिमाही में 7.2 फीसदी रहेगी वृद्धि दर

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.2 फीसदी के करीब रह सकती है। वहीं, 2026-27 में अर्थव्यवस्था 6.6 फीसदी की रफ्तार से बढ़ सकती है। 2025-26 में वृद्धि दर 7.5 फीसदी रहने की उम्मीद है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय 29 मई को 2025-26 के लिए सालाना जीडीपी के अस्थायी अनुमान के साथ चौथी तिमाही के आंकड़े जारी करेगा।

# खुदरा महंगाई दर अप्रैल में बढ़कर 3.48 फीसदी पर पहुंची

नई दिल्ली, (हि.स)

**पश्चिम एशिया संकट से जुड़ी बढ़ती ऊर्जा लागत के बीच अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पहले मार्च में यह 3.40 फीसदी थी। लगातार छठे महीने इसमें बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे खुदरा महंगाई अब एक साल के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई है।**

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक इसकी वजह पश्चिम एशिया संकट से जुड़ी बढ़ती ऊर्जा लागत के बीच भोजन और पेय पदार्थ, कपड़े, आवास



और उपयोगिताओं की कीमतें बढ़ना है। एनएसओ की तरफ से वर्ष 2024 को आधार मानकर की गई गणना के आधार पर जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य महंगाई दर अप्रैल में सालाना आधार पर बढ़कर 4.2 फीसदी हो गई, जो मार्च में 3.87 फीसदी थी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महंगाई की दर क्रमशः 3.74 फीसदी और 3.16 फीसदी दर्ज की गई है। महंगाई दर में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। यह तनाव लंब चला तो महंगाई आगे और बढ़ सकती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने पिछले महीने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति का अनुमान 4.6 फीसदी रखा था। इसमें पहली तिमाही के लिए चार फीसदी महंगाई का अनुमान जताया गया।

# मूडीज रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6 फीसदी किया

नई दिल्ली, (हि.स)

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने 2026 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 0.8 फीसदी घटाकर छह फीसदी कर दिया है। यह कटौती निजी खपत और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती के साथ-साथ ऊंची ऊर्जा लागत के कारण की गई है।

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को जारी अपनी 'ग्लोबल मैक्रो आउटलुक' के मई संस्करण में कहा है कि अगले छह महीनों में ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी




तथा ईंधन एवं उर्वरक की कमी का असर विभिन्न देशों में अलग-अलग होगा जो उनकी निर्भरता तथा लचीलेपन पर निर्भर करेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य अत्यधिक अनिश्चित बना हुआ है, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की स्थिति नाजुक है। ऐसे में हम भारत के लिए वृद्धि दर में करीब 0.8 प्रतिशत अंक तक की गिरावट का अनुमान लगाते हैं। इसके अलावा मूडीज रेटिंग्स ने 2027 के लिए भी भारत की जीडीपी की वृद्धि दर के अनुमान को 0.5 फीसदी अंक घटाकर छह फीसदी कर दिया है। एजेंसी के अनुसार ऊर्जा आपूर्ति में सुधार और शिपिंग प्रवाह के सामान्य होने के साथ ये दबाव धीरे-धीरे कम होंगे एवं आर्थिक गतिविधियां सुधरेंगी। मूडीज रेटिंग ने इसके साथ ही कहा कि भारत ऊंची तेल कीमतों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 90 फीसदी आयात करता है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा

# श्रम सुधार पूरी तरह लागू, सरकार गरीबों की समर्थक एवं उद्योग अनुकूल



नई दिल्ली, (हि.स)

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने 4 नई श्रम संहिताओं को पूरी तरह लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार गरीबों की समर्थक और उद्योगों के अनुकूल है। मांडविया ने दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए यह बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि श्रम एवं उद्योग को प्रभावी समन्वय के लिए एक-दूसरे के पूरक बनना चाहिए और बदलाव के साथ तालमेल बैठाना चाहिए।

मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश में उद्योगों पर अनुपालन का बोझ कम करते हुए श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने की दिशा में काम किया है। मांडविया सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2026 को संबोधित कर रहे थे, जिसका विषय था- 'अगली पीढ़ी के श्रम सुधार: उद्योग के विकास और रोज़गार सृजन को बढ़ावा।'

मांडविया ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज एक दशक पहले के 29 करोड़ लोगों से बढ़कर अब 94 करोड़ लोगों तक पहुंच गया है। नए श्रम संहिताओं पर प्रकाश डालते हुए मांडविया ने कहा कि ये सुधार श्रम-केंद्रित और उद्योग-केंद्रित, दोनों ही हैं। सरकार गरीबों व किसानों के हित में और उद्योगों के अनुकूल होने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उद्योग और श्रम को एक साझा भविष्य की ओर मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### खलघाट में खुलेआम सज रहीं मटन की दुकानें, राहगीरों और स्थानीय लोगों में नाराजगी



**धामनोद, खलघाट,निप्र (विनय उजाला)।** पवित्र मां नर्मदा के तट पर इन दिनों खुलेआम मटन की दुकानें लगाए जाने से श्रद्धालुओं और स्थानीय रहवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। खलघाट स्थित नर्मदा संजय सेतु ब्रिज के ठीक पहले सड़क किनारे दो से तीन मटन की दुकानें खुले में संचालित हो रही हैं, जहां पूरे दिन मांस विक्रय किया जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान को मां नर्मदा की आस्था और धार्मिक महत्व के कारण पवित्र माना जाता है, वहां इस प्रकार खुलेआम मटन बिक्री होने से धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। सुबह होते ही सड़क किनारे दुकानें सज जाती हैं, जिससे वहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों और राहगीरों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है।

रहवासियों ने बताया कि दुकानों के कारण आसपास गंदगी और दुर्गंध का माहौल भी बन रहा है। खास बात यह है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा खुले में मटन बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं, इसके बावजूद खलघाट क्षेत्र में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि मां नर्मदा तट की गरिमा और धार्मिक वातावरण को बनाए रखने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए तथा खुले में संचालित हो रही मटन दुकानों पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए।

### जनगणना : सुपरवाइजर, प्रगणकों ने पूरा किया काम



**पेटलावद, निप्र, विनय उजाला।** 01 मई से पूरे देश में जनगणना कार्य की शुरुआत हो चुकी है। इसी क्रम जिला कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट के नेतृत्व में पूरे जिले में भी जनगणना का कार्य चल रहा है। पेटलावद क्षेत्र में भी एसडीएम तनुश्री मीणा ओर तहसीलदार अनिल बघेल के मार्गदर्शन में कर्मचारीयो के द्वारा नियत समय पूर्व जनगणना कार्य का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है।

इसी क्रम में नगर परिषद पेटलावद के सुपरवाइज़र सर्किल 3 में एचएलबी13, वार्ड 6 प्रगणक प्रवीण जैन, एचएलबी20, वार्ड 9 प्रगणक प्रवीण सामवेदी, एचएलबी21, वार्ड10 प्रगणक रमेश पड़ियार, एचएलबी22 व 23 वार्ड 11, प्रगणक संदीप तिवारी, एचएलबी24 वार्ड 12 प्रगणक पवन खराड़ी, सर्किल 03 सुपरवाइज़र नटवरलाल नागर ने निश्चित समयावधि में 100/ जनगणना का कार्य पूर्ण कर बड़ी उपलब्धि प्राप्त की। इस सराहनीय कार्य के लिए तहसीलदार अनिल बघेल, नवाब तहसीलदार अंकिता भिड़े, सीएमओ राहुल कुमार वर्मा ने इन समस्त कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### राष्ट्रीय नर्स डे मनाया, दी नर्सों को शुभकामनाएं



**बाग,निप्र, विनय उजाला।** स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहने वाली नर्सों का जो इस क्षेत्र में योगदान होता है उसे भुलाया नहीं जा सकता साथ ही अपने स्नेह सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति होती है देश की नर्सें। उसी को लेकर 12 मई को राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। 6 मई से 12 मई तक मनाए जाने वाले इस नर्स दिवस को बाग भी मनाया। सभी ने अपने कार्य के प्रति समर्पित नर्सों को बधाई, शुभकामनाएं दीं। लोग दशकों से नर्सों का सम्मान करते आ रहे हैं। 1980 के दशक तक संयुक्त राज्य अमेरिका ने इन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा में पेशेवर को उनके सम्मान में एक विशेष दिवस के रुप में मान्यता नहीं दी थी राष्ट्रीय नर्स दिवस राष्ट्रीय नर्स सप्ताह का पहला दिन है, जो प्रत्येक वर्ष 6 से 12 मई तक मनाया जाता है। फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस पर समाप्त होता है। पहली बार इन्टरनेशनल नर्स डे 1974 मे मनाया गया था। कोरोना काल के दौरान नर्सों ने अपनी अहम जिम्मेदारी के साथ लोगों की सेवा की जिसे पुरी दुनिया ने देखा। नर्सों ने डाक्टरों के साथ कोरोना काल के समय में मरीजों की सेवा कंधे से कंधा मिलाकर की। बाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सीएचओ सोनाली गामड़, जयंती गिनावा, पूजा वास्केल ने नर्स डे के अवसर पर बताया अपने कृत्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। इसी को अपनी सेवा मानते हुए हम मरीजों के उपचार के साथ उनकी देखभाल भी करते हैं। अपनी भावनाओं को नियंत्रित रखते हुए तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी मरीज की देखभाल करना हमारी पहली प्राथमिकता होती है। साथ ही इस सेवा को कर हम गौरव महसुस करते हैं।

### अचानक लगी आग से बागड़ हुई खाक



**बाग,निप्र, विनय उजाला।** भीषण गर्मी के चलते आग लगने के समाचार लगाता कहीं न कहीं से आ रहे हैं। हाल ही बाग में तीन से चार स्थानों पर आग लग चूकी है। सोमवार शाम को ग्राम पंचायत के सामने गली में एक खेत की बागड़ में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बागड़ जलकर खाक हो गई। एनएसयूआई के ब्लाक अध्यक्ष सुरज मंत्री ने बताया आग लगने का कारण तो पता नहीं चला, मगर अचानक ही आग की लपटें उठीं। हम लोगों ने सभी की मदद से आग पर जैसे तैसे काबू तो किया लेकिन बागड़ नहीं बच पाई।

### मंडी में कच्चे आम का क्रय-विक्रय 18 मई से होगा

**आलीराजपुर,निप्र, विनय उजाला।** कृषि उपज मंडी समिति, आलीराजपुर द्वारा सर्वसाधारण, आम विक्रेता किसान भाईयों एवं अनुज्ञप्तिधारी आम क्रेता व्यापारियों को सूचित किया गया है कि 18 मई 2026, सोमवार से मंडी प्रांगण में कच्चा आम (केरी) का क्रय-विक्रय प्रारंभ किया जाएगा। मंडी समिति ने जिले के आम उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे अपनी वन उपज आम अधिक से अधिक मात्रा में मंडी प्रांगण में लाकर खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय करें, ताकि उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक एवं उचित मूल्य प्राप्त हो सके। इसके साथ ही जो व्यक्ति या संस्था कच्चे आम का क्रय-विक्रय एवं व्यवसाय करना चाहती है, वह कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लाइसेंस संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकती है। इस संबंध में मंडी सचिव राधेश्याम सिर्वी (मो. 9165723871) एवं शाखा प्रभारी सुरंग सिंह कनेश (मो. 9406850318) से संपर्क किया जा सकता है।

---

सांसद ठाकुर के प्रयासों से मिली 142.65 करोड़ की बड़ी सौगात

# जनजातीय क्षेत्र के बच्चों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं : सांसद ठाकुर

## धार लोकसभा के 36 हाई स्कूलों में होंगे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य

विनय उजाला



**धार,निप्र। धार-महू लोकसभा क्षेत्र में शिक्षा और आधारभूत विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है।**

सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के सतत प्रयासों से लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में विकास कार्यों हेतु 142 करोड़ 65 लाख 36 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि मध्य प्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के माननीय कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा जारी की गई है।

लोकसभा क्षेत्र में स्वीकृत राशि के अंतर्गत धार विधानसभा के 7, गंधवानी विधानसभा के 6, सरदारपुर विधानसभा के 6, कुक्षी विधानसभा के 9 तथा मनावर विधानसभा के 8 हाई स्कूलों में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य किए जाएंगे। इन विद्यालयों में भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, प्रयोगशालाएं, छात्र-छात्राओं हेतु आवश्यक सुविधाएं तथा अन्य आधारभूत विकास कार्य संपादित किए जाएंगे, जिससे आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा।

सांसद सावित्री ठाकुर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री की सोच है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचे और शिक्षा के माध्यम से हर वर्ग को सशक्त बनाया जाए। इसी संकल्प के साथ आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, अधोसंरचना एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

### सीएम डॉ. यादव का जताया आभार

सांसद ठाकुर ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के विकास, शिक्षा के विस्तार तथा ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। सावित्री ठाकुर ने जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह के प्रति विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके सहयोग एवं सकारात्मक पहल से लोकसभा क्षेत्र को यह बड़ी सौगात प्राप्त हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर वातावरण मिलेगा तथा आदिवासी अंचलों में शिक्षा और विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

---

# माँ नानादेवी मंदिर में काल भैरव मूर्ति, शिखर की प्रतिष्ठा, 70 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

विनय उजाला

**बाग-अमझेरा,निप्र।** माँ नानादेवी मंदिर में काल भैरव मूर्ति स्थापना एवं मंदिर शिखर प्रतिष्ठा महामहोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं और समाजजनों की उपस्थिति ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। महोत्सव के दौरान पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

महोत्सव का आयोजन श्रद्धाविधान आचार्य ओमप्रकाश जी व्यास (परशुराम मंदिर जानापाव), पंडित प्रवीण जी एवं रवि जी पाठक तथा माँ नानादेवी मंदिर के पुजारियों के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत काल भैरव भगवान की मूर्ति स्थापना से हुई, जिसके पश्चात मंदिर शिखर प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया।



हवन के दौरान श्रद्धालुओं ने अग्नि में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजन के दौरान कई श्रद्धालुओं ने हवन अग्नि में माता जी के रथ पर विराजमान होकर आने जैसे दिव्य दर्शन होने की बात कही। पूरे परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का संचालन विष्णु वैभव मोदी एवं अनिल मोदी ने किया। आयोजन में अखिल भारतीय चौरासी पंच कुमरावत समाज समिति एवं स्थानीय समाजजनों का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया, जिसमें 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 70 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेहड़ा, पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजू खेड़ी सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने समाज की एकता, धार्मिक आस्था एवं शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

क्षमा कुमरावत, मोनिका अरुण मोदी, मोनिका जवाहर कुमरावत, साधना जेजगाया, प्रमिला आशापुरी, ज्योति पटेल, कृष्णा मालवी, रंजना बडोदिया, रानी युवराज मोदी, सोनम मनीष मोदी, पुष्पा कांतिलाल मोदी एवं पुष्पा दुर्गाप्रसाद मालवी ने कहा ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

---

स्टेट बार काउंसिल : पेटलावद में 90 प्रतिशत मतदान

# 25 सीटों के लिए 122 उम्मीदवार मैदान में



मनोज पुरोहित

**पेटलावद, विनय उजाला।** न्यायालय में पक्षकारों के हितों के लिए अधिवक्ता लड़ाई लड़ते हैं। अधिवक्ताओं को अपने अधिकारों के लिए भारतीय लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा निर्वाचन प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ता है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर मप्र राज्य अभिभाषक संघ के निर्वाचन हो रहे हैं। पिछले कई महीनों से चल रही चुनावी प्रक्रिया के बाद आज 12 मई को मप्र राज्य अभिभाषक के निर्वाचन हेतु प्रदेश की समस्त न्यायालयों आज में पंजीकृत अधिवक्ताओं के द्वारा आज मतदान किया।

पूरे प्रदेश की 25 सीट के लिए 122 अधिवक्ता चुनावी मैदान में हैं। पेटलावद न्यायालय परिसर में भी एडीजे एवं निर्वाचन अधिकारी ओपी वोहरा ने आज पेटलावद में अभिभाषक संघ के 62 पंजीकृत सदस्य अधिवक्ताओं से मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न करवाई। पेटलावद में राज्य अधिवक्ता संघ के 62 पंजीकृत सदस्य हैं, जिनमें से 02 का निधन हो चुका है। कुल 50 अधिवक्ताओं ने आज अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाले इस तरह पेटलावद में कुल 90/ प्रतिशत की वोटिंग हुई। निर्वाचन अधिकारी ओर पेटलावद एडीजे ओपी वोहरा ने माननीय उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रधान न्यायाधीश झाबुआ आशिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न करवाया। इस अवसर न्यायालयीन स्टॉफ पवन पाटीदार, भरत मुनिया, इंद्रा चौहान, नीलम ऊंईके, भेरूसिंह, छोगालाल पाटीदार का भी पूर्ण सहयोग मिला। व्ही एडवोकेट बलदेवसिंह राठौर, मोहसिन मंसूरी, संजय भायल ओर चेतन राठौर ने मतदाता पेटी के पंचनामा के साक्षी के रूप में अपनी सहभागिता निभाई।

---

जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के लिए हुई बैठक

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 20 और 21 मई को मांडू में होगा



विनय उजाला

**धार।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत धार जिले का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 20 और 21 मई को मांडू में होगा। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, वैचारिक प्रशिक्षण, अनुशासन पर खास ध्यान रहेगा।

जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण स्थल मांडू पर में व्यवस्थापक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की। बैठक को जिला प्रशिक्षण प्रभारी नानुराम कुमावत भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने संबोधित किया।

बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, कार्य विभाजन एवं आयोजन की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की। जिला प्रशिक्षण प्रभारी नानुराम कुमावत ने कहा कि भाजपा समय-समय पर प्रशिक्षण वर्गों से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास, कार्यपद्धति से जोड़ती रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि पहले चरण में जिले के 18 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक हो चुके हैं। अब दूसरे चरण में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति समर्पित, सक्षम बनाता है।

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने, जिला प्रशिक्षण वर्ग संयोजक व महामंत्री राकेश पटेल, सह संयोजक अक्षय शर्मा, अल्पना जोशी, कपिल निनामा, वर्ग नियंत्रक जिला मंत्री कमल यादव समेत व्यवस्था टोली प्रभारी मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

---

धार शहर में बनेगा आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

# पुराने नपा परिसर में बनेंगी 64 दुकानें, स्टेट कालीन घंटाघर पर लगाएंगे लाल पत्थर

### निर्माण व रिनोवेशन कार्य का हुआ भूमिपूजन

विनय उजाला

**धार,निप्र।** शहर में आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने जा रहा हैं, बुंदेलवाडी स्थित पुरानी नगर पालिका भवन परिसर में करीब 64 दुकान बनाई जाएगी। चार करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से दुकानों के साथ ही पुराने घंटाघर का भी रिनोवेशन होगा। स्टेट कालीन घंटाघर को पहचान दिलाने के उद्देश्य से लाल पत्थर, मार्बल का रुप देकर घंटाघर को संवारा जाएगा। टेंडर प्रक्रिया के बाद संबंधित एजेंसी को वर्क ऑर्डर दिया गया था, अब धरातल पर काम की शुरुआत के पहले मंगलवार को नपा अध्यक्ष नेहा-महेश बोडाने, उपाध्य क्ष मयंक म्हाले, सीएमओ वीके सिंह सहित पार्षदों ने कार्य का भूमिपूजन किया। नपा अध्यक्ष बोडाने संबंधित एजेंसी को गुणवत्तापूर्वक निर्माण करने व समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कॉम्प्लेक्स बनने से व्यापार को बढावा मिलेगा।



### आठ माह का समय तय

नपा सीएमओ वीके सिंह के अनुसार डीपीआर के तहत 64 दुकान घंटाघर के चारों तरफ बनाई जाएगी। आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कॉम्प्लेक्स में दो निकासी द्वार होंगे। परिसर में ही पॉर्किंग की जगह होगी, ताकि लोग वाहन पार्क करके बाजार से अपना सामान खरीद सकें। साथ ही घंटाघर को रिनोवेट करते हुए इसमें लाल पत्थर, मार्बल सहित ग्रेनाइट का उपयोग होगा। निर्माण स्थल पर जगह को देखते हुए करीब पांच से सात दुकानें अतिरिक्त भी बनाई जा सकती है। नपा ने संबंधित एजेंसी को आठ माह में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आगामी वर्ष 2027 में दुकान आवंटन की प्रक्रिया नपा कर सके।

### शहर की पहचान घंटाघर

दरअसल नगर की बुंदेलवाडी स्थित घंटाघर शहर की पहचान हैं, इस भवन का निर्माण स्टेट काल के दौरान हुआ था। उस समय शहर में इससे बड़ी कोई इमारत नहीं थी, तब घड़ी नहीं होने के कारण भवन पर घंटा लगाया था। इसकी तेज आवाज शहर के हर कोने में सुनाई देती थी। धार में नपा का गठन हुआ तो सबसे पहले नपा का कार्यालय ही इसी भवन में लंबे समय तक चला, किंतु करीब एक दशक पहले नपा कार्यालय को मांडू रोड पर शिफ्ट किया गया था। वर्तमान में भवन के एक हिस्से में आंगनबाड़ी से लेकर नपा की गाड़ियों की रिपेयरिंग भी यहीं पर होती है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति रवि मेहता, पूजा जितेंद्र अग्रवाल, सुमित्रा मकवाना, नेता प्रतिपक्ष करीम कुरैशी सहित नपा का विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

---

### 2025 के हज यात्रियों को रिफंड मिलने से खुशी



**डही,निप्र।** पिछले वर्ष 2025 में हज यात्रा कर चुके हज यात्रियों के खाते में रिफंड आने से खुशी है। वहीं 2026 की हज यात्रा कई बदलाव के बाद शुरू हो गई है। जिसने पिछले साल की तुलना में इस वर्ष प्रत्येक हज यात्री पर आर्थिक खर्च भी बढ़ा दिया है। इस वर्ष हज पर जाने वाले यात्रियों को खासतौर पर हवाई जहाज किराए में दस हजार रुपए की बढ़ोतरी और डिजिटल घड़ी के सात हजार रुपए लेने सहित चाय, नाश्ते, भोजन पर पड़ने वाले खर्च ने उनकी हज यात्रा को महंगा कर दिया है।

हाजी इरफान मंसूरी ने बताया कि वर्ष 2025 में भारतीय हज कमेटी के माध्यम से प्रति हज यात्री ने 3 लाख 36 हजार रुपए में हज यात्रा की थी। उनके खातों में अब 27 हजार से 35 हजार रुपए प्रति हज यात्री रिफंड पैसा आ रहा है। रिफंड मिलने से उनका हज महज 3 लाख 10 हजार में ही हो गया है। मंसूरी ने बताया कि आमतौर पर सुविधाओं में कमी होने से हज यात्रियों को रिफंड दिया जाता है। पिछले वर्ष हज यात्रा कर चुके कुक्षी के पार्षद हाजी फिरोज मंसूरी मोनीशा ने बताया कि हमारा हज काफी अच्छा रहा था। सारी सुविधाएं बेहतर थी। सोचा भी नहीं था कि रिफंड के 27 हजार रुपए खाते में आएंगे। एक वर्ष बाद इतनी बड़ी रकम मिलने पर हजयात्रियों में खुशी है।

---

कलेक्टर माथुर ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में हुई साप्ताहिक जनसुनवाई

विनय उजाला

**आलीराजपुर,निप्र। जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने एक-एक कर नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए।**



आज की जनसुनवाई के दौरान आवेदक दिनाबाई पति सुरला चौहान निवासी ग्राम गिराला तहसील आलीराजपुर ने आवेदन दिया कि मैं पिछले एक वर्ष से कैंसर से पीड़ित हूं। मैं एक गरीब परिवार से हूं और मेरी आर्थिक स्थिति भी ठीक नही हैं जिसके कारण मैं मेरा उपचार करवाने में असमर्थ हूं। मुझे बीमारी के उपचार हेतु आर्थिक सहायता दिलवायी जाए। उक्त आवेदन के निराकरण के लिए कलेक्टर माथुर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एक अन्य आवेदन लक्ष्मण फलिया ग्राम पंचायत बडी उत्ती तहसील उदयगढ़ के निवासियों ने आवेदन दिया कि हमारे फलिया में एक भी हैंडपंप उपलब्ध नहीं है, जिससे पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गांव में स्थित कुआं फलिया से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूरी पर है तथा गर्मी के मौसम में वह भी सूख जाता है। साथ ही पानी लाने के लिए महिलाओं को तेज धूप में लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है। उन्होंने आवेदन दिया कि शासकीय योजना अंतर्गत लक्ष्मण फलिया में नवीन हैंडपंप खनन करवाया जाएं। इसके अतिरिक्त पिपरानी फलिया ग्राम भानारावत, आम वाला फलिया, राजगोलिया मुहड़ा फलिया ग्राम खण्डला, भयड़िया फलिया ग्राम कोदला एवं ग्राम लक्ष्मणी आदि ग्रामवासीयो ने हेण्डपम्प खनन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने उक्त आवेदनो को पीएचई विभाग को जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### भूमि पर कब्जा, वेतन भुगतान की शिकायतें भी आई सुनवाई में

इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि पर कब्जा, वेतन भुगतान, नामांतरण एवं बटवारा, जमीनी विवाद, अतिक्रमण जैसे विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने जनसुनवाई में उपस्थित सभी अधिकारियों को जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण होने पश्चात संबंधित आवेदक को अवगत करा कर जिला मुख्यालय भी अवगत कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघमित्रा गौतम, संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वीरेंद्र बघेल, निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर निर्मला कलमें सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व का परिणाम : प्रदेश बन रहा देश का वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन हब

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने वन और वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बनाई है। राज्य सरकार ने वन्य जीवों के संरक्षण को केवल पर्यावरणीय दायित्व नहीं माना। सरकार ने इसे विकास, पर्यटन, स्थानीय रोजगार, सांस्कृतिक चेतना और सामुदायिक सहभागिता से जोड़कर व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की दूरगामी सोच से मध्यप्रदेश आज 'टाइगर स्टेट' के साथ ही देश के सबसे व्यापक और वैज्ञानिक वन्य जीव संरक्षण मॉडल के रूप में उभरा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विजन है कि प्रदेश के वन और नदियां केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। मध्यप्रदेश के वन देश की कई प्रमुख नदियों का मायका है। इस तरह ये वन कई राज्यों की जल सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसी सोच के साथ राज्य सरकार जलवायु अनुकूल, विज्ञान आधारित और समुदाय केंद्रित वन प्रबंधन मॉडल को आगे बढ़ा रही है।

**कूनो बना वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन का ग्लोबल प्रयोगशाला :** श्योपुर का कूनो नेशनल पार्क आज विश्व स्तर पर वन्यजीव संरक्षण का प्रतीक बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुए 'प्रोजेक्ट चीता' को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बोत्सवाना से लाई गई मादा चीतों को खुले जंगल में छोड़कर इस महत्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाया। वर्तमान में कूनो में चीतों की संख्या 57 तक पहुंच चुकी है। एक शताब्दी पूर्व लुप्त हो चुके चीतों की देश में सफल पुनर्स्थापना ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि वैज्ञानिक प्रबंधन और राजनीतिक प्रतिबद्धता के बल पर विलुप्त प्रजातियों का पुनर्वास संभव है। मध्यप्रदेश में चीतों साथ ही लुप्त हो चुकी 'जंगली भैंसा' प्रजाति को भी कान्हा की घास-भूमि में आबाद किया जा



रहा है। राज्य सरकार अब कूनो को 'ग्लोबल ब्रीडिंग सेंटर' के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है। साथ ही गांधी सागर अभयारण्य को चीतों का दूसरा और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व, नौरादेही को तीसरा बड़ा चीता लैंडस्केप बनाया जा रहा है।

## विलुप्त प्रजातियों की पुनर्स्थापना का अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यकाल में चीतों के साथ ही कई दुर्लभ और विलुप्तप्राय : प्रजातियों के संरक्षण और पुनर्स्थापन पर विशेष ध्यान दिया गया है। कान्हा टाइगर रिजर्व में असम के काजीरंगा नेशनल पार्क से लाए गए जंगली भैंसों का पुनर्वास इस दिशा में ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। यह प्रयास केवल एक प्रजाति को पुनर्स्थापित करने तक सीमित नहीं, बल्कि विलुप्त हो रही जैव-विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने का अभियान है। चंबल, कूनो और नर्मदा क्षेत्र में घड़ियाल, मगरमच्छ और कछुओं के संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

## गिद्ध संरक्षण में प्रदेश कर रहा देश का नेतृत्व

मध्यप्रदेश गिद्ध संरक्षण में देश का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। कभी विलुप्ति के कगार पर पहुंचे गिद्धों की संख्या राज्य में अब 14 हजार से अधिक हो चुकी है, जो देश में सर्वाधिक है। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी और वन विहार नेशनल पार्क के सहयोग से भोपाल के केरवा क्षेत्र में घायल गिद्धों के लिए रेस्क्यू सेंटर संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा वन विहार में उपचार के बाद 23 फरवरी 2026 को मुक्त किया गया एक गिद्ध पाकिस्तान और उज्बेकिस्तान तक की लंबी यात्रा पूरी कर चुका है, जिसे संरक्षण प्रयासों की सफलता का प्रतीक माना जा रहा है।

## नए टाइगर रिजर्व और अभयारण्य से बढ़ा संरक्षण क्षेत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेतृत्व में राज्य सरकार ने वन क्षेत्रों के विस्तार और जैव-विविधता संपन्न क्षेत्रों को कानूनी सुरक्षा प्रदान करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। दिसंबर-2024 में रातापानी अभयारण्य को टाइगर रिजर्व के दर्जे के साथ वन एवं वन्य जीव संरक्षण को नया आयाम मिला। यह निर्णय वर्ष 2008 में अनुमति मिलने के बावजूद अब तक लंबित रहा था, इसलिए इसे ऐतिहासिक माना गया। इस टाइगर रिजर्व का नाम विश्व प्रसिद्ध पुरातत्वविद् पं. विष्णुदेव श्रीधर वाकणकर के नाम पर रखा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सिंह ने लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष का किया पदभार ग्रहण



**भोपाल, निप्र।** सत्येंद्र भूषण सिंह ने मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड के अध्यक्ष पद का मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी और विधायक भोपाल दक्षिण पश्चिम भगवान दास सबनानी सहित पार्टी पदाधिकारी, संगठन के कार्यकर्ता तथा आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार उपस्थित थे। अध्यक्ष सिंह ने नियुक्ति पर प्रदेश शासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम केवल एक उपक्रम नहीं, बल्कि लाखों कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों के सपनों का मंच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा देश के युवा उद्यमियों के लिए जो रोड मैप तैयार किया गया है उस पर संकल्पित होकर निगम को प्रगतिशील बनायेंगे। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' को 'ग्लोबल फॉर लोकल बनाना और कारीगर से कारोबारी तक जिले में छिपी हुई हुनर को मुख्य बाजार से जोड़ना, ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस, लघु उद्यमियों के लिए प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी, समयबद्ध और लाभप्रद बनाना उनका लक्ष्य है। अध्यक्ष सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के प्रयास होंगे।

### कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में हुआ इंडो-फ्रेंच कॉन्क्लेव, मंत्री काश्यप ने कहा-

# मप्र-फ्रांस का सहयोग विकास, वैश्विक निवेश के नए अवसर तैयार करेगा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश आज शांति, स्थिरता और औद्योगिक संभावनाओं का मजबूत केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप निवेशक-अनुकूल नीतियां विकसित की हैं, जिससे उद्योगों के लिए भरोसेमंद और सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश के हृदय स्थल पर स्थित होने के कारण भारत के प्रमुख बाजारों तक सहज और संतुलित पहुंच प्रदान करता है, जिससे लॉजिस्टिक्स और सप्लाई नेटवर्क अत्यंत सुगम एवं किफायती बनता है। मंत्री काश्यप ने यह बात कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में इंडो-फ्रेंच कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कही।

मंत्री काश्यप ने कहा कि स्पेस टेक्नोलॉजी, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स, फूड प्रोसेसिंग और उभरते









औद्योगिक क्षेत्रों में मध्यप्रदेश तेजी से नई संभावनाएं विकसित कर रहा है। सिंचाई क्षमता में हुए विस्तार से कृषि आधारित उद्योगों और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को विशेष गति मिली है। मंत्री काश्यप ने कहा कि कारोबार सुगमता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने देश में महत्वपूर्ण पहचान बनाई है तथा निवेशकों के लिए पारदर्शी और उद्योग समर्थक वातावरण तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस सहित यूरोपीय देशों के साथ मध्यप्रदेश की औद्योगिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है और ऐसे आयोजन वैश्विक निवेश, तकनीकी सहयोग और नवाचार को नई दिशा दे रहे हैं।

## भारत व फ्रांस के बीच दीर्घकालिक और भरोसेमंद साझेदारी हो रही मजबूत : मथाउ

भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी मथाउ ने कहा कि इंडो-फ्रेंच इन्वेस्टमेंट कॉन्क्लेव भारत और फ्रांस के बीच मजबूत होते आर्थिक एवं रणनीतिक संबंधों का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने अपनी उद्योग अनुकूल नीतियों और निवेश समर्थक वातावरण के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए नई संभावनाएं निर्मित की हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस और भारत के बीच दीर्घकालिक एवं भरोसेमंद साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है तथा दोनों देश आर्थिक सहयोग, नवाचार और तकनीकी विकास के क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत में 700 से अधिक फ्रांसीसी कंपनियां कार्यरत हैं, जो रोजगार सृजन, नवाचार और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स, ऑटोमोबाइल, कृषि, अधोसंरचना, रिटेल, जैव विविधता, शिक्षा और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में फ्रांस की कंपनियां मध्यप्रदेश के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए उत्साहित हैं।

## त्वरित निर्णय, तेज क्रियान्वयन की कार्य संस्कृति : सीएस जैन

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश निवेश आधारित औद्योगिक विकास को गति देने के लिए उच्च संभावनाओं वाले क्षेत्रों पर रणनीतिक रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने बाबई औद्योगिक क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वीकृति मिलने के तुरंत बाद परियोजना पर कार्य प्रारंभ हुआ और अल्प समय में ही पूरे औद्योगिक क्षेत्र का आवंटन कर 11 इकाइयों का भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि वस्त्र उद्योग सहित कई क्षेत्रों में तेजी से निवेश और विस्तार हो रहा है तथा उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए 18 नई क्षेत्रीय नीतियां लागू की गई हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि निवेश प्रक्रियाओं को पूरी तरह सरल और पारदर्शी बनाया गया है तथा फ्रांस की प्रमुख कंपनियों और वैश्विक संस्थाओं की मध्यप्रदेश में लगातार रुचि बढ़ रही है।

## मजबूत अधोसंरचना, निवेश अनुकूल वातावरण : सिंह

▪ औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी केंद्रीय भौगोलिक स्थिति के कारण देश के लगभग 50 प्रतिशत उपभोक्ता बाजार तक सहज पहुंच प्रदान करता है। मजबूत औद्योगिक अधोसंरचना, 31 गीगावाट विद्युत क्षमता, प्रचुर जल उपलब्धता, 8 एयरपोर्ट, 5 आर्थिक कॉरिडोर, विस्तृत सड़क नेटवर्क और एक लाख एकड़ से अधिक औद्योगिक भूमि मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश के लिए विशेष रूप से उपयुक्त बनाते हैं। वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश से फ्रांस को लगभग 290 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स, मशीनरी, फूड इंडस्ट्री अवशेष, एल्युमिनियम उत्पाद और टेक्सटाइल प्रमुख रहे।

▪ इंडो-फ्रेंच चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महानिदेशक सुश्री पायल एस. कंवर ने कहा कि मध्यप्रदेश फ्रांसीसी निवेश के लिए तेजी से उभरता हुआ विकास केंद्र है और यह कॉन्क्लेव व्यापार, नवाचार और सतत विकास के नए अवसरों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 6, अगरबत्ती कॉम्प्लेक्स, सांवेर रोड सेक्टर-ए, इंदौर से मुद्रित एवं 194 रेडियो कालोनी इन्दौर से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, प्रबंध संपादक व्ही. के. मिश्रा, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2009/35176.